जबलपुर, रविवार
05 अप्रैल 2026
वर्ष 31 अंक 279
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 3.00
www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

**सुविचार**

'काम ऐसा करो कि नाम हो जाए या फिर नाम ऐसा करो कि काम हो जाए।'

2 भविष्य से भेंट कार्यक्रम में एसपी...
5 सड़क चौड़ीकरण के काम में बाधा...
7 'आप' में हमले झेल रहे राघव चड्ढा...
11 प्रदेश में जनजातीय क्षेत्रों में होम-स्टे...

# इटारसी-बैतूल के बीच 22 किमी लंबा टाइगर कॉरिडोर मंजूर

नई दिल्ली/भोपाल

केंद्र सरकार ने मध्य प्रदेश के इटारसी-बैतूल इलाके में 22 किमी लंबे टाइगर कॉरिडोर को फोरलेन बनाने की मंजूरी दे दी है। इस प्रोजेक्ट की लागत 758 करोड़ रुपए निर्धारित की गई है। कॉरिडोर बनने से माल ढुलाई में लगने वाले समय में कमी आएगी। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट कर बताया कि मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग-46 के इटारसी-बैतूल सेक्शन के 22 किमी लंबे टाइगर कॉरिडोर को 4-लेन में विकसित किया जाएगा। इसके लिए 758 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। गडकरी ने कहा कि यह क्षेत्र कृषि का प्रमुख केंद्र है और यहां कोयला, तांबा, ग्रेफाइट तथा सीसा-जस्ता जैसे प्राकृतिक संसाधन प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। इस सेक्शन के 4-लेन बनने से माल ढुलाई का समय कम होगा, सड़क सुरक्षा बढ़ेगी और किसानों की बाजार व मंडियों तक पहुंच आसान होगी। केंद्रीय मंत्री के ट्वीट के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से बैतूल और आसपास के जिलों में विकास के नए रास्ते खुलेंगे और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इस परियोजना में जानवरों के सुरक्षित रूप से सड़क पार करने के लिए 11 खास अंडरपास और ओवरपास बनाए जाएँगे, जिससे आस-पास के वन्यजीव इलाकों में सड़क दुर्घटनाओं और जानवरों की मौत के मामलों में कमी आएगी। बाकी बचे 22 किमी के इस हिस्से को अपग्रेड करने के साथ ही, पूरा ग्वालियर-बैतूल कॉरिडोर एक 4-लेन वाला हाईवे बन जाएगा। इससे यात्रा का समय कम होगा, पहाड़ी इलाकों में सड़क सुरक्षा बेहतर होगी, और माधव नेशनल पार्क, रातापानी और सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व में इको-टूरिज़्म को बढ़ावा मिलेगा।


758 करोड़ से विकसित होगा फोर लेन

### 11 अंडरपास-ओवरपास बनेंगे

परियोजना के तहत जानवरों के सुरक्षित आवागमन के लिए 11 विशेष अंडरपास और ओवरपास बनाए जाएंगे। इससे आसपास के वन क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाओं और वन्यजीवों की मौत की घटनाओं में कमी आएगी। इस 22 किमी हिस्से के अपग्रेड होने के बाद पूरा ग्वालियर-बैतूल कॉरिडोर 4-लेन हाईवे में परिवर्तित हो जाएगा। इससे यात्रा का समय घटेगा, विशेषकर पहाड़ी क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा बेहतर होगी। साथ ही माधव नेशनल पार्क, रातापानी और सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में इको-टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा।

# प्रवासी मजदूरों और छात्रों को राहत

## वैध पहचान पत्र दिखाकर ले सकते हैं 5 किलो का सिलेंडर




नई दिल्ली (वार्ता)

सरकार ने प्रवासी मजदूरों और छात्रों को राहत देते हुए उनकी रसोई गैस की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि प्रवासी मजदूर और छात्र अपना वैध पहचान पत्र दिखाकर एलपीजी वितरक से 5 किलो का सिलेंडर ले सकते हैं। इसके लिए उनके पास पते का प्रमाण पत्र होना जरूरी नहीं है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने शनिवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि पांच किलोग्राम एफटीएल सिलेंडर निकटतम एलपीजी वितरकों के पास उपलब्ध हैं और किसी भी वैध पहचान पत्र के जरिये खरीदे जा सकते हैं। इसके लिए पते के प्रमाण की आवश्यकता नहीं है। पश्चिम एशिया संकट के मद्देनर सरकार पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, और लोग पेट्रोल और डीजल की घबराहट में खरीदारी तथा एलपीजी की अनावश्यक बुकिंग से बचें। पीएनजी को बढावा देने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है और पिछले महीने से अब तक 3.5 लाख से अधिक पीएनजी कनेक्शनों में गैस आपूर्ति शुरू की गयी है। सोमवार से उर्वरक संयंत्रों को गैस आपूर्ति छह माह की औसत खपत के लगभग 90 प्रतिशत तक बढाने का भी निर्णय लिया गया है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सहयोग से एलपीजी जमाखोरी और काला बाज़ारी पर कार्रवाई जारी है और शुक्रवार को 3700 से अधिक छापे मारे गये। सरकार ने यह भी कहा है कि समुद्री जहाज 'ग्रीन सानवी' 46,650 टन एलपीजी कार्गो लेकर होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर चुका है। पश्चिम एशिया क्षेत्र में फंसे 1,320 से अधिक भारतीय नाविकों की अब तक स्वदेश वापसी सुनिश्चित की गई है। इन देशों में भारतीय मिशन दिन रात काम करने वाली हेल्पलाइन संचालित कर रहे हैं और पूरे क्षेत्र में नागरिकों को सहायता प्रदान कर रहे हैं।

### वैकल्पिक ईंधन का प्रयोग करें

सरकार ने लोगों से कहा है कि वे जहां तक संभव हो पीएनजी, इंडक्शन और इलेक्ट्रिक कुकटॉप जैसे वैकल्पिक ईंधनों का उपयोग करें। एलपीजी की मांग पर दबाव कम करने के लिए केरोसीन और कोयले जैसे वैकल्पिक ईंधन विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं। कोयला मंत्रालय ने पहले ही कोल इंडिया और सिंगरेनी कोलियरियों को राज्यों को अधिक मात्रा आवंटित करने के आदेश जारी किए हैं, ताकि छोटे, मध्यम और अन्य उपभोक्ताओं को कोयला वितरित किया जा सके। राज्यों को घरेलू और वाणिज्यिक दोनों उपभोक्ताओं के लिए नए पीएनजी कनेक्शन की सुविधा प्रदान करने की सलाह दी गई है।

### एलपीजी विक्रय की स्थिति

**सरकार ने संकट-पूर्व स्तर के 70 प्रतिशत तक कुल वाणिज्यिक आवंटन करने का निर्णय लिया है, जिसमें 10 प्रतिशत सुधार आधारित आवंटन शामिल है। शुक्रवार को 71,000 से अधिक 5 किलोग्राम एफटीएल सिलेंडर बेचे गए और अब तक लगभग 5.7 लाख 5 किलोग्राम एफटीएल सिलेंडर बेचे जा चुके हैं। पिछली 14 मार्च से अब तक कुल 72047 टन वाणिज्यिक एलपीजी की बिक्री की गई है। उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देते हुए घरेलू पीएनजी और सीएनजी-परिवहन को 100 प्रतिशत आपूर्ति दी जा रही है।**

### 27 एलपीजी वितरक निलंबित

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों के अधिकारियों को आकस्मिक निरीक्षण प्रणाली को मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि जमाखोरी, कालाबाजारी की किसी भी घटना को रोका जा सके। इन कंपनियों ने अब तक एलपीजी वितरकों को 1000 कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। इसके अलावा, अब तक 27 एलपीजी वितरकों को निलंबित किया गया है। सरकार का कहना है कि मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के कारण एलपीजी आपूर्ति प्रभावित हुई है लेकिन एलपीजी वितरकों पर किसी भी प्रकार की कमी की सूचना नहीं है।



**लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का आरोप**

## चीनी कैमरों की निगरानी से लोगों को 'जोखिम' में डाल रही सरकार

**नई दिल्ली (वार्ता)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार चीनी सीसीटीवी कैमरों का इस्तेमाल कर रही है और जिन पर खुद उसने प्रतिबंध लगाया उन्हीं से निगरानी करवाकर जनता की जान जोखिम में डाल रही है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया फेसबुक पर शनिवार को एक पोस्ट में कहा कि सरकार से जब उन्होंने संसद में इस बारे में सवाल पूछा तो ठोस जवाब नहीं दिया गया। उनका कहना था कि सरकार ने हाल में चीनी सीसीटीवी कैमरों के सार्वजनिक उपयोग पर प्रतिबंध लगाया लेकिन सरकारी इमारतों के अंदर चीनी कैमरे अब भी लगे हुए हैं। प्रतिबंधित चीनी ऐप्स बदले हुए नामों के साथ फिर से सामने आ रहे हैं। विदेशी एआई प्लेटफॉर्म संवेदनशील डेटा प्रोसेस कर रहे हैं और सरकार के पास इन सबके बारे में कहने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा, मैंने संसद में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय से सवाल पूछा। जवाब में बहुत कुछ कहा गया लेकिन जो पूछा गया था उसका कोई जवाब नहीं मिला। हमारे कैमरे किन देशों से आए। उनमें से कितने सुरक्षा की दृष्टि से प्रमाणित हैं। कौन से विदेशी एआई प्लेटफॉर्म सरकारी डेटा प्रोसेस कर रहे हैं। कौन से प्रतिबंधित ऐप्स बदले नामों के साथ अब भी चल रहे हैं। मंत्रालय के जवाब में न कोई संख्या, न कोई जवाब, एक भी प्लेटफॉर्म का नाम तक नहीं। कांग्रेस नेता ने कहा कि पांच साल पहले यह मानने के बाद कि सरकार द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे 10 लाख चीनी कैमरे डेटा ट्रांसफर के जोखिम पैदा करते हैं, आज भी सरकार ने ये नहीं बताया कि आज जो कैमरे हम पर नज़र रख रहे हैं, वे सुरक्षित हैं या नहीं।

### कुएं में कार गिरने से 9 लोगों की मौत

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में एक कार के कुएं में गिरने से एक परिवार के छह बच्चों समेत 9 लोगों की मौत हो गई। हादसा शुक्रवार देर रात डिंडोरी शहर के शिवाजी नगर इलाके में हुआ। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित परिवार एक बैंक्वेट हॉल में फंक्शन में शामिल होने के बाद घर जा रहे थे, तभी उनकी कार वेन्यू के पास एक कुएं में गिर गई। लोग मौके पर पहुंचे और आधी रात को दो क्रेन और तैराकों की मदद से कार और उसमें सवार लोगों को बाहर निकाला।

### अनूपपुर में 4 मंजिला लॉज गिरी, 2 मौतें

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले के कोतमा बस स्टैंड के पास 4 मंजिला अग्रवाल लॉज अचानक गिरी। हादसे में दो लागों की मौत हो जाने की प्रारंभिक जानकारी मिली है। मलबे में कई मजदूर और लोगों के दबे होने की आशंका है। लॉज के गिरने से आसपास की कई दुकानों को भी नुकसान पहुंचा है। जानकारी के अनुसार, हादसा शनिवार की शाम लगभग 5.30 बजे हुआ। स्थानीय अधिकारी और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई है। रेस्क्यू जारी है।

### जहाज के रूट बदलने पर सरकार की सफाई

**नई दिल्ली।** ईरान से भारत आने वाले कच्चे तेल की खेप को चीन मोड़ने की खबरों पर सरकार ने स्पष्ट जवाब दिया है। शुक्रवार को खबर आई थी कि 'पिंग शुन' नाम का जहाज गुजरात के वाडिनार की ओर आ रहा था, लेकिन बाद में उसने अपना रुख बदलकर चीन के डोंगयिंग की तरफ कर लिया। मंत्रालय ने कहा है कि तेल के कारोबार में जहाजों का रास्ता बदलना सामान्य प्रक्रिया है। कई बार समुद्र में ही व्यापारिक और संचालन संबंधी कारणों से गंतव्य बदला जाता है। सरकार ने यह भी कहा कि मध्य पूर्व में तनाव के बावजूद भारत ने आने वाले महीनों के लिए कच्चे तेल की जरूरत पहले ही पूरी कर ली है।

### 398.36 करोड़ की ओएफसी परियोजना मंजूर

**नई दिल्ली (वार्ता)।** रेलवे ने पश्चिमी रेल में संचार अवसंरचना को मजबूत करने के लिए 398.36 करोड़ की ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) बैकबोन परियोजना को मंजूरी प्रदान की है। इस परियोजना तहत अहमदाबाद और रतलाम मंडलों में 4बाई48 ऑप्टिकल फाइबर केबल बैकबोन लगाने की मंजूरी प्रदान की गयी है। पश्चिमी रेलवे के लिए भी 2,800 करोड़ रुपये की लागत से एक सब-अम्ब्रेला वर्क मंजूर किया गया है, जिसके तहत इस परियोजना शुरू की गयी है। इस परियोजना के तहत पश्चिमी रेलवे में 1929 रूट किलोमीटर के दायरे में फाइबर वाली ओएफसी केबल बिछाई जाएंगी।

## इस चुनाव में केरलम को फायदा लेकिन मेरा नुकसान : प्रधानमंत्री



**तिरुवनंतपुरम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को केरलम के थिरुवल्ला में जनसभा की। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में केरलम को कुछ फायदा होने की संभावना है। लेकिन मेरे लिए पर्सनली, बहुत बड़ा नुकसान होगा। आप सोच रहे होंगे कि जब मोदी को नुकसान हो रहा है तो केरलम को कैसे फायदा हो सकता है? मतलब अनूप, जो यहां चुनाव लड़ रहे हैं, पिछले पांच सालों से मेरे साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने पूरे देश में घूमकर जानकारी और जानकारी इकट्ठा की है। एक तरह से, वह मेरे पक्के साथी रहे हैं और ऐसे काम के लिए मेरे दाहिने हाथ की तरह बन गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस गल्फ कंट्रीज को गाली देने का काम कर रही है, जिससे वे देश नाराज हो जाएं और वहां मौजूद भारतीयों को परेशानी हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां सबरीमाला रेलवे प्रोजेक्ट इस इलाके में नई संभावनाएं खोल सकता है। यह सबरीमाला से सीधी कनेक्टिविटी बढ़ाएगा, लोकल बिजनेस को नई रफ्तार देगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए रास्ते खोलेगा। जब बीजेपी की डबल इंजन वाली सरकार सत्ता में आएगी, तो ऐसी सभी रुकावटें दूर हो जाएंगी, यह मोदी की गारंटी है।

**युवा रोजगार के लिए परेशान-** आज केरलम में युवाओं का पलायन सबसे बड़ी चिंता है। यहां रोजगार के लिए इंडस्ट्री लगाने की जरूरत है। यहां सर्विस सेक्टर बने, स्टार्टअप को जगह मिले, सही वेल्यू मिले। लेकिन यहां सबसे बड़ी दीवार करप्शन और कम्युनिलज्म है। जब ये दीवार टूटेगी तभी केरलम का विकास होगा। इसके लिए एलडीएल और यूडीएल को हराना होगा।

## स्थानीय समुदायों की चिंताओं से बेखबर बुलडोजर आगे बढ़ रहा

**कांग्रेस ने ग्रेट निकोबार परियोजना को लेकर आदिवासियों पर पड़ने वाले असर पर केंद्र को घेरा**

**नई दिल्ली (वार्ता)।** कांग्रेस ने शनिवार को ग्रेट निकोबार द्वीप में केंद्र की महत्वाकांक्षी बुनियादी ढांचा परियोजना पर नये सिरे से चिंता जतायी। कांग्रेस ने सरकार पर निशाना साधते हुए है कि इस परियोजना से आदिवासी समुदायों पर बुरा असर पड़ सकता है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने एक बयान में सरकार के दृष्टिकोण की आलोचना करते हुए कहा कि विकास कार्य स्थानीय आदिवासी लोगों की पर्याप्त चिंता किए बिना आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने केंद्र पर जमीनी स्तर की आवाजों की अनदेखी करने का आरोप लगाया और कहा, स्थानीय समुदायों की चिंताओं से बेखबर बुलडोजर आगे बढ़ रहा है। रमेश ने सरकार के रुख में विसंगति की ओर भी इशारा किया। उन्होंने कहा, यहां एक मौलिक विरोधाभास है। मोदी सरकार का



दावा है कि ग्रेट निकोबार बुनियादी ढांचा परियोजना से जनजातियों को कोई परेशानी या विस्थापन नहीं होगा। तो फिर पुनर्वास योजना क्यों? स्पष्ट रूप से यह दावा झूठा है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित ग्रेट निकोबार बुनियादी ढांचा परियोजना, जिसे क्षेत्र के लिए रणनीतिक और आर्थिक मजबूती के रूप में प्रचारित किया जा रहा है, में एक ट्रांसशिपमेंट पोर्ट, हवाई अड्डा, टाउनशिप और बिजली बुनियादी ढांचे की योजना शामिल है। सरकार का तर्क है कि यह परियोजना शोंपेन और निकोबारी समुदायों सहित स्वदेशी जनजातियों के अधिकारों और आवासों की रक्षा करते हुए महत्वपूर्ण विकास लायेगी। विपक्षी दलों और कई कार्यकर्ताओं ने हालांकि पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों और कमजोर जनजातीय समूहों पर इसके संभावित प्रभाव को लेकर बार-बार परियोजना के पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने आगे बढ़ने से पहले अधिक पारदर्शिता, व्यापक परामर्श और सख्त सुरक्षा उपायों की मांग की है। कांग्रेस नेता की इस ताजा टिप्पणी ने विकास, पर्यावरणीय स्थिरता और जनजातीय अधिकारों से जुड़ी इस राजनीतिक बहस को और तेज कर दिया है।

## आरोपः खाद्यान्न उपार्जन, भंडारण और लॉजिस्टिक्स में 150 करोड़ का घोटाला



**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश में खाद्यान्न उपार्जन, भंडारण एवं लॉजिस्टिक्स व्यवस्था में व्याप्त व्यापक भ्रष्टाचार, प्रशासनिक विफलता और राजनीतिक संरक्षण पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह केवल कुप्रबंधन नहीं, बल्कि संगठित लूट का एक बड़ा तंत्र है, जिसने किसानों के अधिकारों और गरीबों की खाद्य सुरक्षा दोनों को खतरे में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि रायसेन जिले के वेयरहाउसों में 35 करोड़ रुपये की लागत से खरीदा गया लगभग 20,000 मीट्रिक टन गेहूं, रखरखाव और कीटनाशक के नाम पर 150 करोड़ रुपये का बोझ बनाकर सड़ने के लिए छोड़ दिया गया। 34 बार कीटनाशक छिड़काव के बावजूद अनाज का 'जहर' बन जाना इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि यह पूरा मामला फर्जी बिलिंग, घटिया सामग्री और अधिकारियों-ठेकेदारों की मिलीभगत का परिणाम है। उन्होंने ने कहा कि यह एक अकेला मामला नहीं है। पिछले चार वर्षों में प्रदेश में 10 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं सड़ चुका है, जिसमें से लाखों टन अनाज पूरी तरह नष्ट हो गया। इस सड़े हुए अनाज की नीलामी से भी सरकार को लगभग 200 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, जो सीधे तौर पर जनता के पैसे की बर्बादी है।

**मप्र राज्यसभा चुनाव** | **भाजपा उतार सकती है तीसरा प्रत्याशी**

## कांग्रेस की 'पक्की' सीट पर भाजपा की नजर

भोपाल

मध्यप्रदेश में होने वाले राज्यसभा चुनाव अब दिलचस्प मोड़ लेते नजर आ रहे हैं। विधानसभा की मौजूदा संख्या के आधार पर जहां दो सीटें भाजपा और एक सीट कांग्रेस के खाते में जाती दिख रही थीं, वहीं अब कांग्रेस की आसान मानी जा रही सीट पर भी सियासी गणित उलझता दिखाई दे रहा है। यह वही सीट है, जिस पर फिलहाल पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह सदस्य हैं और उनका कार्यकाल जून में समाप्त हो रहा है। दिग्विजय सिंह के दोबारा चुनाव न लड़ने के संकेत के बाद कांग्रेस में दावेदारी तेज हो गई है। फिलहाल मीनाक्षी नटराजन व कमल नाथ सहित कुछ अन्य नाम चर्चा में हैं। वहीं, पार्टी के भीतर दलित या आदिवासी चेहरे को मौका देने की मांग भी जोर पकड़ रही है। राज्यसभा की एक सीट जीतने के लिए 58 वोटों की आवश्यकता होती है। ऐसे में कांग्रेस के पास संख्या तो है, लेकिन पार्टी के भीतर असंतोष और संभावित क्रॉस वोटिंग उसकी मुश्किलें बढ़ा सकती है। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस के 4-5 विधायक भाजपा के संपर्क में बताए जा रहे हैं। इसी स्थिति का फायदा उठाते हुए भाजपा तीसरी सीट पर भी उम्मीदवार उतारने की रणनीति बना रही है। पार्टी के पास 164 विधायक हैं, जिनसे दो सीटें जीतने के बाद भी करीब 48 वोट बचते हैं। यदि कांग्रेस में क्रॉस वोटिंग होती है और कुछ अतिरिक्त समर्थन मिल जाता है, तो भाजपा तीसरी सीट पर भी जीत दर्ज कर सकती है।



### बदले समीकरण

विधानसभा के समीकरण हालिया घटनाओं से बदल गए हैं।

- दतिया विधायक राजेंद्र भारती की सदस्यता समाप्त होने के बाद 230 सदस्यीय सदन में कांग्रेस की संख्या घटकर 64 रह गई है।
- विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा के मतदान पर कोर्ट ने रोक लगा रखी है
- बीना विधायक निर्मला सप्रे का मामला लंबित होने के बावजूद उनका झुकाव भाजपा की ओर माना जा रहा है
- इन परिस्थितियों में कांग्रेस के प्रभावी वोट घटकर लगभग 62 रह गए हैं।

# भविष्य से भेंट कार्यक्रम में एसपी रामजी श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को किया प्रेरित, अनुशासन और आत्मनियंत्रण पर दिया जोर

शहडोल (स्वतंत्रमत)



मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार संचालित च्स्कूल चलें हमज्ज अभियान के अंतर्गत च्भविष्य से भेंटज्ज कार्यक्रम के तहत पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने सीएम राइज स्कूल एवं सांदीपनि विद्यालय, छतवई में पहुंचकर विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया और उन्हें शिक्षा, अनुशासन एवं उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक ऋ्षभ छारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात विद्यालय की प्राचार्या द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए समय का सदुपयोग, अच्छा चरित्र, अनुशासन और निरंतर प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नशा, बुरी आदतों तथा मोबाइल और इंटरनेट के दुष्प्रभावों से दूर रहने की सलाह देते हुए तकनीक का सकारात्मक उपयोग करने और अध्ययन पर पूर्ण ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक ने अपने अनुभवों और रोचक उदाहरणों के माध्यम से लगभग दो घंटे तक विद्यार्थियों और शिक्षकों को मंत्रमुग्ध बनाए रखा। उन्होंने प्रश्नोत्तरी के जरिए बच्चों को मोबाइल के सदुपयोग और दुरुपयोग के बीच का अंतर सरलता से समझाया और सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित भी किया। उन्होंने जीवन के दो महत्वपूर्ण स्तंभकृअध्ययन और कौशलकृपर प्रकाश डालते हुए समय प्रबंधन और लक्ष्य के प्रति समर्पण को सफलता की कुंजी बताया। चरित्र निर्माण के विषय में उन्होंने विशेष रूप से आत्मनियंत्रण के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि व्यक्ति को अपने भीतर स्थित च्नैतिक सीसीटीवीज्ज के माध्यम से स्वयं का आकलन करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतिदिन अपनी गतिविधियों का लेखा–जोखा रखने की सलाह दी, ताकि वे अपने अच्छे और सुधार योग्य कार्यों को पहचान सकें। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक ऋ्षभ छारी ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के प्रति समर्पण, बड़े लक्ष्य निर्धारित करने तथा आधुनिक तकनीकी साधनों का सार्थक उपयोग करने पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे, जिनका अधिकारियों ने सरल एवं प्रेरणादायक तरीके से उत्तर दिया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या अर्चना खरे सहित शिक्षक शिक्षिकाएं, स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में पुलिस अधीक्षक द्वारा विद्यार्थियों एवं स्टाफ के साथ मध्यान्ह भोजन ग्रहण किया गया तथा प्राचार्या द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस प्रेरणादायक आयोजन से विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति जागरूकता, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का संचार हुआ।

## अवैध खनन माफिया पर शिकंजा ट्रैक्टर सहित कोयला जब्त

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देशन एवं खनि अधिकारी के मार्गदर्शन में खनिज विभाग की टीम द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु जांच कार्यवाही की जा रही है। प्रभारी खनि निरीक्षक समयलाल गुप्ता के नेतृत्व में खनिज अमले द्वारा, सोहागपुर तहसील के क्षेत्रों में जांच की।



तहसील सोहागपुर अंतर्गत खनिज कोयला के अवैध उत्खनन परिवहन की शिकायतें प्राप्त हो रहीं थीं। उक्त शिकायतों को संज्ञान में लेकर खनिज विभाग के द्वारा क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान ग्राम नवलपुर तहसील सोहागपुर क्षेत्र अंतर्गत रपटा घाट से 1 वाहन ट्रैक्टर ट्राली की जांच की गई तो उसमे धान की पैरा पराली मे छुपाकर खनिज कोयले का परिवहन किया जाना पाया गया। उक्त वाहन ट्रेक्टर आयशर कम्पनी का था जिसमे नंबर प्लेट नहीं था तथा जिसका चेचिस क्रमांक 924314170051 पाया गया। उक्त वाहन को मय खनिज कोयला जब्त कर शासकीय अभिरक्षा थाना सोहागपुर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। संबंधित वाहन चालक एवं वाहन स्वामी के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण नियम 2022 के तहत प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर सतत निगरानी रखी जा रही है तथा भविष्य में भी इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## किताबी ज्ञान के साथ विद्यार्थियों को शिष्टाचार और संस्कार भी सिखाएं शिक्षक : कलेक्टर

### बच्चों से पूछे प्रश्न, सटीक उत्तर मिलने पर हुए प्रसन्न



शहडोल (स्वतंत्रमत)

मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार संचालित स्कूल चलें हम अभियान (2026–27) के अंतर्गत जिले में भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय मैकी में पहुंचकर विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया और उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। इस दौरान कलेक्टर ने शिक्षक की भूमिका निभाते हुए कक्षा में अध्यापन कराया तथा विद्यार्थियों से विलोम शब्द, पर्यायवाची, पहाड़े एवं सामान्य ज्ञान से जुड़े प्रश्न पूछे विद्यार्थियों द्वारा दिए गए सटीक उत्तरों पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के बिना कुछ भी संभव नहीं है और विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन तथा कड़ी मेहनत के माध्यम से अपने लक्ष्य प्राप्त करने चाहिए। कलेक्टर ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि किताबी ज्ञान के साथ–साथ विद्यार्थियों को शिष्टाचार और संस्कार भी सीखना चाहिए, यही उन्हें एक अच्छा नागरिक बनाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को बैग, पेन, कंपास सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री का वितरण भी किया और उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिन्हा, सहायक संचालक जनजातीय कार्य विभाग संजय पांडे, शाला की प्रधानाध्यापक जयश्री जायसवाल सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## 1 किलो 250 ग्राम गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

शहडोल (स्वतंत्रमत)

पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर एक आरोपी को अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। सूचना प्राप्त हुई कि बीरेश कुमार द्विवेदी उर्फ मुकेश द्विवेदी निवासी वार्ड न. 11 जूनिया टोला ब्यौहारी का अपने घर में काफी मात्रा में मादक पदार्थ गांजा विक्रय करने हेतु रखा है प्राप्त मुखबिर सूचना पर हमराह स्टाफ के जूनिया टोला ब्यौहारी रवाना रवाना होकर संदेही बीरेश कुमार द्विवेदी उर्फ मुकेश द्विवेदी के घर की तलाशी ली गई। जो संदेही के घर के किचन के कमरे में रैक के ऊपर एक टीने की पेटी के अंदर से मादक पदार्थ गांजा मिला जिसका वजन 01 किलो 250 ग्राम कीमती करीब 10,980 रूपये का होना पाया गया। आरोपी बीरेश कुमार द्विवेदी उर्फ मुकेश द्विवेदी पिता राजधर प्रसाद द्विवेदी उम्र 51 वर्ष निवासी वार्ड न. 11 जूनिया टोला ब्यौहारी को गिरफ्तारी किया जाकर आरोपी उपरोक्त के विरूद्ध अपराध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही विवेचना के दौरान आरोपी बीरेश कुमार द्विवेदी उर्फ मुकेश द्विवेदी पिता राजधर प्रसाद द्विवेदी उम्र 51 वर्ष निवासी वार्ड न. 11 जूनिया टोला ब्यौहारी को न्यायालय में पेश किया गया।

## कोल माफियाओं का आतंक, वन टीम पर हमला, अवैध कोयले से भरा ट्रैक्टर जब्त

शहडोल (स्वतंत्रमत)

वन संरक्षक वन वृत्त के निर्देशन एवं वनमण्डलाधिकारी दक्षिण श्रद्धा पन्द्रे के कुशल मार्गदर्शन में 29 मार्च समय शायं 07 बजे लगभग मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि वन परिक्षेत्र धनगवां अंतर्गत कुछ कोल माफियाओं द्वारा वनक्षेत्र कोयले का अवैध उत्खनन कर परिवहन कराया जा रहा है। वनमण्डलाधिकारी दक्षिण द्वारा तत्काल वन परिक्षेत्र एवं वन परिक्षेत्र गोहपारू के स्टाफ को जप्ती कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। वन परिक्षेत्र शहडोल एवं वन परिक्षेत्र गोहपारू के स्टाफ द्वारा बीट धनगवां गये जहाँ कोल माफियाओं द्वारा एक ट्रेक्टर वाहन से कोयले का अवैध उत्खनन कर परिवहन कराया जा रहा था। वन स्टाफ द्वारा उक्त वाहन ट्रेक्टर को रोकने का प्रयास किया गया जिसमें ट्रेक्टर चालक द्वारा वाहन ट्रेक्टर को नही रोका गया। तब वन स्टाफ द्वारा वाहन ट्रेक्टर का पीछा करते हुये ग्राम नवलपुर के पास घेरा बन्दी की गई। तब जाकर वाहन ट्रेक्टर चालक द्वारा ट्रेक्टर को रोका गया। जहाँ पर वाहन स्वामी सागर बैगा पिता राजू बैगा निवासी नवलपुर एवं अन्य वाहन स्वामी रंचू बैगा व कोल माफियाओं द्वारा वाहन को जबरजस्ती छुडवाने का प्रयास किया गया। तत्पश्चात वन स्टाफ द्वारा किसी तरीके से वहाँ जप्त कर वाहन को अपने सुपुर्द में लेकर नरसरहा डिपो के लिये रवाना हुये तभी कुछ दूर ग्राम धुरवार कोटा के पास पुनः कोलमाफियाओं के साथ 5–6 लोग मोटर साईकलों से आये तथा वाहन स्वामी स्वयं अपनी ओमनी वाहन सामने खड़ा कर वाहन छीनने के प्रयास के लिये वाहन चला रहे वाहन चालक राम भरोसे ढीमर एवं वाहन में सवार वनकर्मचारी विवेक यादव को लाठी डंडा से मारपीट किये। बचाव करते हुये वाहन में कोयला लोड ट्रेक्टर ट्राली सहित पुनः नरसरहा डिपो के लिये प्रस्थान किया गया। नेशनल हाईवे से कोतमा मार्ग बघेल ढाबा से जमुई के बीच पुनः उक्त कोलमाफिया वाहन चला रहे वाहन चालक एवं वाहन में सवार वन कर्मचारी विवेक यादव वनरक्षक को मारपीट व डंडा से लबादा चलाये। वन अमला आगे पीछे चल रहे थे पुनः कर्मचारी एकत्रित होते हुये ट्रेक्टर की ओर पहुँचने लगे माफिया लोग अंधेरे का फायदा उठाकर दूर भाग खड़े हुये। पुनः ट्रेक्टर को नरसरहा के लिये रवाना किया गया व सुरक्षित नरसरहा डिपो में खड़ा कराया गया। नरसरहा डिपो पहुँचकर वन स्टाफ द्वारा विधि संम्मत कार्यवाही करते हुये अवैध कोयला उत्खनन में संलिप्त वाहन जिसमें ट्रेक्टर का रजिस्ट्रेशन नम्बर नही है तथा ट्रेक्टर इंजन में चस्पा ट्रेक्टर का इंजन नम्बर एमआरएफएसएचईएन 1103 व चेचिस नम्बर एमबीएनजीएएईकेयूएमआरएफ 1067 में लोड अवैध कोयला 2.40 घ0मी0 के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण क्रमांक /20451/13 से 29 मार्च जारी किया गया। वन विभाग के विरूद्ध शासकीय कार्य में बाधा डालने के फलस्वरूप वन परिक्षेत्राधिकारी अपने कार्यालयीन पत्र क्रमांक/613 29 मार्च से पुलिस थाना सोहागपुर को पत्र लेख कर अवगत कराया गया। जिस पर विवेक यादव वनरक्षक बीटगार्ड कंचनपुर वन परिक्षेत्र वनमण्डल दक्षिण शहडोल की ओर से एफ.आई.आर. क्रमांक/ 130, 31 मार्च से आरोपी वाहन स्वामी सागर बैगा तथा रंचू बैगा व संतोष यादव के विरूद्ध बी0एन0एस0 के अंतर्गत धारा 296 (बी), 126 (2) 121 (1), 115(2), 351 (3), 3 एवं 5 कायम किया गया।

## नगर परिषद बरगवां गेट के पास मटन दुकान से रहवासियों में नाराजगी

**अमलाई (स्वतंत्रमत)।** नगर परिषद बरगवां के मुख्य गेट के पास संचालित मटन दुकान को लेकर स्थानीय रहवासियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। रहवासी क्षेत्र के बीच स्थित इस दुकान से फैल रही गंदगी और दुर्गंध के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि मटन दुकान के आसपास स्वच्छता का अभाव है, जिससे वातावरण दूषित हो रहा है और स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ रहे हैं। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को इससे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। रहवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि उक्त मटन दुकान को आबादी क्षेत्र से हटाकर किसी उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाए, ताकि लोगों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। वहीं, स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि प्रशासन इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही उचित कदम उठाएगा।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आए तीन किशोर

### एक की मौत, दो घायल

दमोह (स्वतंत्रमत)



खेत में फसल का रखरखाव कर रहे बच्चों पर गिरी गाज। जिसमें एक किशोर की हुई मौत दो की हालत गंभीर जिला अस्पताल में भर्ती गया किया। दरअसल बीते दिन मौसम में एकदम से बदलाव के कारण तेज तूफान एवं पानी का मौसम बन गया उसी दौरान तेज गर्जना के साथ गिरी बिजली ने एक परिवार के घर का माहौल गमगीन कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत खंचारी पटी गांव में शुक्रवार सुबह आकाशीय बिजली गिरने से बड़ा हादसा हो गया। खेत पर फसल की रखवाली कर रहे तीन किशोर बिजली की चपेट में आ गए। इस घटना में एक किशोर की इलाज के दौरान मौत हो गई जबकि दो अन्य का जिला अस्पताल दमोह में उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार खंचारी पटी निवासी विवेक पाल पिता मनोज पाल 10 वर्ष, यशवंत लोधी पिता स्व. हल्ले लोधी 16 वर्ष और घनश्याम लोधी पिता स्वर्गीय हल्ले लोधी 15 वर्ष शुक्रवार सुबह अपने दो अन्य साथियों के साथ खेत में रखी फसल की देखरेख कर रहे थे। इसी दौरान अचानक मौसम खराब हो गया और तेज बारिश के साथ गर्जना होने लगी। तभी अचानक आकाशीय बिजली गिर गई जिसकी चपेट में आकर तीनों किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिजन और ग्रामीण तत्काल तीनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल दमोह लेकर पहुंचे। यहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ऐश्वर्या प्रताप सिंह ने घायलों का इलाज शुरू किया। उपचार के दौरान घनश्याम लोधी की हालत गंभीर होने के कारण उसकी मौत हो गई जबकि विवेक पाल और यशवंत लोधी को अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। घटना से परिजनों में शोक की लहर व्याप्त है। घटना की सूचना मिलने पर दोपहर में नोहटा पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा व पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## एमएलबी संकुल केंद्र के वेतन पत्रक अटके

**हटा।** विकासखंड में करीब 1200 शिक्षकों का वेतन भुगतान विकासखंड शिक्षा अधिकारी बीईओ कार्यालय के माध्यम से किया जाता है लेकिन मार्च माह का वेतन अप्रैल में भी जारी नहीं हो सका है। नए शैक्षणिक सत्र में बजट आवंटन न मिलने के कारण वेतन प्रक्रिया पहले ही प्रभावित थीए वहीं अब पीएम श्री एमएलबी संकुल केंद्र से वेतन पत्रक समय पर बीईओ कार्यालय नहीं पहुंचने से मामला और उलझ गया है। जानकारी के अनुसार अन्य सभी संकुलों के वेतन पत्रक बीईओ कार्यालय में पहुंच चुके हैं लेकिन एमएलबी संकुल केंद्र के दस्तावेज अब तक जमा नहीं किए गए हैं। इससे कार्यालयीन प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है और शिक्षकों का वेतन अटका हुआ है। बताया जा रहा है कि मार्च माह में सागर जेडी द्वारा किए गए औचक निरीक्षण में स्कूल की विभिन्न मदों की कैश बुक अधूरी पाई गई थी। निरीक्षण के दौरान एक अतिथि शिक्षक द्वारा नाराजगी जताने पर जांच प्रतिवेदन में लापरवाह शिक्षकों को आधा वेतन देने का उल्लेख भी किया गया था। वहीं पूर्व में निलंबित प्राचार्य बीपी ठाकुर के हस्ताक्षर नहीं होने के कारण कैश बुक का कार्य अधूरा रह गयाए जिससे वेतन पत्रक तैयार करने में देरी हुई। नियम अनुसार 30 मार्च तक जमा होने वाले वेतन पत्रक 4 अप्रैल तक भी प्रस्तुत नहीं किए गए जिससे उच्चाधिकारियों के आदेशों की अनदेखी की स्थिति बन गई है। इस संबंध में बीईओ बीएल बिदौल्या ने बताया कि सभी संकुलों के वेतन पत्रक प्राप्त हो चुके हैं केवल एमएलबी संकुल केंद्र के पत्रक लंबित हैं। संकुल प्राचार्य को नोटिस जारी किया जा रहा है। वहीं संकुल प्रभारी एमएल तंतुवाय का कहना है कि वेतन पत्रक तैयार हैं लेकिन कुछ कार्यों में देरी होने के कारण समय पर जमा नहीं हो सके हैं।

## तस्करों से मुक्त कराए गए 100 से अधिक गौवंश



**हटा।** क्षेत्र में गौ रक्षा को लेकर एक बड़ी कार्रवाई सामने आई है। सुरभि गौ सेवा समिति के नेतृत्व में गैसाबाद, हटा एवं सिमरिया के गौ सेवकों और बजरंग दल के सहयोग से 100 से अधिक नंदी बैल को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया गया। जानकारी के अनुसार गौ तस्करी की सूचना मिलते ही गौ सेवक सक्रिय हो गए और कई किलोमीटर तक तस्करों का पीछा किया। इस दौरान हटा से सुरभि गौ सेवा समिति के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंचे और संयुक्त प्रयास से तस्करों को पकड़ लिया। बाद में आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। मुक्त कराए गए सभी नंदी को सुरक्षित रूप से गैसाबाद गौशाला लाया गया जहां उनकी देखभाल की जा रही है। इस पूरी कार्रवाई में गैसाबाद के स्थानीय ग्रामीणोंए गौ सेवकों एवं समिति के सक्रिय सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा। गौ सेवकों की इस सतर्कता और साहसिक प्रयास की क्षेत्र में व्यापक सराहना की जा रही है।

## मछली पकड़ने जा रहे मामा–भांजे की करंट लगने से मौत

### मगरोन थाना के धूमा गांव की घटना, मृतकों के परिजनों ने खेत मालिक पर लगाए आरोप

हटा (स्वतंत्रमत)

मगरोन थाना अंतर्गत आने वाले धूमा गांव में शनिवार दोपहर करंट लगने से मामा–भांजे की मौके पर मौत हो गई। दोनों मछली पकड़ने जा रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और तत्काल पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले को जांच में लिया है। मृतकों की पहचान अभिषेक पिता महादेव रैकवार 17 निवासी बागरोदा थाना बक्सवाहा और अस्सु पिता करण रैकवार 22 निवासी धूमा के रूप में हुई है। दोनों रिश्ते में मामा भांजे हैं। मृतक आशु रैकवार के भाई लखन रैकवार ने बताया कि शनिवार को हमारा भाई अस्सु और भांजा अभिषेक गेहूं की रखवाली करने के लिए गए थे। पास में सुनार नदी है जहां दोनों मछली पकड़ने जा रहे थे। वहां गिरधारी पटेल के खेत में तार पर कोई डोरी डली थी जिसमें कट था। जैसे ही भाई और भांजे ने लोहे का तार पकड़ा दोनों को करंट लग गया



और उनकी मौत हो गई। शव के पास मछली फंसाने का जाल एवं टीयूब भी पड़ा हुआ मिला है। उनके पास फोन आया तब उन्हें मामले की जानकारी लगी। लखन के अनुसार मामा–भांजे गेहूं की रखवाली करने गए थे लेकिन पास में ही सुनार नदी है, जहां वह जाल लेकर मछली पकड़ने भी जा रहे थे लेकिन नदी के पहले खेत पार करते समय यह हादसा हो गया।

**जांच में जुटी पुलिस** –भांजा अभिषेक शुक्रवार को ही गांव आया था और शनिवार को इस हादसे में उसकी मौत हुई। घटना के बाद परिजनों का रो.रो कर बुरा हाल है। फतेहपुर चौकी प्रभारी एएसआई आरएस ठाकुर घटनास्थल पहुंचे और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया अस्सु और अभिषेक दोनों मछली पकड़ने जा रहे थे। गिरधारी के खेत में करंट लगने से उनकी मौत हो गई। जैसे ही उन्हें सूचना मिली वह मौके पर पहुंचे मर्ग कायम कर शव पंचनामा कार्रवाई उपरांत मामले में जांच की जा रही है। जिसकी भी लापरवाही सामने आएगी उस पर कार्रवाई की जाएगी। मृतक अस्सु के पिता करण रैकवार का कहना है की उनका नाती और बेटा खेती देखने जा रहे थे। गिरधारी पटेल ने खेत में तार फैलाया था और तार में कहीं कट लगा था। बच्चों ने जैसे ही तार पकड़ा करंट लगने से उनकी मौत हो गई। उनकी मांग है कि गिरधारी पर कठोर कार्रवाई की जाए क्योंकि उनके घर के दो बच्चों की मौत हुई है। भांजा अभिषेक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। वहीं मृतक अस्सु दूसरे नंबर का पुत्र है वह भी तीन भाई थे।



# हितकारिणी वुमेंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन की छात्राओं ने सीटीईटी परीक्षा में किया अव्वल प्रदर्शन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी वुमेंस कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन की 11 प्रतिभाशाली छात्राओं ने सीबीएसई (केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड) द्वारा आयोजित सीटेट (केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा) फरवरी-2026 परीक्षा में सम्मिलित होकर शानदार सफलता अर्जित की है । इन छात्राओं की उपलब्धि ने न केवल उनके व्यक्तिगत परिश्रम को सिद्ध किया है, बल्कि महाविद्यालय का नाम भी गौरवान्वित किया है । बैच 2024-26 से सफल छात्राओं में राजुल साहू, अंजली पांडे, वैष्णवी तिवारी, सुरुचि जायसवाल, शालिनी ठाकुर एवं शिवांगी पटेल शामिल हैं ।

### महाविद्यालय ने दी बधाइयां

वहीं बैच 2023-25 से सफलता प्राप्त करने वाली छात्राओं में शीतलम पटेल, शिवानी मेहरा, तनीषा अरोरा, पुष्पलता साहू एवं सरोज कुमारी शामिल हैं । इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर महाविद्यालय शासी निकाय के अध्यक्ष, संदीप गोलछा तथा समस्त महाविद्यालय परिवार ने सभी छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए निरंतर प्रगति की प्रेरणा दी ।

# स्वास्थ्य विभाग घोटाला: दोषियों को जेल भेजने की मांग पर सपा ने किया प्रदर्शन

## पोस्टर जलाकर किया विरोध, सीएमएचओ के निलंबन पर बांटी मिठाई

जबलपुर (स्वतंत्र मत)




स्वास्थ्य विभाग में उजागर हुए फर्जीवाड़े मामले मेंस्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा को निलंबित कर दिया है। अब उनके इस निलंबन की पर समाजवादी के कार्यकर्ताओं द्वारा शनिवार को मिष्ठान का वितरण कर खुशी जाहिर की है। इस संबंध में सपा नेता आशीष मिश्रा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में पिछले काफी समय से चल रहे भ्रष्टाचार के खेल का भंडाफोड़ हो गया है। सरकारी फंड में हेराफेरी उजागर होने के बाद शासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए डॉ. संजय मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। आदेश के अनुसार, उन्हें निलंबन अवधि के दौरान भोपाल मुख्यालय में अटैच किया गया है। जाँच में पाया गया कि करोड़ों का भुगतान वित्तीय नियमों के विरुद्ध किया गया था। अब इस मामले की आंच जिला कार्यक्रम प्रबंधक और मुख्य फार्मासिस्ट तक पहुंच रही है। आशीष मिश्रा ने बताया कि इस घोटाले के सामने आते ही समाजवादी पार्टी आक्रामक हो गई है। प्रदेश सचिव आशीष मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मालवीय चौक पर जमकर नारेबाजी की और निलंबित का पोस्टर जलाकर विरोध दर्ज कराया। इतना ही नहीं, विक्टोरिया जिला अस्पताल के सामने कार्यकर्ताओं ने राहगीरों को मिठाइयां बांटकर इस भ्रष्ट अधिकारी की विदाई का जश्न मनाया।

### जनता के पैसे की बंदरबाट

प्रदर्शन के दौरान सपा प्रदेश सचिव आशीष मिश्रा ने तीखे सवाल दागते हुए कहा कि 4 करोड़ का घोटाला एक दिन में नहीं हुआ। जब जनता के हक के पैसे की बंदरबांट हो रही थी, तब उच्च अधिकारी और जिम्मेदार क्या कर रहे थे। यह सिर्फ निलंबन तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि दोषियों को जेल भेजना होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि भ्रष्टाचार के खिलाफ समाजवादी पार्टी की यह लड़ाई हमेशा जारी रहेगी। इधर, भोपाल से आई विशेष टीम ने जबलपुर में डेरा डाल दिया है। सूत्रों के मुताबिक कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए गए हैं, जिनसे इस घोटाले में शामिल कुछ और सफेदपोशों के चेहरे बेनकाब हो सकते हैं।

# खुमानताल में बनेगा टहलने के लिए पाथ-वे



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शहर के जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने और भूजल स्तर को सुधारने के लिए निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने महाराजपुर क्षेत्र का भ्रमण कर ऐतिहासिक खुमानताल तालाब एवं स्थानीय मुक्तिधाम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि नगर निगम का मुख्य लक्ष्य घरों का पानी घर में और शहर का पानी शहर में सहेजना है, ताकि वर्षाजल को संरक्षित किया जा सके । खुमानताल की स्थिति का जायजा लेते हुए निगमायुक्त ने तालाब के चारों तरफ सफाई करने के निर्देश अधिकारियों दिए । साथ ही तालाब के किनारे नागरिकों के भ्रमण के लिए पाथ-वे का निर्माण करने का आश्वासन उन्होंने दिया।

### व्यवस्थित मुक्तिधाम नागरिको के लिए है जरूरी

अंतिम संस्कार के लिए आने वाले परिजनों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसलिए मुक्तिधाम को पूर्ण रूप से व्यवस्थित करने निर्देश निगमायुक्त ने दिए।इस अवसर पर लक्ष्मण गोटियां, योगेंद्र सिंह यूके, कुणाल सिंह, संतोष दुबे, अमित साहू, अशोक रजक, बबलू जायसवाल, लक्ष्मण पाठक के साथ निगम के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# एसी के आउट-डोर चुरा ले गये चोर

जबलपुर।

**केण्ट कटंगा की एपीआर कालोनी में वारदात**

केण्ट थानातंर्गत कटंगा एपीआर कालोनी स्थित एक डॉक्टर के घर से अज्ञात चोर एसी के आउट-डोर चुरा ले गये। शिकायत पर पुलिस ने प्रकण्रा दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि कटंगा एपीआर कालोनी निवासी 35 वर्षीय हितेश लोकवानी ने बताया कि विगत 29 मार्च को घर का एसी बंद होने पर उन्होंने मैकेनिक को बुलाया था। जिसने छत पर जाकर देखा तो बताया कि आपके ए.सी. का आउट डोर यूनिट मशीन एवं केबल नहीं है। उक्त यूनिट को उसने करीब 09 साल पहले खरीदा था। जिसकी कीमती लगभग 15 हजार रूपये होगी। तब घर वालो एव आस पड़ोस के लोगो से पता किया और सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिये मैकेनिक को बताया। जिसके बाद 3 अप्रैल को सीसीटीव्ही कैमरा लगाने वाला मैकेनिक आया, जिसने बताया कि आपके ए.सी. का एक आउट डोर यूनिट नहीं है तब उसने जाकर देखा कि ए.सी. लायड कम्पनी का भी आउट डोर यूनिट एवं केबल नही था, जो करीब 05 साल पहले खरीदा था। जो कीमती लगभग 20 हजार रूपये का होगा। इस प्रकार घर के बाहर से उक्त दोनो ए.सी. के आउट डोर यूनिट कीमती कुल 35 हजार रूपये के कोई अज्ञात चोर चुरा ले गया। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# बैंक ऑफ इंडिया जबलपुर अंचल का मिश्रित व्यवसाय 8500 करोड़ के पार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)




बैंक ऑफ इंडिया के जबलपुर अंचल ने अपनी 52 शाखाओं के साथ मिलकर वित्तीय वर्ष 2025-26 में शानदार प्रदर्शन करते हुये 8500 करोड़ रुपये का कुल मिश्रित व्यवसाय को पार कर लिया। यह पिछले 2 वित्तीय वर्षों में हुये व्यवसाय की तुलना में 26 प्रतिशत अधिक है। आंचलिक प्रबन्धक रमेश कुमार एवं उप-आंचलिक प्रबन्धक संतोष सहाय ने उक्त जानकारी देते हुये अपने सभी ग्राहकों एवं अपने स्टाफ सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। आंचलिक प्रबन्धक रमेश कुमार ने बताया कि बैंक ऑफ इंडिया अपने मौजूदा एवं नये खाता धारकों को नियमानुसार बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के निम्नानुसार दुर्घटना (मृत्यु) बीमा कवर उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने बताया कि बचत खाते में कम से कम 10 हजार रुपये त्रैमासिक बैलेन्स रखने पर 10 लाख तक का दुर्घटना (मृत्यु) बीमा कवर, वेतन खाता रखने पर बिना किसी बैलेन्स के भी 50 लाख तक का दुर्घटना (मृत्यु) बीमा कवर, पेंशन खाता रखने पर बिना किसी बैलेन्स के भी 25 लाख तक का दुर्घटना (मृत्यु) बीमा कवर तथा करंट अकाउंट या चालू खाता पर 5 लाख तक का दुर्घटना (मृत्यु) बीमा कवर दिया जाता है। इसके अलावा भी बैंक ऑफ इंडिया के खाता धारकों को भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से भी जुड़ने की सुविधा उपलब्ध है। आंचलिक प्रबन्धक रमेश कुमार के मुताबिक वर्ष 2024 से अब तक तीन प्रकरणों में 50-50 लाख रुपये का दुर्घटना (मृत्यु) बीमा कवर दिया जा चुका है।

# समय पर इलाज न मिलने पर किशोर ने तोड़ा दम

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कुण्डम थाने में 48 वर्षीय टहल सिंह आर्मो निवासी ग्राम सलैया ,कुण्डम ने सूचना दी कि वह खेती किसानी करता है उसके 2 बेटे हैं दोनों की शादी नहीं हुई है। बेटे रात वह घर में था । तभी गांव के दीपक सिंह कुशराम ने घर आकर बताया गांव के स्कूल के पास रोड पर उसके लड़के महपाल का एक्सीडेंट हो गया उनके स्कूल जाने के पहले ही गांव के लोग उसके बेटे महपाल को लेकर उसके घर आ गये । उसने देखा बेटे महपाल को कई जगह चोट आयी थी । पर लड़का होश में था और बातचीत कर रहा था । रात हों जाने के कारण उस समय कोई डॉक्टर इलाजनके लिए नहीं मिल सकता था इसलिए उन्होंने सोचा कि महपाल को सुबह उपचार के लिए अस्पताल ले जायेगा, सुबह लगभग 4 बजे महपाल को एक्सीडेंट से आई चोटें के कारण दर्द बढ़ने लगा जिसे उपचार के लिए शासकीय अस्पताल कुण्डम लेकर गए जहां डाक्टर ने चैक कर उसके बेटे महपाल सिंह आर्मो को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद सूचना पर मर्ग कायम कर पुलिस ने मामला जांच में लिया।

## गांजा तस्करी के कारोबार में लिप्त तस्कर हुआ गिरफ्तार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पनागर थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार ने बताया कि रात भ्रमण के दौरान ग्राम निरंदपुर में एक युवक कत्था रंग का थैला लिये दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे दौड़कर पकड़ा गया, पूछताछ पर 18 वर्षीय युवक ने अपना नाम चेतन सिंह राजपूत निवासी ग्राम निरंदपुर बताया जिसके हाथ में रखे थैले की तलाशी लेने पर थैले में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा मिला, गांजा 646 ग्राम कीमती लगभग 32 हजार 300 रूपये का होना पाया गया । जिसे जब्त करते हुए आरोपी चेतन सिंह राजपूत के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# ईद मिलन से बढ़ता है सद्भावना और भाईचारा

जबलपुर



मुस्लिम समाज के पवित्र पर्व ईद के उपरांत शहर में विभिन्न स्थानों पर ईद मिलन समारोह आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नया मोहल्ला स्थित बंद कुआं में समाजसेवी हाजी नवेद नाजिम द्वारा भव्य ईद मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाबा मेराज अहमद जमाली, पीर बाबा कटनी के अध्यक्ष तनवीर खान तन्नू, समाजसेवी रईस वली, हाजी तौसीफ रजा, मतीन अंसारी, पठान समाज के सरदार हाजी मुईन खान, कुरैशी समाज के सरदार अमीन कुरैशी, हाजी निजामुद्दीन कुरैशी एवं हाजी कदीर पहलवान विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में हाजी नवेद नाजिम ने कहा कि ईद मिलन जैसे कार्यक्रम समाज में आपसी प्रेम, सद्भावना और भाईचारे को मजबूत करते हैं। ऐसे आयोजनों से देश में अमन, चैन, शांति और तरक्की का माहौल बनता है। इस अवसर पर पार्षद गुड्डू नबी, इश्तियाक अंसारी, शाबान मंसूरी, हाजी सलीम बून, हाजी सादिक खान आदि उपस्थित रहे।

## महाराणा प्रताप भवन के नवनिर्मित सभागार का आज होगा लोकार्पण

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** क्षत्रिय सभा रानीताल जबलपुर के महाराणा प्रताप भवन के नवनिर्मित सभागार का लोकार्पण एवं परिसर में स्थापित महाराणा प्रताप की भव्य अश्वारूढ मूर्ति का अनावरण आज 5 फरवरी को मंत्री राकेश सिंह द्वारा सायंकाल 5 बजे किया जाएगा। सभा के अध्यक्ष ठा. रज्जन सिंह बैस ने सभी सजातीय बंधुओं से सपरिवार उपस्थित होने की अपील की है।

## श्रीकान्त साहू बने भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने प्रदेश भाजपा की मीडिया टीम की घोषणा की है। प्रदेश की मीडिया टीम में जबलपुर से श्रीकान्त साहू को प्रदेश सह मीडिया प्रभारी बनाया गया है। इसके पूर्व श्रीकान्त साहू लगातार जबलपुर महानगर में जिला मीडिया प्रभारी रहे है, उनके कार्यशैली, अनुभव को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें प्रदेश सह मीडिया प्रभारी बनाया है। श्रीकान्त साहू को प्रदेश सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किये जाने पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, रत्नेश सोनकर, राजकुमार पटेल, सुमित्रा वाल्मीकि, आशीष दुबे, अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, अभिलाष पांडे, नीरज सिंह, संतोष बरकडे, जगत बहादुर सिंह अन्नू, अखिलेश जैन, अश्विनी परांजपे, आशा गोंटिया, रिंकू विज के साथ सभी जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओ ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# शहर में दहशत मचाने से पहले पकड़ा गया बदमाश

## लोडेड पिस्टल के साथ अरेस्त, लार्डगंज पुलिस की कार्यवाही

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



लार्डगंज पुलिस ने कछपुरा मालगोदाम के पास बीती देररात एक बदमाश को लोडेड पिस्टल के साथ उस वक्त दबोचा, जब वह किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था। पुलिस ने आरोपी के पास से पिस्टल व एक कारतूस जब्त करते हुए उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीती रात मुखबिर की सूचना पर कछपुरा मालगोदाम के पास दबिश दी गयी। जहां रेल्वे ट्रैक के पास निखिल नायडू सड़क में खम्बे के पास खड़ा दिखा, जो पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसकी तलाशी लेने पर पहने हुये जींस पैंट की जेब मे 1 पिस्टल रखे मिला। जिसे चैक करने पर पिस्टल में1 कारतूस लोड होना पाया गया। पुलिस ने आरोपी निखिल नायडू उम्र 28 वर्ष निवासी गंगासागर बीटी तिराहा गोकुलधाम काम्पलैक्स गढ़ा के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए पिस्टल के संबंध में पूछताछ शुरु कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी अपराधी प्रवृत्ति का है। जिसके विरूद्ध बलवा कर हत्या का प्रयास, अवैध वसूली, मारपीट व आर्म्स एक्ट के कई अपराध विभिन्न थानों में पजीबद्ध है। आरोपी को अवैध शस्त्र के साथ रंगे हाथ पकड़ने में उप निरीक्षक राहुल बघेल, सहायक उप निरीक्षक राजेश वर्मा, प्रधान आरक्षक ब्रम्हप्रकाश, आरक्षक पंकज सनोडिया, शुभम पटेल, आदर्श दुबे, हुलेश परस्ते की भूमिका रही।

# हाइवा ने कार को मारी टक्कर तिलवारा हाइवे पर हादसा

जबलपुर




तिलवारा थानातंर्गत नागपुर नेशनल हाईवे पर एक तेज रफ्तार हाईवा चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कार को टक्कर मार दी। जिससे कार अनियंत्रित होकर डिवाईडर क्रास कर रॉग साईड चली गई, जिससे कार में सवार एक युवक को चोटे आ गई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस को अधारताल जवाहर नगर निवासी 49 वर्षीय कुमार पंडित त्रिवेदी ने बताया कि वह रेल्वे विभाग जबलपुर में सीनियर सेक्शन इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। बीते दिवस अपने परिवार तथा मित्र प्रतीक जैन के साथ अपनी कार टाटा पंच कार से रामूजी वाटर पार्क से अपने घर जा रहा था। शाम लगभग 6-30 बजे वाटर प्लांट के सामने नागपुर नेशनल हाईवे पर पहुँचा, उसी समय पीछे से आ रहे बिना नम्बर का हाईवा डम्फर का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये ओवरटेक करते हुये ड्रायवर साईड उसकी कार में टक्कर मार दिया। जिससे उसकी कार अनियंत्रित होकर डिवाईडर को क्रास कर दूसरी तरफ चली गयी। जिससे उसक बाजू की सीट में बैठे प्रतीक जैन को सिर में चोट आयी तथा कार छतिग्रस्त हो गयी है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# धुएं का छल्ला उड़ाते हुए हवाई फायर करने वाले बदमाश पकड़ाए

**जबलपुर।** माढ़ोताल थानातंर्गत मरघटाई के पास सिगरेट पीते हुए पिस्टल से हवाई फायर करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने धर दबोचा। आरोपियों ने फायर करते हुए वीडियों बनाकर उसे वायरल किया था। जिस पर संज्ञान लेते हुए पुलिस ने उक्त कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ पूर्व से अपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक आईफोन व मोटर साइकिल जब्त करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर पिस्टल की बरामदगी के लिये रिमांड पर लिया है। पुलिस ने बताया कि विगत दिवस स्थानीय लोगों के मोबाईल पर एक वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में मरघटाई के पास टगर माढोताल में रोड किनारे रितिक जायसवाल निवासी टगर मरगघटाई के पास सत्यम होम्स माढोताल एवं प्रथम सिंह राजपूत निवासी कचनार सिटी विजय नगर खड़े होकर सिगरेट पीते हुये दिखे तथा रितिक जायसवाल पिस्टल से फायर करते हुये दिखा । उक्त सार्वजनिक स्थान आमरोड व रहवासी कालोनी होने उक्त स्थान पर आमजन का आवगमन सुचारू रूप से रहता है। रितिक जायसवाल के थाने में पिस्टल एवं रिवाल्वर लायसेंस के सम्बंध में चैक किया गया। लायसेंसदारानो में रितिक का नाम दर्ज होना नही पाया गया। रितिक जायसवाल द्वारा अपने साथी प्रथम सिंह के साथ खड़े होकर पिस्टल से फायर करने से आमजन के जीवन पर खतरा उन्पनन होना पाये जाने पर दोनों के विरूद्ध आर्म्स एक्ट एवं 125 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया। गठित टीम द्वारा सरगर्मी से तलाश करते हुये आरोपी रितिक जायसवाल उम्र 27 वर्ष निवासी टगर मरघटाई के पास सत्यम होम्स माढ़ोताल एवं प्रथम सिंह राजपूत उम्र 19 वर्ष निवासी कचनार सिटी विजय नगर को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी रितिक ने बताया कि उसने 3-4 माह पूर्व हनुमानताल निवासी जब्बार से उक्त पिस्टल ली थी। जिसे 2 दिन पूर्व जब्बार को ही वापस कर दिया है। आरोपी रितिक से 1 आई फोन, 1 याम्हा मोटर सायकिल जब्त करते हुए दोनों को न्यायालय में पेश कर रिमाण्ड पर लिया जा रहा है,ताकि पिस्टल की बरामदगी की जा सकें। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गये आरोपी प्रथम सिंह राजपूत के विरूद्ध अवैध वसूली एव मारपीट के 3 अपराध तथा रितिक के विरूद्ध पूर्व से हत्या के प्रयास का प्रकरण पंजीबद्ध है।

# सड़क चौड़ीकरण के काम में बाधा बना विद्युत मंडल, नगर पालिका द्वारा लाखों रूपए जमा करने के बाद भी लाइन नहीं कर रहे सिफ्ट

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

बिजली विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े होने लगे हैं। मामला मंडला नगर पालिका क्षेत्र का बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मंडला नगर पालिका द्वारा नेहरू स्मारक से बिंझिया चौराहे तक सड़क चौड़ीकरण के साथ टाईल्स पत्थर लगाने का कार्य किया जा रहा है। यहां पर लगे बिजली खंबो को सिफ्ट करने को लेकर बिजली विभाग द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। जबकि नगर पालिका के द्वारा लाखों रूपए की राशि बिजली विभाग के खाते में जमा की जा चुकी है। इसके बाद भी अब तक खंबे लाईन को सिफ्ट नही किया गया है। जिससे सड़क निर्माण का कार्य प्रभावित हो गया है। इस संबंध में नगर पालिका द्वारा लगातार विद्युत मंडल से सम्पर्क किया जा रहा है लेकिन अधिकारी सुनने को तैयार नही हैं इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष भी नाराज बताए जाते हैं वहीं स्थानीय पार्षद भी परेशान हैं आरोप है कि विद्युत मंडल के अधिकारी और कर्मचारी मनमर्जी से काम कर रहे हैं जब जिला मुख्यालय में यह हाल है तो अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में क्या हाल होंगे। वहीं जिस मार्ग का चौड़ीकरण सौन्दर्यीकरण किया जा रहा है इसी मार्ग में कैबिनेट मंत्री का शासकीय आवास भी बना हुआ है इसके बाद भी विद्युत मंडल द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। वहीं उपभोक्ताओं का आरोप है कि विभाग की मनमानी लापरवाही और गलत बिलिंग के चलते आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कहीं बिना सूचना बिजली काट दी जा रही है तो कहीं गलत बिल थमाकर उपभोक्ताओं को चक्कर लगवाए जा रहे हैं।




हालात यह हैं कि लोग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर काटते-काटते थक चुके हैं लेकिन सुनवाई नहीं हो रही। इन दिनों सबसे बड़ी समस्या गलत बिजली बिलों की सामने आ रही है। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि उनके घरों में सामान्य उपयोग के बावजूद हजारों रुपये के बिल थमा दिए गए हैं। कुछ मामलों में तो ऐसे उपभोक्ताओं को भी भारी-भरकम बिल भेजे गए हैं, जिनके घर महीनों से बंद पड़े हैं। स्थानीय निवासी बताते हैं कि पहले जहां उनका मासिक बिल 500 से 800 रुपये के बीच आता था वहीं अब अचानक 3 हजार से 10 हजार रुपये तक का बिल भेज दिया गया है। जब उपभोक्ता शिकायत लेकर विभागीय कार्यालय पहुंचते हैं तो उन्हें तकनीकी खामी या रीडिंग एरर बताकर वापस लौटा दिया जाता है। उपभोक्ताओं की एक और बड़ी शिकायत है कि बिजली विभाग बिना पूर्व सूचना के ही कनेक्शन काट देता है। कई बार बिल जमा करने के बावजूद भी लाइन काट दी जाती है। इससे खासकर छोटे दुकानदारों और किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। कृषि कार्य से जुड़े लोगों का कहना है कि सिंचाई के समय अचानक बिजली कट जाने से उनकी फसलें प्रभावित हो रही हैं। वहीं छोटे व्यवसायियों का कहना है कि दिनभर की कमाई बिजली पर निर्भर होती है ऐसे में बार-बार कटौती से उनका रोजगार प्रभावित हो रहा है। बिजली विभाग द्वारा शिकायतों के समाधान के लिए हेल्पलाइन और कार्यालय स्तर पर व्यवस्थाएं बनाई गई हैं लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि शिकायत दर्ज कराने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि उन्होंने ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से शिकायत दर्ज कराई लेकिन न तो कोई जांच हुई और न ही समस्या का समाधान हुआ। विभागीय कर्मचारी अक्सर एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर मामले को टाल देते हैं।

बिजली बिलिंग की गड़बड़ी का एक बड़ा कारण मीटर रीडिंग में लापरवाही भी माना जा रहा है। कई जगहों पर मीटर रीडर नियमित रूप से रीडिंग लेने नहीं पहुंचते और अनुमान के आधार पर बिल बना दिया जाता है। इससे उपभोक्ताओं को या तो ज्यादा बिल भरना पड़ता है या फिर अगले महीने एक साथ भारी राशि चुकानी पड़ती है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह समस्या और अधिक गंभीर है जहां महीनों तक मीटर रीडिंग नहीं होती। कुछ उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग के कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए हैं। उनका कहना है कि यदि कोई उपभोक्ता ज्यादा बिल को कम कराने या कनेक्शन जोड़ने की बात करता है, तो उससे सुविधा शुल्क की मांग की जाती है। हालांकि विभागीय अधिकारी इन आरोपों से इनकार करते हैं लेकिन लगातार सामने आ रही शिकायतें व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही हैं। ग्रामीण इलाकों में बिजली व्यवस्था की स्थिति और भी खराब बताई जा रही है। यहां न तो नियमित सप्लाई मिल रही है और न ही शिकायतों का समाधान हो रहा है। कई गांवों में दिनभर में केवल कुछ घंटे ही बिजली मिल पाती है।

ग्रामीणों का कहना है कि खराब ट्रांसफार्मर को बदलने में हफ्तों लग जाते हैं जिससे पूरा गांव अंधेरे में रहने को मजबूर हो जाता है। बच्चों की पढ़ाई से लेकर दैनिक जीवन तक पर इसका असर पड़ रहा है। जब इस संबंध में बिजली विभाग के अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने स्वीकार किया कि कुछ तकनीकी समस्याएं जरूर सामने आई हैं। उनका कहना है कि विभाग लगातार सुधार की दिशा में काम कर रहा है और जहां भी शिकायतें मिल रही हैं उनका निराकरण किया जा रहा है।

## पेंशनर एसोसिएशन की बैठक आज

**मण्डलाा (स्वतंत्रमत)।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन की वार्षिक बैठक आज दोपहर 1 बजे गोंड़ी पब्लिक ट्रस्ट में आयोजित की जायेगी। जिसमें वर्ष भर की सदस्यता पर विश्लेषण व जिले के समस्त विकासखंडों तहसील शाखाओं एवं जिला शाखा की वर्ष 2025-26 की सदस्यता सूची पर चर्चा की जाएगी। साथ ही आगामी सदस्यता वृद्धि पर विचार के अलावा जिले की सभी शाखों द्वारा आय -व्यय का विवरण अध्यक्षों द्वारा प्रस्तुत किया जावेगा। विगत माह फरवरी एवं मार्च में सेवानिवृत हुए पेंशनरों का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। विगत माह में मैहर में संपन्न हुए प्रांतीय सम्मेलन में जाने वाले प्रतिनिधियों का सम्मान एवं लिए गए निर्णय की जानकारी दी जावेगी। जिले के समस्त विकासखंडों के कार्य की समीक्षा की जावेगी तथा बैठक में अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय विचारणार्थ रखे जाएंगे। इस बैठक में जिले की समस्त शाखों के अध्यक्षों का आना अनिवार्य किया गया है जिला शाखा अध्यक्ष बीके राय ने अपील की है कि इस वार्षिक बैठक में सभी पदाधिकारी सदस्य गण उपस्थित होकर वार्षिक बैठक को सफल बनाएं।

## शिक्षकों ने लिया आंदोलन का निर्णय

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** 29 मार्च को भोपाल में परीक्षा के विरोध में प्रदेश स्तर पर 14 संगठनों ने मिलकर अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा का गठन किया है मोर्चा ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की समीक्षा करते हुए निर्णय लिया कि पूरे प्रदेश में जिला स्तर पर 8 अप्रैल को शासन के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। उसके पश्चात 11 अप्रैल को विकासखंड स्तर पर ज्ञापन सौंप कर विरोध दर्ज किया जाएगा तत्पश्चात 18 अप्रैल को संपूर्ण जिले के शिक्षक भोपाल में एकत्रित होकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे। साथ ही बैठक में आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने सर्वोच्च न्यायालय में जाकर पुनर्विचार याचिका दायर करने का निर्णय लिया। कर्मचारियों की मुख्य मांग शिक्षकों के लिए परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त करने हेतु मध्य प्रदेश सरकार उच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दाखिल करें एवं परीक्षा से शिक्षकों को राहत प्रदान की जावे। मध्यप्रदेश सरकार अध्यापक शिक्षक के लिए नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना का आदेश जारी करें।

## बीएसवीपी ने वॉलंटियर के रूप में दी सेवा

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल की गरिमामय उपस्थिति में बिछिया के कन्हारी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में बिछिया बीएसवीपी के सदस्यों ने वॉलंटियर के रूप में सेवा दी तथा राज्यपाल से भेंट की। इस अवसर पर मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मोहंती के मार्गदर्शन में तथा बीएसवीपी भागीरथ सेवा विकास परिवार के अध्यक्ष डॉ. अजय वंशकार के नेतृत्व में सिकल सेल मित्रों के सहयोग से वॉलंटियर के रूप में निःशुल्क सेवाएं प्रदान की गईं। भागीरथ सेवा विकास परिवार संस्था पिछले दस वर्षों से समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रही है। यह संस्था विशेष रूप से स्वास्थ्य जैसी प्रमुख समस्याओं पर निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर शीतल कुमार कछवाहा संतोष कुमार मरावी तारा मरावी सौरभ यादव विकास जायसवाल अमित ठाकुर ओमप्रकाश मरकाम उमेश झारिया ललित धुर्वे संदीप धुर्वे नैनसिंह धुर्वे हीरा लाल मरावी हनी ठाकुर समेत अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## आवेदन 31 मई तक आमंत्रित

**मण्डलाा (स्वतंत्रमत)।** संचालनालय खेल और युवा कल्याण मप्र 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च के मध्य आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों से राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को 10000 रूपए रजत पदक विजेता खिलाड़ी को 8000 रूपए एवं कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी को 6000 रूपए खेलवृत्ति राशि प्रदान करने का प्रावधान है। खेलवृत्ति के लिए आवेदन 31 मई तक स्वीकार किए जा सकेंगे। आवेदन संबंधित जिले के कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी मण्डला से प्राप्त कर सकते हैं। 31 मई के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

## कौरगांव में 51 फिट का ध्वज स्थापित

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** जिला मुख्यालय से 5 कि.मी. दूरी पर हिरदेनगर रोड़ पर स्थित ग्राम कौरगांव ऐहासिक प्राचीन मोनी बाबा मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव का पर्व हर वर्ष की तरह इस वर्ष अत्यंत श्रद्धा भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। ब्रह्ममुहूर्त आरती के शुभ क्षण प्रातः 3 बजकर 45 मिनट पर विशेष पूजा-अर्चना पश्चात प्रसादी वितरण किया गया मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही वहीं भक्तिमय वातावरण में डूबा नजर आया। दोपहर 12 बजे जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर 51 फिट ऊंचा झंडा यात्रा निकालकर गांव भ्रमण कर मंदिर प्रांगण में स्थापित किया गया। वहीं दोपहर 3 बजे से सुंदरकांड का पाठ के बाद शाम 7 बजे से महाआरती के पहश्चात प्रसादी वितरण किया गया। भक्तों ने विधि-विधान से भगवान हनुमान जी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और अपने जीवन में सुख-समृद्धि कामना की।

## शक्ति सम्मान से अलंकृत

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** विगत दिनों दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में प्रदेश की साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था स्वयंसिद्धा का शक्ति सम्मान समारोह 2026 आयोजित हुआ। भारतीय ज्ञान परंपरा में मातृशक्ति के योगदान पर आधारित यह कार्यक्रम दो सत्रों में संपन्न हुआ। प्रथम सत्र में मां सरस्वती के पूजन एवं अतिथि स्वागत के पश्चात् अतिथियों ने समाज में निरंतर महत्वपूर्ण हो रही नारी की भूमिका एवं व्यक्तित्व निर्माण में उनके योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए।

## शिक्षक रामस्वरूप नामदेव को दी विदाई

**मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)।** बिछिया नवीन माध्यमिक विद्यालय बम्हनी रैयत में पदस्थ शिक्षक रामस्वरूप नामदेव का सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह जन शिक्षा केन्द्र बिछिया द्वारा माध्यमिक शाला बम्हनी रैयत के प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आतिथ्य विकासखंड शिक्षा अधिकारी आतमजीत सिंह अहलूवालिया, संकुल प्राचार्य वीरेन्द्र परतेती विकासखंड स्त्रोत समन्वयक हेमराज मरावी,सरपंच सूरजवती मार्को,जनपद सदस्य मुन्ना लाल मरावी,रज्जू राय, कमल उइके के विशिष्ट आतिथ्य एवं जन शिक्षा केन्द्र के शिक्षकों पालकों, ग्रामवासियों, विद्यार्थियों व पारिवारिक सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन अर्चन व वंदना से प्रारम्भ हुआ मां की आराधना के बाद शिक्षक राम स्वरूप नामदेव के सम्मान में विद्यालय की प्रभारी रेखा नामदेव द्वारा गीत के माध्यम से अपनी बात रखी उपस्थित अतिथियों द्वारा भी नामदेव के सम्मान व उनके शिक्षकीय जीवन पर अपने अपने विचार रखे बीईओ आतमजीत सिंह अहलूवालिया ने कहा कि शिक्षा के प्रति समर्पित व कर्मठ बताते हुए उनसे प्रेरणा लेने की बात कही उन्होंने अपने अंदाज में प्रेरक पंक्तियों के माध्यम से शिक्षक नामदेव के सम्मान में अपनी बात रखी।आपके सहयोगी शिक्षक रहे राकेश नामदेव ने बताया कि आप उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्य के साथ ही पर्यावरण प्रेमी होने के साथ बहुत ही समय पाबंद शिक्षक रहे।

समय पूर्व विद्यालय पहुंचकर विद्यालय के पेड़ पौधों को संभालना आपकी दिनचर्या में था शिक्षकों द्वारा रामस्वरूप नामदेव का सम्मान शाल,श्रीफल व स्मृति चिन्ह से किया गया कार्यक्रम के अंत मे शिक्षक नामदेव को उपस्थित लोगों द्वारा बैंड बाजे, नाच गाने के साथ उनके घर तक ससम्मान विदा किया गया कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका रजनी मरावी व प्रहलाद साहू ने तथा आभार प्रदर्शन जनशिक्षक अनिल वाहने ने किया।

## कैरियर मार्गदर्शन कर बच्चों को दी जानकारी

मण्डला (स्वतंत्र मत)।

शासकीय हाईस्कूल बिंझिया में प्राचार्य मुकेश पांडे के मार्गदर्शन में भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित हुआ। एसडीएम सोनल सिडान ने विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित किया।




एसडीएम ने बच्चों को सफलता के मंत्र सीखने साथ ही विद्यार्थियों के साथ सीधा संवाद किया और शिक्षक की भूमिका निभाते हुए उन्हें कैरियर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। शिक्षकों की बातों को मानना चाहिए। अपने जीवन की सफलता में रहस्य को बताते हुए कहा कि शिक्षक परिवार की बेटी होने के कारण उन्हें अध्ययन के लिए अच्छा वातावरण मिला। इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद अपनी लगन और निरंतर मेहनत से ही उन्होंने जीवन में अपने निर्धारित लक्ष्य को पाया। उनकी स्कूलिंग शासकीय विद्यालयों में ही हुई। जीवन में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विद्यालय में आयोजित होने वाली पाठ सहगामी क्रियायो में विद्यार्थी सहभागी बने क्योंकि इससे व्यक्तित्व का विकास होता है। पाठ्यक्रम से अलग महान व्यक्तित्व की पुस्तकों का अध्ययन करे। उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे लक्ष्य निर्धारित कर और निरंतर परिश्रम से सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों के सवालों के जवाब दिए उन्हें प्रशासनिक सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने प्रश्न पूछ कर जिज्ञासाओं का समाधान पाया विद्यालय के नवप्रवेशी छात्रों को पाठ्य पुस्तक प्रदान की गई। संचालन अखिलेश उपाध्याय ने किया। इस दौरान शिक्षिका गायत्री शुक्ला ,योगेंद्र पटेल, अनिल पांडे, अंजू दुबे, सुलभा सालुमन सरोज महोबिया, पुष्पलता झरिया ने सहयोग प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया।



## विधिक जागरूकता कार्यशाला सम्पन्न

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** ग्राम पंचायत मक्के, जनपद नैनपुर में गुरूवार को हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन योजना अंतर्गत महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013, शी-बॉक्स पोर्टल एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। वन स्टॉप सेंटर प्रशासक सुश्री प्रेरणा मर्सकोले द्वारा बाल विवाह निषेध, महिलाओं की सुरक्षा, शासन की योजनाओं एवं शिकायत निवारण प्रक्रिया की जानकारी दी गई तथा आईईसी सामग्री वितरित की गई। साथ ही टिकाऊ खेती, पशुपालन एवं कौशल विकास योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। पैरालीगल वॉलेंटियर श्रीमती शिखा श्रीवास्तव ने निःशुल्क विधिक सहायता एवं टोल-फ्री नंबर 15100 की जानकारी दी। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

## अपर कलेक्टर ने कैरियर मार्गदर्शन में दी जानकारी

मण्डला (स्वतंत्र मत)।

पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महाराजपुर में आयोजित भविष्य से भेंट कार्यक्रम के अंतर्गत अपर कलेक्टर राजेंद्र कुमार सिंह ने छात्राओं से संवाद कर उन्हें प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान अपर कलेक्टर श्री सिंह ने छात्राओं से उनके लक्ष्य, रुचियों एवं करियर से जुड़े विषयों पर चर्चा की। उन्होंने छात्राओं को जीवन में अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच के महत्व को समझाते हुए कहा कि स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने से सफलता निश्चित रूप से प्राप्त होती है। उन्होंने छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं



की तैयारी समय प्रबंधन और आत्मविश्वास बढ़ाने के उपायों पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया। साथ ही उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षित होकर ही समाज और राष्ट्र के विकास में सार्थक योगदान दिया जा सकता है। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार ने अपर कलेक्टर का स्वागत किया तथा छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने प्रश्न भी पूछे। यह संवाद सत्र छात्राओं के लिए प्रेरणादायक एवं मार्गदर्शक साबित हुआ।

इस अवसर पर जिला कोषालय अधिकारी अखिलेश नेटी भी मौजूद थे। इसी क्रम में स्कूल चले अभियान के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल पड़ाव में भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## एकीकृत शाला ने मनाया प्रवेश उत्सव

मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)।

नवीन शिक्षण सत्र 2026-27 के प्रथम दिवस 1 अप्रैल को नगर परिषद उपाध्यक्ष रणधीर सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य पार्षद श्रीमती नारायणी साहू की अध्यक्षता में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर तिलक लगाकर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया उपाध्यक्ष रणधीर सिंह राजपूत एवं प्रभारी सीमा राजपूत के द्वारा नव प्रवेशी बच्चों को तिलक वंदन करके प्रवेश दिलाकर उनका स्वागत किया गया कार्यक्रम के अगले चरण में सत्र 2025-26 में 80 प्रतिशत से अधिक उपस्थित रहने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया प्रवेश उत्सव में शिक्षण सत्र 2025 26 में प्रत्येक कक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को कंपास फोरलाइन कॉपी एवं विभिन्न शिक्षण सामग्री देकर सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। शासन की योजना निःशुल्क पुस्तक वितरण के अंतर्गत सभी बच्चों को उपाध्यक्ष रणधीर सिंह राजपूत, पार्षद नारायणी साहू, एमआरसी माधुरी मोरघडे चंद्रगुप्त नामदेव प्रभारी सीमा राजपूत एवं संतोष ज्योतिषी, राजकुमारी वाल्के अशोक मुराली, अक्षय पटेल सभी ने बच्चों को पुस्तक वितरण कर शासन की योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया। बच्चों के द्वारा स्कूल चले हम पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए शाला को रंगोली वंदनवार एवं पुष्पों से सजाया गया।



## त्रैवार्षिक चुनाव को लेकर बैठक आयोजित

मण्डलाा (स्वतंत्र मत)।

कुर्मी समाज विकास संगठन के त्रैवार्षिक चुनाव को लेकर बिंझिया स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल मंगल भवन में बैठक आयोजित की गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि आगामी 12 अप्रैल को कुर्मी समाज विकास संगठन जिला मंडला के त्रैवर्षिक चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। जिले के विभिन्न ग्रामों की क्षेत्रीय इकाइयों के संगठन से जुड़े सदस्यों भाई बहनों प्रबुद्धजनों, मातृशक्तियों से विनम्र आग्रह किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में आगामी 12 अप्रैल को प्रात: 11 से आयोजित विशेष आमसभा में उपस्थित होकर समाज एवं संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। उल्लेखनीय है कि कुर्मी समाज विकास संगठन के प्रत्येक 3 वर्ष में आम सभा के माध्यम से विभिन्न पदों के लिए निर्वाचन होते हैं। इसी श्रृंखला में 12 अप्रैल को पुन: आमसभा आयोजित कर संगठन के निर्वाचन को संपन्न कराकर सामाजिक विकास के लिए समर्पित लोगों के निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न की जावेगी।

## मां रेवती महाविद्यालय कैंपस प्लेसमेंट कार्यक्रम

**मण्डलाा (स्वतंत्रमत)।** मां रेवती महाविद्यालय द्वारा कैंपस प्लेसमेंट कार्यक्रम का आयोजन कराया गया जिसमें ब्रेन चाइल्ड अकेडमी के सहयोग के साथ महाविद्यालय के छात्रों को रोजगार को लेकर अवसर प्रदान किया गया। निर्देशक डॉ अभिषेक चौबे एवं प्राचार्य डॉ कनिका खरे के मार्गदर्शन में संपन्न कराए गए इस कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापिका अपूर्वा मिश्रा द्वारा किया गया। ब्रेन चाइल्ड अकेडमी की कॉर्डिनेटर राजुल सिंहानी एवं सोनिया जैन द्वारा महाविद्यालय के छात्राध्यापकों का साक्षात्कार किया गया। महाविद्यालय के छात्राध्यापकों में भी उत्साह देखने को मिला तथा 25 छात्रों ने साक्षात्कार में भाग लिया। मां रेवती महाविद्यालय द्वारा पूर्व में भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कराया जा चुका है तथा आगे भी छात्रों को उज्जवल भविष्य प्रदान करने महाविद्यालय सतत प्रयासरत रहेगा। समस्त सहायक प्राध्यापकों की उपस्थिति में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।





## 'भविष्य से भेंट' पर दिया सफलता का मंत्र

मण्डला/नैनपुर(स्वतंत्रमत)।

नैनपुर अनुविभाग के अंतर्गत संचालित स्कूल चलें अभियान के तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नैनपुर आशुतोष महादेव सिंह ठाकुर ने भविष्य से भेंट कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल जामगांव का भ्रमण किया। इस अवसर पर श्री ठाकुर विद्यार्थियों के बीच पहुंचे और उनसे आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए उनके शैक्षणिक एवं व्यक्तिगत विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत परिचर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहने नियमित अध्ययन करने एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित करते हुए उज्वल भविष्य के निर्माण के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान श्री ठाकुर ने विद्यार्थियों को गणित, भौतिकी एवं रसायन शास्त्र विषयों का अध्यापन भी कराया, इससे विद्यार्थियों में विषयों के प्रति रुचि एवं समझ विकसित होगी। उनके द्वारा सरल एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से जटिल अवधारणाओं को स्पष्ट किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शैक्षणिक स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में नवीन उत्साह एवं आत्मविश्वास का संचार किया।

# चिलचिलाती गर्मी में शरीर को अंदर से ठंडा रखेंगे ये 5 नेचुरल ड्रिंक्स



गर्मियां आते ही लोग अपने शरीर को ठंडा रखने के लिए तरह-तरह की ड्रिंक्स का सेवन करते हैं। लेकिन उन्हें ये नहीं पता होता है कि उनके लिए ज्यादा अच्छी और हेल्दी ड्रिंक कौन-कौन सी हैं। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसी स्पेशल समर ड्रिंक्स के बारे में बताएंगे, जिसके सेवन से आपको गर्मी से राहत मिलेगी और आप कूल महसूस करेंगे। डिटॉक्स वाटर आपकी हाइड्रेशन को बढ़ाने में मदद करता है।

## 1. सौंफ वाला पानी

अगर आप अपनी रोजाना की डाइट में सौंफ का पानी ऐड करते हैं, तो इससे आपको कई तरह के फायदे मिलते हैं। सौंफ में एंटीऑक्सीडेंट्स और डाइजेस्टिव जैसे अनमोल गुण मौजूद होते हैं। इसलिए इसके सेवन से गट हेल्थ भी अच्छी होती है। इसे रातभर पानी में भिगोने के बाद सुबह खाली पेट छानकर पीने से गैस, अपच और एसिडिटी जैसी समस्याओं में राहत दिला सकती है।

## 2. छाछ के फायदे

गर्मियों में लोग शरीर को ठंडा रखने के लिए दही से बने छाछ का सेवन करते हैं। दही में प्रोबायोटिक जैसे गुण पाए जाते हैं, जो गट हेल्थ के लिए फायदेमंद बैक्टीरिया को हमारे शरीर में बढ़ाते हैं। इसका सेवन करने से पहले इसमें जीरा, काला नमक और पुदीना डालकर पीने से पाचन क्रिया को बेहतर बनाने में मदद मिलती है और हमारा शरीर भी ठंडा रहता है।

## 3. बेल से बना शरबत

गर्मी में शरीर को ठंडा रखने के लिए बेल का जूस पीना चाहिए इससे हमारे शरीर से गर्मी बाहर निकल जाती है जिससे हमारा शरीर पूरी तरह डिटॉक्स हो जाता है और आंत को अच्छी तरफ साफ रखता है। बेल का शरबत गर्मी में लू से बचाता है और कब्ज या दस्त जैसी समस्या होने से रोकता है।

## 4. अदरक, हल्दी और नींबू

अदरक हमारे शरीर में सूजन को कम करने में मदद करता हैं और मेटाबॉलिज्म को तेजी से बढ़ाता है। नींबू प्रीबायोटिक के रूप में काम करता है, इसके सेवन से पाचन क्रिया बेहतर होती है। इसके साथ ही हल्दी सेहत के लिए फायदेमंद मानी जाती है। 1 इंच अदरक, एक चुटकी हल्दी और आधा कटा हुआ नींबू । लीटर पानी में 30 मिनट के लिए भोगने के बाद इसे छानकर पी लें।

## 5. सेब और दालचीनी

दालचीनी का सेवन करने से ब्लड शुगर लेवल ठीक से काम करता है। इसके सेवन से फैट के मेटाबॉलिज्म को स्वस्थ रखने में मदद मिलती है। सेब में फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट होता है। इसके सेवन से वजन घटाने और त्वचा की उम्र बढ़ने से रोकने में मदद मिलती है। इसका जूस बनाने के लिए एक सेब को टुकड़ों में काटें और एक दालचीनी को । लीटर पानी में डालें और रात भर फ्रिज में रख दें। फिर सुबह उठकर इसे छानकर पी लें।

# गर्मी में ठंडा पानी पीना बढ़ा सकता है जान का खतरा

अनन्या मिश्रा

मार्च-अप्रैल के महीने में मौसम अक्सर अनिश्चित रहता है। कभी तेज धूप और कभी अचानक बारिश होती है। लेकिन एक छोटी सी लापरवाही आपके सेहत को बिगाड़ सकती है। इस मौसम में ठंडा पानी पीना भी सेहत के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। होली के बाद हल्की गर्मी होने लगती है। जिस कारण लोग ठंडा पानी पीना शुरूकर देते हैं। लेकिन हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो बदलते मौसम में गर्म और ठंडे पानी का संतुलित सेवन करना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि मौसम बदलने पर ठंडा पानी पीने से शरीर को कौन-कौन से नुकसान हो सकते हैं।

## पाचन संबंधी समस्या होना

- ठंडा पानी पीने से पाचन तंत्र प्रभावित होता है।
- खाना खाने के फौरन बाद ठंडा पानी पीने से गैस, पेट में ऐंठन - डकार जैसी समस्या हो सकती है।
- ठंडा पानी पाचन एंजाइम्स जैसी गतिविधि को धीमा कर देता है।
- ठंडे पानी के कारण खाना सही से पच नहीं पाता है।

## सर्दी-जुकाम और खराश

- ठंडा पानी पीने से गले में खराश और नाक बहने जैसी समस्या हो सकती हैं।
- बदलते मौसम में ठंडा पानी पीना खतरनाक हो सकता है। यह प्रतिरोधक क्षमता में गिरावट करता है, जिससे वायरल इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है।

## कमजोर इम्यूनिटी

- अगर आप लगातार ठंडा पानी पीते हैं, तो शरीर की इम्यूनिटी कमजोर हो सकती है।
- इम्यूनिटी कमजोर होने पर आपको सर्दी-जुकाम, बुखार और अन्य संक्रमण जल्दी पकड़ सकते हैं।
- एक्सपर्ट के मुताबिक बदलते मौसम में गुनगुना या फिर तापमान के मुताबिक पानी पीना चाहिए।

## माइग्रेन और सिरदर्द

- कुछ लोगों को ठंडा पानी पीने से सिर दर्द या फिर माइग्रेन की शिकायत हो सकती है।
- यह ब्रेन फ्रीज या फिर सिर में रक्त वाहिकाओं के संकुचन की वजह से होता है।
- अगर आपको माइग्रेन की समस्या है, तो आपको ठंडा पानी पीने से बचना चाहिए।

## हृदय पर असर होना

- अचानक से ठंडा पानी पीने पर ब्लड प्रेशर या रक्तस्त्राव में अस्थायी बदलाव आ सकता है।
- खासकर यह उन लोगों के लिए नुकसानदेह है, जिनको हृदय संबंधी समस्याएं हैं। उनको ठंडे पानी का सेवन करने से बचना चाहिए।



# पुरुषों के लिए 'साइलेंट' खतरा, रेड ब्लड सेल्स को खत्म कर रही ये जेनेटिक बीमारी

हमारा शरीर स्वस्थ रहे और सभी अंग सही तरीके से काम करते रहें, इसके लिए ब्लड सर्कुलेशन ठीक तरीके से होते रहना जरूरी होता है। ब्लड के जरिए सभी अंगों तक पोषक तत्व और ऑक्सीजन पहुंचता है। लेकिन कुछ स्थितियों में खून की कमी होने का खतरा बढ़ जाता है। जी6पीडी डिफिशिएंसी एक ऐसी स्थिति है, जिसको लेकर सभी लोगों को जागरुक होने की जरूरत है। जी6पीडी एक तरह का एंजाइम है, जो रेड ब्लड सेल्स को क्षतिग्रस्त होने से बचाता है। शरीर में इसकी कमी होने पर लाल रक्त कोशिकाएं तेजी से डैमेड होने लगती हैं।

यह रक्त कोशिकाएं ही फेफड़ों से पूरे शरीर में ऑक्सीजन ले जाने का काम करती है। शरीर में इसकी कमी होने पर खून की कमी या एनीमिया का खतरा बढ़ जाता है। बता दें कि जी6पीडी की कमी एक जेनेटिक बीमारी है, जो माता-पिता से विरासत में मिलती है। इस कारण से आपका जी6पीडी लेवल कम हो जाता है। इसका खतरा महिलाओं की तुलना में पुरुषों को अधिक होता है।



## जी6पीडी की कमी होने पर खतरा

मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि जी6पीडी की कमी होना काफी आम होता है। दुनियाभर में करीब 40 से 50 करोड़ लोग इस समस्या से प्रभावित हैं। अधिकतर लोगों में इसके लक्षण नहीं दिखते हैं। इसलिए समय रहते पहचान नहीं हो पाती है। कुछ दवाओं जैसे ट्रिगर की वजह से हीमोलिटिक एनीमिया जैसी गंभीर समस्या हो सकती है। इसमें कई सारे रेड ब्लड सेल्स क्षतिग्रस्त होकर डेड होने लगते हैं। जी6पीडी की कमी होने पर नए जन्मे बच्चों में गंभीर पीलिया हो सकती है। हेल्थ एक्सपर्ट की मानें तो जी6पीडी की कमी होने पर आमतौर पर कोई लक्षण नहीं नजर आते हैं। जब तक कि कोई ट्रिगर आपके रेड ब्लड सेल्स पर दबाव न डाले और उनके टूटने की वजह न बने।

## जी6पीडी की कमी की पहचान

- दिल की धड़कन का तेज होना
- सांस लेने में समस्या
- पेशाब का रंग गहरा पीला या फिर नारंगी होना
- अक्सर थकान और कमजोरी महसूस होना
- जब ऊपर बताए गए लक्षण तेज और गंभीर होते हैं, तो इसको हीमोलिटिक क्राइसिस कहा जाता है।

## क्यों होती है जी6पीडी की कमी

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक फवा बीन्स खाना सबसे आम ट्रिगर हो सकता है। अगर जी6पीडी की कमी वाला व्यक्ति फवा बीन्स का सेवन करता है, तो उसको हीमोलिटिक एनीमिया हो सकता है।

टाइफाइड बुखार, हेपेटाइटिस-ए, हेपेटाइटिस-बी और निमोनिया की वजह से भी यह ट्रिगर होता है।

शराब और स्मोकिंग भी आपके लिए मुश्किलें बढ़ा सकता है।

## ऐसे ठीक करें ये समस्या

- बता दें कि जिन मरीजों को सीबीसी टेस्ट बार-बार लो रहता है। तो उनमें जी6पीडी की कमी को चेक करने के लिए डॉक्टर टेस्ट कर सकते हैं।
- वैसे तो इसकी कमी का कोई इलाज नहीं हैं, लेकिन इसको ट्रिगर करने वाली चीजों से बचाव करके आप इसके जोखिम को कम कर सकते हैं। वहीं जिन लोगों को पीलिया की समस्या होती है, उनको डॉक्टर दवा और अन्य उपचार दे सकते हैं।
- जी6पीडी की कमी वाले लोगों को कभी पता नहीं चलता क्योंकि उनमें लक्षण नहीं होते हैं। लेकिन जिनका ब्लड काउंड हमेशा कम रहता है, उनको डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए।



# पैरों की खूबसूरती बढ़ा देंगे पीकॉक पैटर्न पायल

अगर आप भी अपने पैरों की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए पैरों में पायल पहनती है, लेकिन लेटेस्ट पायल डिजाइंस को लेकर कन्फ्यूज हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है।

## स्टोन वर्क

इन दिनों पीकॉक पैटर्न पायल काफी ट्रेंड में हैं। ऐसे में अगर आप भी पायल की तलाश में है, तो एक जैसे पायल पहनने के बजाय आप इस तरह के लेटेस्ट मोर वाले पायल को ट्राई कर सकती हैं। यह पैरों की खूबसूरती को दोगुना कर देंगी।

## पीकॉक चेन पायल

अगर आप शादीशुदा हैं और अपने पैरों को खूबसूरत बढ़ाने के लिए बिछिया के साथ-साथ एक से एक पायल भी पहनना पसंद करती हैं, तो आप इस तरह की मोर पीकॉक चेन पायल डिजाइन को शामिल कर अपने पैरों को अट्रैक्टिव बना सकती हैं। ऐसे पायल इन दिनों काफी ट्रेंड में हैं।

## थ्री लेयर पीकॉक

आप चाहें, तो भीड़ से हटकर दिखने के लिए और अपने पैरों की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए थ्री लेयर पीकॉक डिजाइन पायल को भी ट्राई कर सकती हैं। ऐसे पायल डिजाइंस आपके पैरों की खूबसूरती को दोगुना करने में मदद करेंगे। इस तरह के पायल को आप नजदीकी बाजार में किसी सुनार की दुकान से चांदी में बनवा सकती हैं।



ट्रेंडिंग और सुंदर आर्टिफिशियल ज्वेलरी शादी, पार्टी, फेस्टिवल या रोजमर्रा के लिए परफेक्ट रहती हैं। बिना भारी खर्च के आप अपने लुक को ग्लैमरस, ट्रेडिशनल और स्टाइलिश बना सकती हैं।

## कम खर्च में आपको भी मिलेगा रॉयल लुक

# ट्रेडिशनल और स्टाइलिश आर्टिफिशियल ज्वेलरी

**आजकल फैशन और बजट दोनों को ध्यान में रखते हुए आर्टिफिशियल ज्वेलरी पर ज्यादा भरोसा किया जा रहा है। यह कीमत में काफी सस्ती और देखने में बेहद शानदार लगती हैं। ट्रेंडिंग और सुंदर आर्टिफिशियल ज्वेलरी शादी, पार्टी, फेस्टिवल या रोजमर्रा के लिए परफेक्ट रहती है। चलिए जानते हैं बिना भारी खर्च के आप अपने लुक को कैसे ग्लैमरस, ट्रेडिशनल और स्टाइलिश बना सकती हैं।**



## इमिटेशन गोल्ड ज्वेलरी

डेली वियर के लिए इमिटेशन गोल्ड ज्वेलरी हल्की, सिंपल और स्टाइलिश दिखती है। इसमें मिनिमल गोल्ड-टोन स्टड ईयररिंग्स, पतली गोल्ड प्लेटेड चेन-पेंडेंट, स्लिम गोल्ड बैंगल्स के कई सारे ऑप्शन मिल जाएंगे।



## कुंदन और पर्ल

कुंदन और मोती का क्लासिक कॉम्बिनेशन हल्का पर शानदार लुक देता है। यह पारंपरिक और वेस्टर्न दोनों आउटफिट में जंचता है। साड़ी और लहंगा के साथ चोकर काफी ग्लैमरस लगता है। मांग टीका के साथ भी अपना लुक कम्प्लीट कर सकती हैं।

## टेम्पल ज्वेलरी

टेम्पल ज्वेलरी नॉर्मल गोल्ड ज्वेलरी से बहुत अलग होती है। इसमें डल गोल्ड का इस्तेमाल किया जाता है, साथ ही खूबसूरत सी नक्काशी की जाती है, जिसमें भगवान के चित्र बने होते हैं। दुल्हनें इसके ट्रेडिशनल डिजाइन बेहद पसंद करती हैं।

## पोल्की और स्टोन वर्क

पोल्की स्टाइल का स्टोन वर्क लुक में ग्रेस लेकर आते हैं। रेड/गोल्ड/ग्रीन रंग के स्टोन्स लहंगे पर शानदार दिखते हैं। पार्टी या शादी के लिए यह एकदम परफेक्ट चॉइस है।

## लेयर्ड नेकलेस

कई लेयर्स में नेकलेस मॉडर्न + ट्रेडिशनल फ्यूजन लुक देते हैं। छोटे + लंबे नेकलेस एक साथ पहनने से आउटफिट को हाई-फैशन टच मिलता है। फंक्शन या पार्टी के अनुसार से आप ऑप्शन चुन सकती हैं।

## एंटीक सिल्वर-टोन ज्वेलरी



गोल्ड की जगह अगर कुछ अलग चाहिए तो एंटीक/ऑक्सिडाइज्ड पर भरोसा करें। पारंपरिक के साथ वेस्टर्न आउटफिट पर भी जचता है। ऑक्सिडाइज्ड ज्वेलरी अनारकली, जींस, कुर्ता, गाउन सब पर सुंदर लगती है।

## खास स्टाइलिंग टिप्स

- एक ही पीस में फोकस- अगर नेकपीस भारी है तो ईयररिंग्स हल्के।
- मांगटीका या पासा-शादी में ओल्ड वर्ल्ड ग्लैम।
- कलर मैचिंग-आउटफिट के रंग से स्टोन मैच करें
- चोकर और स्टेटमेंट ईयररिंग्स- क्लासी लुक

## कांच स्टोन वर्क

रंग-बिरंगे कांच/स्टोन हाई-इम्पैक्ट डालते हैं। यह आजकल काफी ट्रेंड में हैं। रेड/ग्रीन/ब्लू आउटफिट के साथ शानदार कॉन्ट्रास्ट बेमिसाल लगता है। यह साबित करता है कि गोल्ड स्टोन के बिना भी आप शानदार लग सकती हैं।



# सिंपल साड़ी को अट्रैक्टिव बनाएंगे राजस्थानी ब्लाउज

अधिकतर महिलाएं खासकर भारतीय महिलाएं साड़ी ना पहने ऐसा तो हो ही नहीं सकता है। महिलाओं को साड़ी पहनना बहुत पसंद होता है। ऐसे में अपने साड़ी लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए वे एक से एक ब्लाउज जरूर शामिल करती हैं।





## स्वीटहार्ट नेकलाइन

अगर आप किसी खास इवेंट फंक्शन या शादी में जाने वाली हैं और ऐसे में स्टाइलिश लुक पाना चाहती हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप किसी भी सिंपल साड़ी के साथ मैचिंग कंट्रास्ट इस तरह का राजस्थानी स्वीटहार्ट नेकलाइन चोकर स्टाइल कॉलर ब्लाउज शामिल कर सकती हैं।

## मल्टी कलरफुल स्लीव

आप चाहें, तो भीड़ से हटकर दिखने के लिए और अपने साड़ी लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए इस तरह की खूबसूरत राजस्थानी मल्टी कलरफुल स्लीव हाई नेक ब्लाउज को भी आप शामिल कर सकती हैं। ऐसे ब्लाउज डिजाइंस इन दिनों काफी ट्रेंड में है, जो महिलाओं की पहली पसंद बने हुए हैं।

## कटवर्क बॉर्डर ब्लाउज

अगर आप किसी खास इवेंट या फंक्शन में जाने वाली हैं और अपने लुक को स्टाइलिश बनाने का सोच रही हैं, तो साड़ी के साथ आप इस तरह के राजस्थानी डीप स्वीटहार्ट नेकलाइन कटवर्क बॉर्डर ब्लाउज को भी शामिल कर सकती हैं।

## डीप स्क्वायर नेक

अगर आप किसी खास मौके के लिए साड़ी पहनने वाली हैं, लेकिन ब्लाउज डिजाइन को लेकर कन्फ्यूज हैं, तो अब एक जैसे सिंपल ब्लाउज ट्राई करने के बजाय आप इस तरह के लेटेस्ट राजस्थानी चोली कट डीप स्क्वायर नेक ब्लाउज को भी शामिल कर सकती हैं। ऐसे ब्लाउज खूबसूरती बढ़ाएंगे।

## जैकेट स्टाइल ब्लाउज

यही नहीं इन दिनों इस तरह के राजस्थानी चोली कट स्वीटहार्ट नेकलाइन जैकेट स्टाइल ब्लाउज भी काफी ट्रेंड में है और अधिकतर महिलाओं की पहली पसंद बने हुए हैं। आप किसी भी साड़ी के साथ मैच कर इस तरह के ब्लाउज को बनवा सकती हैं या ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट से खरीदकर सकती हैं।



# 'आप' में हमले झेल रहे राघव चड्ढा का पलटवार- घायल हूं, इसलिए घातक हूं

नई दिल्ली

राज्यसभा में पार्टी के उपनेता पद से हटाए गए आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा ने नरम मुद्दों को उठाने के आरोपों के जवाब में अपने बचाव में एक और वीडियो जारी किया है। वीडियो के साथ उन्होंने एक्स पर लिखा कि मैं बोलना नहीं चाहता था, मगर चुप रहता तो बार-बार दोहराया गया झूठ भी सच लगने लगता। उन्होंने कहा कि कल से मेरे खिलाफ एक सुनियोजित अभियान चल रहा है। वही भाषा, वही शब्द, वही आरोप। यह कोई संयोग नहीं, बल्कि एक सुनियोजित हमला है।

आप नेता ने कहा कि पहले तो मैंने सोचा कि मुझे जवाब नहीं देना चाहिए। फिर मैंने सोचा कि अगर झूठ को सौ बार दोहराया जाए, तो शायद कुछ लोग उस पर विश्वास कर लें। इसलिए मैंने जवाब देने का फैसला किया। आम आदमी पार्टी ने तीन आरोप लगाए हैं और कहा है कि इन तीन आरोपों के कारण वे राघव चड्ढा को संसद में बोलने का मौका नहीं देंगे। पहला आरोप यह है कि जब विपक्ष संसद से वॉकआउट करता है, तो राघव चड्ढा वहीं बैठे रहते हैं। वे वॉकआउट नहीं करते। यह सरासर झूठ है।



इसके साथ ही उन्होंने कहा कि दूसरा आरोप यह है कि राघव चड्ढा ने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव, उन्हें हटाने की याचिका पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। यह भी एक सरासर झूठ है। आम आदमी पार्टी के किसी भी नेता ने मुझसे इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने के लिए नहीं कहा-न औपचारिक रूप से और न ही अनौपचारिक रूप से। और राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के कुल 10 सांसद हैं, जिनमें से छह या सात ने खुद इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर नहीं किए। तो इसमें मेरी क्या गलती है? सारा दोष मुझ पर ही क्यों मढ़ा जा रहा है?

उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मैं संसद में शोर मचाने, चिल्लाने, माइक्रोफोन तोड़ने या गाली-गलौज करने नहीं गया था। मैं वहां जनता के मुद्दों को उठाने गया था। उन्होंने यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी द्वारा उन्हें डरपोक कहना गलत है। उन्होंने कहा कि मैं संसद में चिल्लाने, तोड़फोड़ करने या गाली-गलौज करने नहीं गया हूं। मैं वहां लोगों के मुद्दे उठाने गया हूं। पंजाब के पानी से लेकर दिल्ली के प्रदूषण, महंगाई, बेरोजगारी, महिलाओं के मासिक धर्म अवकाश तक - मैंने कई मुद्दे उठाए हैं। चड्ढा ने अपने उत्तर का समापन 'धुरंधर' के संदर्भ से किया- सारे झूठ जल्द ही बेनकाब हो जाएंगे; घायल हूं इसी वजह घातक हूं।

मैं बोलना नहीं चाहता था, मगर चुप रहता तो बार-बार दोहराया गया झूठ भी सच लगने लगता।

## ट्रंप का दावा फुस्स...

# दो दशक बाद अमेरिका को बड़ा झटका, कैसे ईरान ने गिराए यूएस के फाइटर जेट

नई दिल्ली

ईरान और अमेरिका के बीच जारी संघर्ष के बीच ईरान द्वारा अमेरिकी लड़ाकू विमानों को मार गिराने का दावा चर्चा में है। यह घटना इसलिए अहम मानी जा रही है क्योंकि पिछले 20 साल में ऐसा बहुत कम देखने को मिला है। इससे यह भी संकेत मिलता है कि लगातार हमलों के बावजूद ईरान की सैन्य क्षमता पूरी तरह खत्म नहीं हुई है।

अमेरिका और इजरायल के हमलों के करीब पांच हफ्ते बाद यह घटनाएं सामने आईं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने हाल ही में कहा था कि ईरान की मिसाइल और ड्रोन क्षमता काफी कमजोर हो चुकी है, लेकिन इन घटनाओं ने उस दावे पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, ईरान ने एक एफ-15 ई स्ट्राइक ईगल लड़ाकू विमान को मार गिराया। इसमें एक सैनिक को बचा लिया गया, जबकि दूसरे की तलाश जारी है। वहीं ईरानी मीडिया ने यह भी दावा किया कि एक ए-10 वार्थोग विमान भी हमले में क्षतिग्रस्त होकर फारस की खाड़ी क्षेत्र में गिर गया।

ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड द्वारा जारी फुटेज से संकेत मिलता है कि इन हमलों में पारंपरिक



रडार के बजाय ऑप्टिकल और इंफ्रारेड तकनीक का इस्तेमाल किया गया। इस तकनीक में विमान के इंजन से निकलने वाली गर्मी को पकड़कर उसे निशाना बनाया जाता है। यानी बिना रडार सिग्नल दिए ही लक्ष्य को ट्रैक किया जाता है, जिससे हमले का पता लगाना मुश्किल हो जाता है।

इन हमलों में ईरान के स्वदेशी माजिद मिसाइल सिस्टम के इस्तेमाल की संभावना जताई जा रही है। यह एक शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम है, जिसे 2021 में पेश किया गया था।

यह सिस्टम कम ऊंचाई पर उड़ने वाले विमान, हेलीकॉप्टर, ड्रोन और क्रूज मिसाइल को निशाना बना सकता है। इसकी मारक क्षमता करीब 700 मीटर से 8 किलोमीटर तक है और यह एक साथ कई लक्ष्यों को ट्रैक कर सकता है।

एफ-15 और ए-10 जैसे आधुनिक फाइटर जेट को गिराना आसान नहीं होता। ये बहुत तेज होते हैं, तेजी से दिशा बदल सकते हैं और इनमें कई तरह के बचाव सिस्टम लगे होते हैं। इनमें गर्मी कम दिखाने वाली तकनीक, फ्लेयर जैसे बचाव उपाय और ऊंचाई पर उड़ान जैसी क्षमताएं होती हैं, जिससे इंफ्रारेड सिस्टम को भी धोखा मिल सकता है।

विशेषज्ञों के मुताबिक, ऐसे हमले तभी सफल होते हैं जब विमान कम ऊंचाई पर हो या पायलट का ध्यान भटका हो। साथ ही जब बचाव के साधन सीमित हो जाएं, तब हमला कामयाब हो सकता है। इसलिए ऐसे हमले बहुत दुर्लभ और परिस्थितियों पर निर्भर होते हैं।

इन घटनाओं ने यह भी दिखाया है कि ईरान की वायु रक्षा प्रणाली अभी भी सक्रिय है और वह अमेरिकी-इजरायली हमलों का जवाब देने में सक्षम है। इससे पहले भी मार्च और अप्रैल 2026 के दौरान ईरान ने कई ड्रोन और विमानों को मार गिराने का दावा किया है। वहीं अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, इस युद्ध में अब तक 13 हजार से ज्यादा मिशन उड़ाए जा चुके हैं और 12 हजार से ज्यादा लक्ष्यों पर हमले किए गए हैं।

## रूस से जुड़े जहाजों को जब्त करने का ब्रिटेन का प्रयास अस्वीकार्य : रूसी राजदूत

**मास्को, (स्पूतनिक/वार्ता)।** रूस ने कहा है कि रूस से जुड़े जहाजों को जब्त करने का ब्रिटेन का कोई भी प्रयास अस्वीकार्य है। ब्रिटेन में रूस के राजदूत आंद्रेई केलिन ने रूसी न्यूज एजेंसी आरआईए नोवोस्ती से यह बात कही। उन्होंने कहा, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर का ब्रिटिश जलक्षेत्र में हमारे देश से जुड़े नागरिक जहाजों को जब्त करने का घोषित इरादा रूस के प्रति एक और गहरा शत्रुतापूर्ण कदम है... हम हमारे देश से जुड़े जहाजों को जब्त करने के ब्रिटिश पक्ष के किसी भी प्रयास को अस्वीकार्य और अक्षम्य मानते हैं।उल्लेखनीय है कि ब्रिटिश सरकार ने मार्च में घोषणा की थी कि ब्रिटेन के सैन्य कर्मी अपने जलक्षेत्र से गुजरने वाले प्रतिबंधित जहाजों जब्त कर लेंगे। इसके अलावा, ब्रिटेन प्रतिबंधित जहाजों के लिए इंग्लिश चैनल सहित ब्रिटिश जलक्षेत्र को बंद करके और भी अधिक प्रतिबंध लगाएगा।

## इसरो ने पहली बार मिशन मित्रा किया शुरू, ऊंचाई वाले वातावरण में चालक दल एवं जमीनी टीमों के व्यवहार का अध्ययन

चेन्नई, (वार्ता)

भारत में पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। इस बीच, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) ने चालक दल की सुरक्षा एवं प्रदर्शन को सभी मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशनों के सबसे महत्वपूर्ण तत्व मानते हुए मिशन मित्रा शुरू किया है।

यह अपनी तरह का पहला टीम के व्यवहार का अध्ययन है, जिसका उद्देश्य ऊंचाई वाले वातावरण में काम करने वाले चालक दल और जमीनी टीमों की शारीरिक, मनोवैज्ञानिक एवं परिचालन संबंधी गतिशीलता का अध्ययन करना है।

मित्रा भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान संचालन क्षमताओं के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है जो कि चालक दल के प्रदर्शन एवं मानवीय कारकों पर उत्पन्न वैज्ञानिक डेटा गगनयान कार्यक्रम और भविष्य के दीर्घकालिक मिशनों में प्रत्यक्ष योगदान देगा। यह मिशन दो से नौ अप्रैल, 2026 तक केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लेह में चलाया जा रहा है। लेह की लगभग 3,500 मीटर की उच्च ऊंचाई पर हाइपोक्सिया, कम तापमान और अलगाव जैसी पर्यावरणीय परिस्थितियां मौजूद हैं जो अंतरिक्ष उड़ान संचालन के लिए एक प्राकृतिक प्रतिरूप के रूप में कार्य करती हैं। जारी एक अपडेट में, इसरो ने कहा कि सभी मानव अंतरिक्ष उड़ान अभियानों में चालक दल की सुरक्षा एवं प्रदर्शन सबसे महत्वपूर्ण तत्व हैं। चालक दल का प्रभावी संवाद करने, तनाव का सामना करने, मानसिक लचीलापन बनाए रखने और एक-दूसरे का सहयोग करने की क्षमता किसी भी मिशन की सफलता एवं सुरक्षा निर्धारित करती है। नियंत्रित लेकिन यथार्थवादी परिस्थितियों में संचालित एनालॉग मिशनों का उपयोग यह समझने के लिए किया जाता है कि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में चालक दल कैसा प्रदर्शन करते हैं। इस दिशा में, इसरो ने लेह में मिशन मित्रा शुरू किया है, जो इसरो और वायु सेना-इंस्टीट्यूट ऑफ एयरोस्पेस मेडिसिन (आईएएम) द्वारा डिजाइन किया गया अपनी तरह का पहला टीम व्यवहार अध्ययन है, जिसका उद्देश्य उच्च ऊंचाई वाले वातावरण में काम करने वाले चालक दल और जमीनी टीमों की शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और परिचालन गतिशीलता का अध्ययन करना है। इस अध्ययन का उद्देश्य गगन यात्रियों एवं जमीनी नियंत्रण टीमों के बीच अंतर-संचालनीयता और पर्यावरणीय एवं परिचालन तनाव के बीच निर्णय लेने की प्रभावशीलता के बारे में महत्वपूर्ण समझ उत्पन्न करना है। बेंगलुरु स्थित भारतीय स्टार्टअप कंपनी मेसर्स प्रोटोप्लेनेट प्राइवेट लिमिटेड इसके प्रबंधन एवं वैधानिक प्रोटोकॉल के लिए जिम्मेदार है। मिशन मित्रा की शुरुआत दो अप्रैल को बेंगलुरु से वर्चुअल संबोधन के माध्यम इसरो के अध्यक्ष/अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी. नारायणन ने किया। इस अवसर पर वायु कमोडोर एन. के. त्रिपाठी, निदेशक (आईएम), डी. के. सिंह, निदेशक मानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र, गणेश एम. पिल्लई, वैज्ञानिक सचिव, आईएसआरओ और हनुमंतराय बलुरगी, निदेशक, मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम आईएसआरओ मुख्यालय बेंगलुरु भी उपस्थित थे।

## दुनिया में गरीबी का असली विलेन टैक्स चोरी, विदेशों में छिपे 0.1% अमीरों के पैसे से बढ़ रही आर्थिक खाई

नई दिल्ली

दुनिया के सबसे अमीर 0.1% लोगों के पास विदेशों में छिपाया गया इतना टैक्स-फ्री धन है, जो दुनिया की आधी आबादी करीब 4.1 अरब लोग की कुल संपत्ति से भी ज्यादा है। वैश्विक संस्था ऑक्सफैम की नई रिपोर्ट ने दुनिया में बढ़ती असमानता और गरीबी को लेकर चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक,

ऑक्सफैम के अनुसार, साल 2024 में करीब 3.55 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 295 लाख करोड़ रुपये) की संपत्ति टैक्स हेवन देशों और अनरिपोर्टेड अकाउंट्स में छिपाई गई। यह रकम फ्रांस की जीडीपी से भी ज्यादा है और दुनिया के 44 सबसे गरीब देशों की कुल अर्थव्यवस्था से दोगुने से अधिक है। रिपोर्ट बताती है कि इस छिपे हुए धन का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा सिर्फ 0.1 प्रतिशत अमीरों के पास है, जो करीब 2.84 ट्रिलियन डॉलर बैठता है। वहीं, इनमें भी सबसे अमीर 0.01 प्रतिशत लोगों के पास करीब आधा यानी 1.77 ट्रिलियन डॉलर जमा है।ऑक्सफैम के टैक्स विशेषज्ञ क्रिश्चियन हॉलम ने कहा कि पनामा पेपर्स के 10 साल बाद भी अमीर वर्ग टैक्स से बचने के लिए ऑफशोर सिस्टम का इस्तेमाल कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, जब



अरबपति और करोड़पति टैक्स से बचते हैं, तो इसका सीधा असर आम लोगों पर पड़ता है।

सरकारी अस्पतालों और स्कूलों के लिए फंड की कमी होती है, जबकि आम नागरिकों पर टैक्स का बोझ बढ़ जाता है। इससे सामाजिक असमानता और गहरी होती जा रही है। हालांकि पिछले कुछ सालों में टैक्स चोरी पर कुछ हद तक नियंत्रण हुआ है, लेकिन समस्या अभी भी गंभीर बनी हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्लोबल साउथ के कई देशों को ऑटोमैटिक एक्सचेंज ऑफ इंफॉर्मेशन सिस्टम से बाहर रखा गया है, जिससे वे टैक्स वसूली में पिछड़ रहे हैं।

## ईरान संघर्ष के पीछे लंदन की नीतियां भी जिम्मेदार: एंड्रे केलिन

**मॉस्को, (स्पूतनिक)।** ब्रिटेन में रूस के राजदूत एंड्रे केलिन ने कहा है कि ईरान के खिलाफ अमेरिका और इज़रायल की आक्रामक कार्रवाई के पीछे आंशिक रूप से लंदन की नीतियां जिम्मेदार हैं। श्री केलिन ने रूस की समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती से बातचीत में कहा, दरअसल, ईरान और पूरे क्षेत्र में हुई दुखद घटनाएं कई मायनों में लंदन की नीतियों का परिणाम हैं, जिसने वॉशिंगटन में ईरान-विरोधी 'हॉक्स' का साथ दिया और संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) के पतन में योगदान दिया। रूस के राजदूत ने यह भी आरोप लगाया कि ब्रिटेन ईरान की जवाबी कार्रवाई की आलोचना करता है, लेकिन ईरानी नागरिकों के खिलाफ कथित युद्ध अपराधों की निंदा नहीं करता। उन्होंने कहा, पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने एक बार फिर लंदन के इस रवैये को उजागर किया है। ब्रिटेन की सरकार यह दिखावा करती है, कि उसे यह नजर नहीं आता कि संघर्ष की शुरुआत किसने की और किसने आक्रामक कदम उठाये। वे ईरान की जवाबी कार्रवाई की आलोचना करते हैं, जैसे कि उसने ही पहले हमला किया हो। वहीं, ईरानी नागरिकों के खिलाफ युद्ध अपराध-जिसमें बच्चों की हत्या भी शामिल है, उन्हें नजर नहीं आते। उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इज़रायल ने तेहरान सहित ईरान के कई ठिकानों पर हमले किये।

## भाजपा सरकार के 'चाल-चरित्र' का ध्वजवाहक बना देवरिया: अखिलेश

देवरिया, (वार्ता)

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह ने शनिवार को भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देवरिया जिला इन दिनों सरकार के चाल-चरित्र का प्रतीक बन गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले में सत्ता संरक्षण के तहत लूट और अनियमितताओं को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होने कहा, सरकार का जीरो टॉलरेंस अपनों के मामले में शून्य हो जाता है। कांग्रेस प्रवक्ता ने हाल ही में सामने आए एक मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि देवरिया में फर्जी कंपनी बनाकर ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा हुआ है, जिसमें करीब 60 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेन-देन की बात सामने आई है और एक आरोपी की गिरफ्तारी हुई है। उन्होंने मांग की कि इस पूरे मामले का विस्तृत ब्योरा सार्वजनिक किया जाए और जांच की प्रगति की जानकारी नियमित रूप से मीडिया को दी जाए। साथ ही उन्होंने सवाल उठाया कि इस प्रकरण में किन लोगों की संलिप्तता है और क्या संबंधित आरोपियों पर गैंगस्टर या राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी धाराएं लगाई गई हैं। अखिलेश प्रताप सिंह ने तंज कसते हुए कहा कि इस मामले में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की चुप्पी भी कई सवाल खड़े करती है। उन्होंने आशंका जताई कि न तो मामले में पूरी कार्रवाई होगी और न ही संरक्षण देने वालों का खुलासा हो पाएगा।



## 2017 से पहले शिक्षा सरकार के एजेंडे में नहीं थी: योगी

**वाराणसी,(वार्ता)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने काशी दौरे के दूसरे दिन कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में शिक्षा सरकार के एजेंडे में नहीं थी और न ही गरीब व सामान्य बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता दी जाती थी। हालांकि उस समय नकल की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया जाता था। मुख्यमंत्री ने कंपोजिट विद्यालय शिवपुर से 'स्कूल चलो अभियान' का विधिवत शुभारंभ किया। प्रदेश में 1 अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र 2026-27 शुरू हो चुका है और इसी क्रम में 1 से 15 अप्रैल तक अभियान का पहला चरण चलाया जा रहा है। शिक्षा केवल प्रमाणपत्र या डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के संस्कार, व्यक्तित्व निर्माण और राष्ट्र के भविष्य को गढ़ने का सशक्त साधन है। उन्होंने शिक्षकों से अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने का आह्वान किया 'ऑपरेशन काया कल्प' के तहत प्रदेश के एक लाख 36 हजार से अधिक विद्यालयों को बुनियादी सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। वहीं 'ऑपरेशन निपुण' के माध्यम से बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में ड्रॉपआउट दर 19 प्रतिशत से अधिक थी, जो अब घटकर लगभग 3 प्रतिशत रह गई है।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

## धुरंधर की कामयाबी के पीछे है रणवीर सिंह की जबरदस्त मेहनत, मेकअप आर्टिस्ट ने खोले राज

मेकअप और प्रोस्थेटिक आर्टिस्ट करणदीप सिंह ने धुरंधर- द रिवेंज के क्लाइमेक्स की शूटिंग के दौरान की मुश्किलों और कड़ी मेहनत के बारे में खुलकर बात की है। करणदीप सिंह ने सेट के अपने अनुभवों को शेयर करते हुए रणवीर सिंह के कमाल के डेडिकेशन की तारीफ की और बताया कि कैसे उस हाई-ऑक्टेन सीक्वेंस को शूट करने के लिए एक्टर ने शारीरिक और मानसिक तौर पर गजब का जबा दिखाया। करणदीप ने याद करते हुए कहा, हम लुधियाना के बाहरी इलाके में शूटिंग कर रहे थे और तापमान लगभग 47 से 48 डिग्री के आसपास था। वहां दूर-दूर तक एक भी पेड़ या छाँव नहीं थी। उन्होंने बताया, आस-पास की हर मेटल की सतह से गर्मी निकल रही थी। एक तरफ गाड़ियाँ थीं, दूसरी तरफ कंटेनर और पास में ही मालगाड़ियाँ खड़ी थीं। हम इस सबके बिल्कुल बीच में शूटिंग कर रहे थे। करणदीप ने कहा, फाइट सीक्वेंस के दौरान रणवीर एक कंटेनर से दूसरे कंटेनर पर कूद रहे थे। गर्मी की वजह से वो कंटेनर सच में तप रहे थे। हम हर दिन रणवीर पर जितना खून इस्तेमाल करते थे, वो यकीन के बाहर था। हमने एक हफ्ते में खून की पूरी बाल्टी खत्म कर दी थी।उन्होंने बताया, पंखे और एसी वहां थे लेकिन गर्मी इतनी थी कि कुछ भी काम नहीं कर रहा था। इतनी तपिश थी कि हम ठीक से खाना तक नहीं खा पा रहे थे। एक विग का अपना वजन और गर्मी होती है, उसे 47 डिग्री में पहनना बिल्कुल वैसा ही है जैसे ऊनी टोपी पहनना। इन सब बातों से जो सबसे बड़ी बात सामने आती है, वो है अपने काम के लिए रणवीर सिंह का जबरदस्त समर्पण। 47-48 डिग्री की भयंकर गर्मी में फिजिकली थका देने वाले एक्शन सीन्स करना, ऊपर से भारी पठानी सूट, लेदर जैकेट और ओवरकोट जैसे लेयर्ड कपड़े पहनना, और कई दिनों तक प्रोस्थेटिक्स और नकली खून की परेशानी सहना, रणवीर पूरी तरह फिल्म में डूबे रहे और उन्होंने अपनी परफॉर्मेंस के साथ कभी कोई समझौता नहीं किया। ये लगातार मेहनत अब फिल्म की ज़बरदस्त कामयाबी में साफ़ दिख रही है।



## देशभक्ति से परिपूर्ण फिल्मों के जरिये दर्शकों के दिलों में खास पहचान बनायी मनोज कुमार ने

बॉलीवुड में मनोज कुमार का नाम ऐसे अभिनेता-फिल्मकार के रूप में याद किया जाता है, जिन्होंने देशभक्ति से परिपूर्ण फिल्मों के जरिये दर्शकों के दिलों में खास पहचान बनायी। मनोज कुमार मूल नाम हरिकिशन गिरी गोस्वामी का जन्म 24 जुलाई 1937 में हुआ था ।जब वह महज दस वर्ष के थे तब उनका पूरापरिवार राजस्थान के हनमुनगढ़ जिले में आकर बस गया ।बचपन के दिनों में मनोज कुमार ने दिलीप कुमार अभिनीत फिल्म ..शबनम ..देखी थी । फिल्म में दिलीप कुमार के निभाये किरदार से मनोज कुमार इस कदर प्रभावित हुये कि उन्होंने भी फिल्म अभिनेता बनने का फैसला कर लिया।

मनोज कुमार ने अपनी स्नातक की शिक्षा दिल्ली के मशहूर हिंदू कॉलेज से पूरी की ।इसके बाद बतौर अभिनेता बनने का सपना लेकर वह मुंबई आ गये ।बतौर अभिनेता मनोज कुमार ने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 1957 में प्रदर्शित फिल्म ..फैशन ..से की। फिल्म में मनोज कुमार ने छोटी सी भूमिका निभायी थी ।वर्ष 1957 से 1962 तक मनोज कुमार फिल्म इंडस्ट्री मे अपनी जगह बनाने के लिये संघर्ष करते रहे । फिल्म .फैशन.के बाद उन्हें जो भी भूमिका मिली वह उसे स्वीकार करते चले गये । इस बीच उन्होंने कांच की गुड़िया .रेशमी रूमाल .सहारा .पंयायत .सुहाग सिंदूर .हनीमून ..पिया मिलन की आस जैसी कई बी ग्रेड फिल्मों मे अभिनय किया लेकिन इनमें से कोई भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हुयी । मनोज कुमार के अभिनय का सितारा निर्माता-निर्देशक विजय भट्ट की वर्ष1962 में प्रदर्शित क्लासिक फिल्म ..हरियाली और रास्ता .. से चमका ।फिल्म में मनोज कुमार के अपोजिट माला सिन्हा थी ।मनोज कुमार और माला सिन्हा की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया। वर्ष 1964 में मनोज कुमार की एक और सुपरहिट फिल्म ..वह कौन थी ..प्रदर्शित हुयी ।फिल्म में उनकी नायिका की भूमिका साधना ने निभायी ।रहस्य और रोमांच से भरपूर इस फिल्म में साधना की रहस्यमय मुस्कान के दर्शक दीवाने हो गये। वर्ष 1976 में प्रदर्शित फिल्म .दस नंबरी .की सफलता के बाद मनोज कुमार ने लगभग पांच वर्षो तक फिल्म इंडस्ट्री से किनारा कर लिया। वर्ष 1981 में मनोज कुमार ने फिल्म ..क्रांति ..के जरिये अपने सिने करियर की दूसरी पारी शुरू की ।दिलचस्प बात है इसी फिल्म के जरिये मनोज कुमार के आदर्श दिलीप कुमार ने भी अपने सिने करियर की दूसरी पारी शुरू की थी ।देशभक्ति के जज्बे से परिपूर्ण फिल्म में मनोज कुमार और दिलीप कुमार की जोड़ी को जबरदस्त सराहना मिली । वर्ष 1983 में अपने पुत्र कुणाल गोस्वामी को फिल्म इंडस्ट्री में स्थापित करने के लिये मनोज कुमार ने फिल्म ..पेन्टर बाबू ..का निर्माण किया लेकिन कमजोर पटकथा और निर्देशन के कारण फिल्म टिकट खिड़की पर औंधे मुंह गिरी ।फिल्म की असफलता से मनोज कुमार ने लगभग छह वर्ष तक फिल्म निर्माण से किनारा कर लिया । वर्ष 1989 में मनोज कुमार एक बार फिर से फिल्म निर्माण और निर्देशन के क्षेत्र में वापस आये और फिल्म ..क्लर्क ..का निर्माण कियालेकिन दुर्भाग्य से यह फिल्म भी टिकट खिड़की पर असफल साबित हुयी ।वर्ष 1999 में प्रदर्शित फिल्म ..जय हिंद बतौर निर्माता-निर्देशक मनोज कुमार के सिने करियर की अंतिम फिल्म साबित हुयी जो टिकट खिड़की पर बुरी तरह नकार दी गयी । मनोज कुमार अपने सिने करियर में सात फिल्मफेयर पुरस्कार से सम्मानित किये गये है ।इन सबके साथ ही फिल्म के क्षेत्र में मनोज कुमार के उल्लेखनीय योगदान को देखते हुये उन्हें वर्ष 2002 में पदमश्री पुरस्कार .वर्ष 2008 में स्टार स्क्रीन लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार और वर्ष 2016 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। देशभक्ति से परिपूर्ण फिल्मों के जरिये दर्शकों के बीच खास पहचान बनाने वाले मनोज कुमार 04 अप्रैल 2025 को इस दुनिया को अलविदा कह गये।



## कप्तान के खतरनाक स्टंट में साकिब सलीम हो गये थे घायल

अभिनेता साकिब सलीम सीरीज कप्तान के खतरनाक स्टंट में घायल हो गये थे। साकिब सलीम ने अपनी हालिया धमाकेदार रिलीज़ कप्तान से स्क्रीन पर आग लगा दी है, जो एक हाई-स्टेक्स एक्शन थ्रिलर है और अमेजन एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम हो रही है। हाल ही में, साकिब ने इस सीरीज़ की तीव्र एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान झेली गई शारीरिक चुनौतियों के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, हाई-ऑक्टेन एक्शन स्क्रीन पर जितना रोमांचक दिखता है, उसके साथ अपने जोखिम भी आते हैं। साकिब सलीम ने बताया, एक रोमांचक एक्शन शॉट की शूटिंग के दौरान, चेज़ सीक्वेंस में मुझे कलाई में चोट लग गई और मैं अपनी कलाई पर गिर पड़ा। मूवमेंट अचानक था, इसलिए चोट लग गई। हालांकि सुरक्षा के इंतज़ाम थे, लेकिन हम उस पल की तीव्रता में पूरी तरह डूबे हुए थे। शुक्र है कि चोट ज़्यादा गंभीर नहीं थी, और मैं जल्द ही सेट पर वापस आ गया। कप्तान के एक्शन सीक्वेंस बहुत रॉ और रियल लगते हैं, और मैं इसमें अपना पूरा योगदान देना चाहता था। सीरीज कप्तान में साकिब की पूरी मेहनत साफ झलकती है, जहां वह एक समर्पित पुलिस अधिकारी समरदीप सिंह के किरदार में नज़र आते हैं।







# हनुमान जयंती पर वानर सेना, बजरंग दल ने निकाली भव्य शोभायात्रा

करेली (स्वतंत्रमत)

जय बजरंग वानर सेना समिति एवं ग्रेन मर्चेन्ट एसोशियेशन द्वारा प्रति वर्ष की भांति हनुमान जयंती के अवसर पर शोभा यात्रा शाम को पुरानी गल्ला मंडी से प्रारंभ होकर प्रेस चौराहा से होते हुए मुख्य मार्ग निरंजन चौक होते हुए हनुमान मंदिर गल्ला मंडी पहुंची जहां महाआरती उपरांत प्रसादी वितरण किया गया। चल समारोह शोभायात्रा मे ढोल डीजे बैंड तासे शहनाई राम दरवार आदिवासी उज्जैन से आई नृत्य अघोरी नृत्य हनुमान जी की बाहुबली वाली झांकी, पालकी मे हनुमान जी आदि मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। घुड़सवार, रथ, बैंड, अखाड़े श्री राम दरबार की चैतन्य झांकी, अखाड़ा आकर्षण का केन्द्र रहे।

**केबिनेट मंत्री पटेल ने उठाई पालकी**–अंजनी पुत्र की शोभायात्रा मे कैबिनेट मंत्री मध्यप्रदेश प्रह्लाद सिंह पटेल, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक सहित नगर व बाहर से आये गणमान्य जन, वानर सेना समिति गल्ला व्यापारी सहित नगर के अन्य धार्मिक-सामाजिक संगठनों के साथ आमजनता की बड़ी संख्या में सहभागिता रही।




**बजरंग दल, विहिप की धर्मसभा**–पावर हाउस से बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद द्वारा निकाली गई शोभायात्रा ब्रिज से होते हुए बरमान चौराहा पहुँची जहा विशाल धर्मसभा को संबोधित किया गया। इसके बाद शोभायात्रा मुख्य मार्ग होते हुए पुरानी गल्ला मंडी पहुँची, जहा शोभायात्रा का समापन किया गया। शोभायात्रा मे राम दरवार, रानी लक्ष्मी बाई, हनुमान जी के साथ दुर्गा वाहिनी की बहने ढोल तासे, अखाड़े, डीजे और बड़ी संख्या मे नगर के लोगो के साथ बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**शोभायात्रा निकालकर चढ़ाया झंडा**–हनुमान जयंती पर कोल समाज द्वारा सोमवारा स्थित हनुमान मंदिर में भक्तों ने पूजन किया और ढोल-बाजो के साथ जय श्री राम का नारा लगाते हये शोभायात्रा निकाली। यह शोभायात्रा सोमवारा बाजार से पिछली रोड गुरूद्वारा, होते हुये निरंजन चौक, पुरानी गल्ला मंडी से व्यायाम शाला पहुंची जहां हनुमान जी का पूजन किया गया तत्पष्चात् शोभायात्रा मुख्य मार्ग से होते हुये मंदिर परिसर पहुंची जहां शोभायात्रा का समापन किया गया।मंदिर में हनुमान जी के झंडा चढ़ाया और प्रसाद वितरण किया।

## शोभायात्रा के साथ चलते रहे सफाई मित्र भक्ति मार्ग पर देते रहे स्वच्छता का संदेश

हनुमान जन्मोत्सव पर नगर में निकली भव्य शोभायात्रा के दौरान नगर पालिका के सफाई मित्र पूरे समय सक्रिय नजर आए। शोभायात्रा मार्ग पर जहां-जहां कचरा जमा हुआ, वहां सफाई कर्मियों ने तत्काल सफाई कर व्यवस्था बनाए रखी। नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सुशीला ममार एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीकांत पाटर के निर्देशन में तथा सफाई दरोगा राजकुमार बुंदेलिया की देखरेख में सफाई कार्य किया गया। सफाई मित्र शोभायात्रा के साथ-साथ चलते रहे और मार्ग पर फैले दोना-पत्तल, डिस्पोजल गिलास, प्लास्टिक सामग्री सहित अन्य कचरे को लगातार हटाते रहे। शहर में कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारों की व्यवस्था की गई थी। भंडारों के बाद बड़ी मात्रा में कचरा एकत्र हो रहा था, लेकिन सफाई कर्मियों ने समय पर उसे हटाकर मार्ग साफ रखा। इससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई और शोभायात्रा व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ती रही। नगर पालिका की ओर से इस दौरान च्भक्ति मार्ग पर स्वच्छता का संकल्पज्ज और च्हमारा शहर, हमारी जिम्मेदारीज्ज का संदेश भी प्रभावी रूप से सामने आया। सफाई मित्रों की सक्रियता ने धार्मिक आयोजन के बीच स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता का सकारात्मक संदेश दिया।

नगरवासियों और आयोजन समिति ने सफाई मित्रों की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि बड़े धार्मिक आयोजनों में सफाई कर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उनकी सतत मेहनत से नगर की स्वच्छता और व्यवस्था बनी रहती है।



# आकर्षक झांकियों के साथ निकली युवादल की विशाल शोभायात्रा




## सायंकाल मंदिरों में पहुंचे श्रद्धालु हुए भंडारा प्रसादी

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** बीते गुरूवार को सभी हनुमान मंदिरों में प्रात:काल से ही हनुमान जन्मोत्सव के चलते पूजन अर्चन, चोलावंदन, हवन पूजन, प्रसादी वितरण होता रहा। वहीं सायंकाल हनुमान मंदिरों की साज सज्जा एवं भक्तों की आस्था देखने लायक रही। सायंकाल सभी मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे जिन्होंने हनुमानजी को दीप जलाकर प्रसाद चढ़ाया। साथ ही विभिन्न मंदिरों में भंडारा के आयोजन भी होते रहे।

**शोभायात्रा में उमड़ा अपार जन समूह** –हनुमान जन्मोत्सव पर नगर में निकाली जाने वाली भव्य विशाल शोभायात्रा का अपना अलग ही स्थान है। जिसमें निकलने वाली झांकियां जनाकर्षण का केंद्र बनी रहती हैं। इस वर्ष के शोभायात्रा के प्रमुख आकर्षण हनुमानजी के जीवन लीला के प्रमुख प्रसंग रहे। इनमें प्रमुख रूप से हनुमानजी की बाल लीला के तहत अंजनी माता और बाल हनुमान की झांकी, जामवंत एवं हनुमान जी, सुरसा के मुंह में जाकर निकलते हनुमानजी, अशोक वाटिका, अष्ट सिद्धि नव निधि की झांकी, रावण हनुमान संवाद की झांकी बेहद चर्चित रही। इनमें नगर के सीए रत्नेष मिश्रा ने लंकेष के किरदार को जीवंत कर दिया। इसके अलावा लंका दहन, रामसेतु, सुसेन बैद्य, संजीवनी पर्वत, संत रामानंद दास जी महाराज घोड़ा बग्गी पर रहे। संस्कृति गर्जना, बहनों का आर्यावर्त अखाड़ा, सिंदूर धारण, लव-कुश, बाहुबली हनुमान जी सीना चीर कर श्रीराम के दर्षन कराते दिखे। साथ ही देवी जी, हनुमान जी की प्रतिमा, रुद्रनाद (नूपुर ग्रुप), रामलला, सिंधी युवा डांडिया, छठ माता, पंचमुखी हनुमान जी, हनुमानगढ़ी वाले हनुमान जी, साहू समाज की भक्त मां कर्मा की झांकी समेत अनेक प्रकार की एक से बढ़कर एक झांकियां रहीं। यात्रा के दौरान नरसिंहपुर से पूर्व राज्यमंत्री समेत अनेक गणमान्य जनशामिल रहे। यात्रा के पीछे नगर पालिका द्वारा सफाई व्यवस्था की जाने की व्यवस्था रखी गई। विशाल शोभायात्रा में प्रषासन एवं पुलिस ने भी योगदान दिया। रास्ते में जगह जगह श्रद्धालुओं के लिए पानी, षरबत, लस्सी, छांछ, प्रसादी आदि की व्यवस्था रही। नगर की सर्वधर्म एकता के तहत दाउदी बोहरा समाज एवं मुस्लिम समाज ने भी यात्रा का स्वागत किया। युवादल ने नगरवासियों एवं प्रषासन के सहयोग की सराहना की है।

# गूंजे ओशो के प्रवचन ध्यान के संगीत, ओशो प्रेमियों का लगा मजमा



## स्वामी प्रज्ञान भारती से सन्यास दीक्षा प्राप्त की

नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत।

बरसों बाद एक बार फिर नरसिंहपुर शहर में ओशो के प्रवचन गूंजे, सरस होटल में स्वामी प्रज्ञान भारती की अगुवाई में प्रदेश भर से आए हुए ओशो प्रेमियों का मजमा लगा। ओशो रंग में रंगे ओशो प्रेमियों ने ओशो के प्रवचनों को सुना व 20 ओशो प्रेमियों द्वारा सन्यास दीक्षा प्राप्त की। कार्यक्रम के दूसरे चरण में स्वामी प्रज्ञान भारती द्वारा लिखित किताब किताब की नदी शब्द की नाव का विमोचन साहित्य जगत के जाने-माने साहित्यकारों अजय तुलसी , अशोक त्रिपाठी, कमल नेमा, डॉक्टर सिंघाई, सतीश तिवारी एवं आचार्य थम्मन शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। डॉ निधि तिवारी द्वारा स्वागत भाषण में प्रज्ञान जी की यात्रा की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन मां प्रेम परितोष उर्फ नंदिता चौबे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग जनार्दन गिरधोनिया एवं सुभाष चौरसिया का रहा। प्रदेश भर से आए हुए ओशो प्रेमियों एवं शहर के नागरिकों परिवार जनों के बीच आनंदमय वातावरण में समस्त कार्यक्रम उल्लास पूर्वक संपन्न हुए।

## तिंदनी में जल मंदिर-प्याऊ की हुई स्थापना

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड नरसिंहपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम बम्होरी-तिंदनी में जल मंदिर- प्याऊ प्रारंभ कर नागरिकों ने जल संरक्षण व सवंर्धन की शपथ ली। अभियान को सफल बनाने और वर्षा जल को संग्रहीत करने के उद्देश्य से किए जाने वाले कार्यों में जनसहभागीता सुनिश्चित हो, इसके लिए जनजागरूकता जैसी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

अभियान के तहत मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर की नवांकुर संस्था सुदर्शन जन कल्याण समिति और बम्होरी-तिंदनी के संयुक्त तत्वावधान में जल मंदिर-प्याऊ प्रारंभ किया। इस अवसर पर मप्र जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री जयनारायण शर्मा, नवांकुर संस्था, सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम के परामर्शदाता, सदस्य और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# करकबेल में जलमंदिर-प्याऊ की स्थापना कर नागरिकों ने लिया जल संरक्षण व संवर्धन का संकल्प



**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत भीषण गर्मी के मद्देनज़र आमजन को शीतल एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले के गोटेगांव विकासखंड के ग्राम करकबेल में जल मंदिर-प्याऊ की स्थापना कर नागरिकों को जल संरक्षण व संवर्धन का संकल्प लिया। यह जल मंदिर-प्याऊ नवांकुर संस्था प्राणमित्र समिति करकबेल के द्वारा किया गया। इस अवसर जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद श्री जयनारायण शर्मा ने कहा कि जलगंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से समाज में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे जल का सदुपयोग करें तथा वर्षा जल संचयन जैसी गतिविधियों को अपनाकर जल संरक्षण में अपना सक्रिय योगदान दें। इस दौरान मौजूद नागरिकों ने पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में अत्यंत उपयोगी बताया तथा जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने और दूसरों को भी प्रेरित करने का संकल्प लिया।

## पशुपालन विभाग नरसिंहपुर की वार्षिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग नरसिंहपुर द्वारा जिले के समस्त संस्था प्रभारियों एवं गौ सेवक मैत्री की वार्षिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक उपसंचालक डॉ. सुनील बृजपुरिया एवं एबीपीओ डॉ. एम.पी. तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। बैठक में जिले में पशुधन विकास और आगामी विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में आगामी एफएमडी (खुरपका-मुँहपका) टीकाकरण अभियान के सफल संचालन के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। इस बार एफएमडी टीकाकरण पश्चात ऑनलाइन एंट्री भी करना है, जिसमें पशुपालक से ओटीपी प्राप्त कर एंट्री की जा सकेगी। उप संचालक डॉ. बृजपुरिया ने निर्देश दिए कि जिले के प्रत्येक गौवंश का टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि पशुओं को इस घातक बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके। बैठक में संस्थान वार प्राप्त सीमन स्ट्रॉ के विरुद्ध की गई ऑनलाइन एआई प्रविष्टि की सघन समीक्षा की गई। पेंडिंग पीडी और काविंग के आंकड़ों को तत्काल अपडेट करने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रत्येक संस्था प्रभारी और गौ सेवक मैत्री के कार्यों की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा की गई।

# जानलेवा डीजे को लेकर आज होगी परिचर्चा

### सभी से उपस्थित की अपील

**नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत।** शहर में डीजे के शोर से होने वाले ध्वनि प्रदूषण और उससे जनस्वास्थ्य पर पड़ने वाले गंभीर खतरों को देखते हुए अब जागरूक नागरिकों ने मोर्चा संभाल लिया है। इसी सिलसिले में आज 5 अप्रैल शाम 5 बजे नरसिंह मंदिर प्रांगण में सामूहिक परिचर्चा का आयोजन किया जा रहा है। परिचर्चा का मुख्य उद्देश्य डीजे के अनियंत्रित शोर से बुजुर्गों, बच्चों और बीमार व्यक्तियों को होने वाली परेशानियों पर अंकुश लगाने के लिए ठोस नीति तैयार करना है। जागरूक नगरवासियों की ओर से जारी सूचना के अनुसार इस चर्चा में किसी एक पक्ष को नहीं, बल्कि समाज के हर तबके को जोड़ा गया है। परिचर्चा में सभी धर्मों के प्रतिनिधि, विभिन्न राजनीतिक दलों के सदस्य, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, नगर के गणमान्य एवं प्रबुद्ध नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। ताकि सर्वसम्मति से निर्णय लिया जा सके जो आने वाले समय में जनस्वास्थ्य के संरक्षण के लिए मील का पत्थर साबित हो। सोशल मीडिया के माध्यम से नगरवासियों को संदेश दिया गया है कि डीजे का मुद्दा अब केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह जानलेवा स्तर तक पहुँच चुका है। अभी नहीं तो कभी नहीं के नारे के साथ लोगों से अपील की गई है कि वे अपनी भूमिका निभाएं और शहर को इस जानलेवा शोर से मुक्ति दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। परिचर्चा आज 5 अप्रैल समय शाम 5ः00 बजे नरसिंह मंदिर प्रांगण, नरसिंहपुर में रखी गई है जिसमें स्वास्थ्य विशेषज्ञ शोर से होने वाले दुष्प्रभाव से आम जनों को अवगत कराएंगे। ?यह आयोजन शहर की शांति और स्वास्थ्य के प्रति आम नागरिक की सजगता का एक बड़ा उदाहरण बनकर उभर रहा है। अब देखना यह होगा कि इस परिचर्चा से प्रशासन और डीजे संचालकों के लिए क्या निष्कर्ष निकलकर सामने आता है। सभी से उपस्थित की अपील की गई है।

## लापरवाही के आरोप में माध्यमिक शिक्षक निलंबित

दमोह।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रनेह के माध्यमिक शिक्षक दुर्गा प्यासी ने अपनी फेसबुक आईडी पर एचपीव्ही वैक्सीन के बारे में भ्रामक जानकारी प्रचारित करने के आरोप में प्रभारी कलेक्टर मीना मसराम ने शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया। संज्ञान में आते ही जिला शिक्षा अधिकारी के प्रस्ताव पर प्रभारी कलेक्टर श्रीमती मीना मसराम ने माध्यमिक शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रनेह दुर्गा प्यासी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। ज्ञात हो कि जिला टीकाकरण अधिकारी द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए संबंधित शिक्षक के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु आग्रह किया।

# नरसिंहपुर में मचेगी कला की धूम : श्री शंखनाद

## माधवम परिवार के ग्रीष्मकालीन शिविर के लिए पंजीयन आज से प्रारम्भ

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** शहर की अग्रणी सांस्कृतिक संस्था च्श्री शंखनाद सांस्कृतिक कला केंद्र एवं माधवम परिवार के संयुक्त तत्वाधान में इस वर्ष भी बच्चों की छुट्टियों को रचनात्मक और ज्ञानवर्धक बनाने के लिए च्ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर 2026च का भव्य आयोजन होने जा रहा है। कला और संस्कृति का यह महाकुंभ 10 मई से 31 मई तक आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए ऑफलाइन पंजीयन की प्रक्रिया आज से से प्रारंभ होने वाली है।

**संस्कृति और कौशल का अनूठा संगम**-विगत वर्षों की गौरवशाली परंपरा को जारी रखते हुए, इस वर्ष भी शिविर का स्वरूप बेहद व्यापक रखा गया है। आयोजकों ने बताया कि आधुनिकता की चकाचौंध में खो रही नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और समृद्ध भारतीय विरासत से जोड़ना ही इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है। शिविर में बच्चों को केवल मनोरंजन ही नहीं, बल्कि भारतीय शास्त्रीय संगीत, लोक नृत्य, चित्रकला, नाट्य कला (थिएटर) और व्यक्तित्व विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**देशभर के दिग्गज कलाकार देंगे प्रशिक्षण**-इस वर्ष के शिविर की सबसे बड़ी विशेषता विभिन्न राज्यों और शहरों से आने वाले विख्यात कला प्रशिक्षक हैं। नरसिंहपुर के बच्चों को अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर का मंच प्रदान करने के लिए निम्नलिखित विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगेः अभिषेक आर्य ( ग्वालियर)अर्जुन शर्मा (शिवपुरी) ऋषिकांत (ग्वालियर)गुरु कांत दीक्षित (जबलपुर)कुलदीप सोनी (सीधी) अमन व्यास (भिंड) ?निवेदन शर्मा एवं पूनम सोलंकी (इंदौर)? अनिल प्रजापति ( भितरवार भिंड) पंजीयन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी संस्था द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, शिविर के लिए सीटें सीमित हैं, अत: च्पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। पंजीयन प्रारंभ आज 5 अप्रैल 2026 अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 शिविर अवधिः 10 मई से 31 मई तक पंजीयन का तरीका ऑफलाइन (निर्धारित केंद्र पर)कार्यालय श्री शंखनाद सांस्कृतिक कला केन्द्र, सरस रेस्टोरेंट के पास , नरसिहपुर संपर्क करे ऐश्वर्य दुबे, ( 7898148618), पराग नेमा(9755416977), हरिओम दुबे(9753345785) श्री शंखनाद और माधवम परिवार की यह निरंतरता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। पिछले वर्ष के सफल आयोजन ने ही शहर में एक ऐसा विश्वास पैदा किया है कि अब अभिभावक और बच्चे साल भर इस ग्रीष्मकालीन शिविर का इंतज़ार करते हैं। विगत वर्ष की सफलताओं का सिलसिला जारी उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष भी श्री शंखनाद सांस्कृतिक कला केंद्र और माधवम परिवार द्वारा आयोजित शिविर ने नगर में सफलता के नए कीर्तिमान रचे थे। पिछले वर्ष के शिविर में शामिल हुए बच्चों ने न केवल नई कलाएँ सीखीं, बल्कि शिविर के समापन पर आयोजित भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे शहर को मंत्रमुग्ध कर दिया था।

पिछले वर्ष की सफलता को देखते हुए इस बार प्रशिक्षण के विषयों और प्रशिक्षकों के पैनल को और भी विस्तृत किया गया है।अनुभवी प्रशिक्षक इस बार दिल्ली, इंदौर और ग्वालियर जैसे कला केंद्रों से और भी विशिष्ट विशेषज्ञों को जोड़ा गया है।व्यक्तित्व पर जोरः इस बार कला के साथ-साथ बच्चों के स्टेज फियर (मंच का डर) को दूर करने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे।जब कोई संस्था लगातार दूसरे या तीसरे वर्ष ऐसा कार्यक्रम करती है, तो वह केवल एक इवेंट नहीं रह जाता, बल्कि शहर की एक सांस्कृतिक परंपरा बन जाता है। यही कारण है कि इस बार 5 अप्रैल से शुरू होने वाले पंजीयन में भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

## पशुपालन की सेवाओं में डिजिटल क्रांति

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** उपसंचालक पशु पालन विभाग डॉ. सुनील बृजपुरिया ने बताया कि पशुपालन विभाग की सेवाओं में पारदर्शिता लाने और योजनाओं का वास्तविक लाभ सीधे पशुपालकों तक पहुँचाने के उद्देश्य से शासन ने एक महत्वपूर्ण तकनीकी में बदलाव किया है। एक अप्रैल 2026 से जिले के समस्त पशु चिकित्सालयों और उप-केंद्रों में कृत्रिम गर्भाधान- एआई और एफएमडी टीकाकरण के लिए ओटीपी आधारित नई व्यवस्था शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि शासन की इस नई नीति के तहत अब पशुपालकों के मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी दर्ज करने के बाद ही कृत्रिम गर्भाधान और टीकाकरण की प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी। इस तकनीकी कदम का मुख्य उद्देश्य विभागीय कार्यों में पारदर्शिता लाना और डेटा की शुद्धता सुनिश्चित करना है।

# स्कूलों में ही बनेंगे और अपडेट होंगे आधार कार्ड

## अन्य योजनाओं के लाभार्थी भी आधार कैंपों में करा सकेंगे आधार अपडेट

कटनी (स्वतंत्रमत)

जिले के स्कूलों में कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर आधार कैंप लगाकर विद्यार्थियों को आधार से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। ताकि उन्हें नामांकन और अपडेट के लिए अलग से कहीं जाने की आवश्यकता न पड़े। इसलिए विद्यार्थियों को विद्यालय स्तर पर ही आधार से संबंधित सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर इसके लिए प्रत्येक विकासखण्ड के चिन्हित स्कूलों में 6 अप्रैल से 22 अप्रैल के बीच आधार कैंपों के आयोजन के लिए पृथक-पृथक तिथियां तय की गई हैं। इन कैंपों में छात्रों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट के साथ-साथ विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आधार कार्ड में मोबाइल नंबर अद्यतन न होने के कारण ई-केवाईसी से वंचित आवेदकों का भी आधार अद्यतन कराने का दायित्व संबंधित रोजगार सहायक, पंचायत सचिव और पटवारी को सौंपा गया है। इसके लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) द्वारा अपडेशन के लिए निर्धारित शुल्क संबंधित से लिया जायेगा। शालाओं के प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया गया है कि वे यूडीआईएसई-प्लस पोर्टल से उन विद्यार्थियों की सूची अद्यतन कर लें जिनके आधार में एमबीयू पेंडिंग हैं। ऐसे विद्यार्थियों को आधार अपडेट कराने के लिये जागरूक किया जाए और उन्हें आधार कैंपों में बुलाया जाये। ताकि आधार अपडेट किया जा सके। कलेक्टर



की यह पहल मुख्य रूप से बच्चों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) पर केंद्रित है। जिसमें उनके आधार में उंगलियों के निशान, आइरिस स्केन और एक तस्वीर अपडेट करना शामिल है। पहला अपडेट तब आवश्यक है जब बच्चा 5 वर्ष का हो जाए। दूसरा एमबीयू तब आवश्यक है जब बच्चा 15 वर्ष का हो जाए। दूसरा एमबीयू 15 से 17 वर्ष की आयु के बीच पूरा होने पर निःशुल्क है, लेकिन 17 वर्ष की आयु के बाद शुल्क लागू होता है। अपडेटेड बायोमेट्रिक्स वाला आधार कार्ड, स्कूल प्रवेश, प्रवेश परीक्षा, छात्रवृत्ति और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर जैसी सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण है। इसीलिए कलेक्टर ने जिले में समयबद्ध तरीके से विद्यार्थियों की 100 प्रतिशत अपार आईडी (अपार आईडी) बनाने के निर्देश दिये हैं। अपार आईडी विद्यार्थियों को उनके सभी शैक्षणिक क्रेडिट, जैसे स्कोर कार्ड, मार्कशीट, ग्रेड शीट, डिग्री, डिप्लोमा, सर्टिफिकेट और सह-पाठ्यचर्या संबंधी उपलब्धियों को डिजिटल रूप से संग्रहित, प्रबंधित और एक्सेस करने में मदद करती है। यह आईडी शिक्षा जगत में छात्र के लिए एक स्थायी डिजिटल पहचान के रूप में कार्य करती है। अपार आईडी के लिए महत्वपूर्ण है कि स्कूलों द्वारा अपार आईडी बनाने के लिए उपयोग किए जाने वाले यूडीआईएसई-प्लस पोर्टल में दर्ज छात्र का नाम, आधार कार्ड में दर्ज नाम से मेल खाना चाहिए। स्कूल एडमीशन, प्रवेश परीक्षा, स्कॉलरशिप और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) प्रोग्राम जैसी सर्विस पाने के लिए स्टूडेंट के पास मौजूदा बायोमेट्रिक्स वाला आधार होना ज़रूरी है। स्टूडेंट्स के लिए सबसे नए बायोमेट्रिक्स वाला अपडेटेड आधार भी ज़रूरी है, क्योंकि एनटीए, यूपीएससी, जेईई, एनईईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए परीक्षा फॉर्म जमा करने और परीक्षा केन्द्रों में आगे एंट्री के लिए मोबाइल नंबर से जुड़ी आधार विवरण आवश्यक होता है। अपडेटेड आधार से स्टूडेंट की अपार आईडी भी आसानी से बन जाती है।

# 92 वे फाउंडर दिवस पर हुआ एवरेस्ट में भव्य कार्यक्रम



कटनी (स्वतंत्रमत)

एवरेस्ट इंडस्ट्रीज लिमिटेड के 92 वे फाउंडर दिवस पर एवरेस्ट इंडस्ट्रीज लिमिटेड कैमोर वर्क्स द्वारा एवरेस्ट क्लब में मुख्य अतिथि राहुल चोपड़ा तथा प्लांट हेड शनि खंडूजा, एचआर हेड दिवाकर द्विवेदी, प्रोडक्शन हेड राजेश कुमार, मेंटेनेंस हेड राज किशोर सहित कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्लांट हेड शनि खंडूजा ने कहा कि एवरेस्ट इंडस्टरीज को 92 वे वर्ष हो गए हैं जो की एक गर्व की बात है इस अवसर पर उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं दी इस अवसर पर मुख्य अतिथि राहुल चोपड़ा ने कंपनी की स्थापना के 92वे वर्ष पूर्ण होने पर उन्होंने बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं कहा की हमारी कंपनी समाज सेवा के अंतर्गत अनेक विकास एवं समाज उपयोगी कार्य कर रही है जिससे हजारों लोग लाभान्वित हो रहे हैं इस अवसर पर एवरेस्ट इंडस्टरीज लिमिटेड के अध्यक्ष तथा मैनेजिंग डायरेक्टर द्वारा वीडियो के माध्यम से उपस्थित जनों को संबोधित किया तथा सभी को अपनी शुभकामनाएं दी गौरतलब है कि एवरेस्ट इंडस्टरीज लिमिटेड विगत कई दशकों से भारत में अपनी औद्योगिक इकाइयों के माध्यम से घरों की छत का निर्माण कर रहा है जिससे न केवल भारत की आधे से ज्यादा आबादी लाभान्वित होती है इसके साथ ही गरीब वर्ग एवं मध्यम परिवार के लोग लाभान्वित होते हैं भारत में करोड़ों लोगों की पहली पसंद एवरेस्ट की सीट होती है शीट न केवल घरों के छत का काम करती है वरन अनेक कार्यों में भी उपयोग होती है अनेक लोगों ने इस अवसर पर बताया कि निश्चित रूप से कम लागत में अच्छा लाभ एवरेस्ट की शीट से मिलता है इस अवसर पर कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर के निर्देश पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जिले के नागरिकों को शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अमानक एमिलावटी खाद्य पदार्थ निर्माताओं और विक्रेताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के कलेक्टर आशीष तिवारी के द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में शनिवार को कटनी नगर के खिरहनी स्थित सोना बेकरी (ब्रेड फैक्ट्री) पर जिला प्रशासन की टीम ने औचक निरीक्षण किया। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट साक्षी शुक्ला की उपस्थिति में खाद्य सुरक्षा अधिकारी बृजेश विश्वकर्मा एवं उनकी टीम ने फैक्ट्री परिसर की जांच की। निरीक्षण के दौरान फैक्ट्री में स्वच्छता का अभाव पाया गया जिसके बाद तत्काल साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्रवाई के दौरान टीम ने गुणवत्ता की जांच हेतु टोस्ट और ब्रेड के चार-चार अलग-अलग सैंपल एकत्र किए गए। साथ ही फैक्ट्री में पृथक रखी हुई 26 कैरेट फंगस लगी ब्रेड (प्रति कैरेट 40 नग) पाई गई। स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक होने के कारण इस पूरे स्टॉक को मौके पर ही जब्त कर तत्काल नष्ट करवा दिया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मिलावटी या अमानक खाद्य सामग्री बेचने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। आम जनमानस के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाली इकाइयों पर भविष्य में भी इसी तरह की कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।



# कैमोर नगर परिषद में लोकार्पण व भूमि पूजन कार्यक्रम सम्पन्न, विधायक ने करोड़ों की सौगात दी

## नेता बहुत आते जाते है किन्तु संजू भैया जैसा कोई नही वह सिर्फ विधायक नही परिवार का हिस्सा है : पलक ग्रोवर

कटनी (स्वतंत्रमत)

विजयराघवगढ़ विधानसभा छेत्र अंतर्गत कैमोर नगर परिषद द्वारा आयोजित लोकार्पण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम गुरुवार को भावविभोर वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में नगर विकास से जुड़े विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान फाउण्डेशन निर्माण कार्यों के साथ मुख्य सड़क चौड़ीकरण सौंदर्यीकरण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण एवं मरम्मत जैसे कार्यों की सौगात दी गई। लोकार्पण कार्य लगभग 15 लाख रुपए तथा भूमिपूजन कार्य लगभग 3 करोड़ रुपए की लागत से किए जाने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती पूजन एवं भगवान हनुमान की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात बजरंग बाल रामायण सेवा समाज कटनी के कलाकारों द्वारा हनुमान चालीसा पाठ एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई जिसने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। मंचासीन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक संजय सत्येंद्र पाठक का स्वागत सभी गणमान्य नागरिकों द्वारा भव्य रूप से किया गया। प्रमुख रूप से मनीष नावेद ने हनुमान जयंती की शुभकामनाएं देते हुए विधायक को विशाल गदा भेंट की। वहीं कैमोर के युवाओं ने मिलकर पुष्पों से बनी विशाल माला पहनाकर उनका आत्मीय सम्मान किया जिससे पूरा माहौल उत्साह और श्रद्धा से भर उठा। नगर परिषद अध्यक्ष पलक नमीत ग्रोवर ने अपने उद्बोधन में कहा कि नगर का विकास उनके द्वारा नहीं बल्कि



उनके मार्गदर्शक विधायक संजय सत्येंद्र पाठक के नेतृत्व में संभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि वे केवल उस विकास श्रृंखला को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही हैं। पलक नमीत ग्रोवर ने भावुक होते हुए कहा कि संजू भैया हम सभी के लिए परिवार के सदस्य जैसे हैं किसी के भाई तो किसी के बेटे। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि विधायक स्वयं को जनसेवक मानते हैं और जनता की सेवा को सर्वोपरि रखते हैं। अपने संबोधन में नगर परिषद अध्यक्ष ने परिषद की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और बताया कि मरीजों की सुविधा के लिए नगर परिषद द्वारा टोल नंबर के साथ एम्बुलेंस सेवा भी संचालित की जा रही है। पलक नमीत ग्रोवर के उद्बोधन से भावविभोर विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने कहा कि कैमोर नगर की तस्वीर अब पूरी तरह बदल चुकी है। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब यहां सूनापन दिखाई देता था किन्तु पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मनीषा अजय शर्मा और वर्तमान अध्यक्ष पलक नमीत ग्रोवर के प्रयासों से नगर आज सुसज्जित और विकसित हो चुका है। उन्होंने एसीसी मैनेजमेंट द्वारा मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया तथा नगर विकास हेतु प्रस्तुत करोड़ों की मांगों को स्वीकृति प्रदान करने की घोषणा की। विधायक ने जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी चुनाव से पूर्व वे स्वयं क्षेत्र का सर्वे करेंगे और जनता की सहमति मिलने पर ही चुनाव लड़ेंगे।

# विद्युत समाधान योजना की अवधि 15 मई तक बढ़ाई गई

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** राज्य सरकार की समाधान योजना 2025-26 के द्वितीय व अंतिम चरण को 15 मई तक बढ़ा दिया गया है। बिजली उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि यह सरचार्ज में छूट का अंतिम अवसर है, इसका लाभ जरूर लें। यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे। अब उन्हें समाधान योजना में सरचार्ज में 50 से लेकर 90 प्रतिशत तक छूट के साथ एकमुश्त अथवा किस्तों में भुगतान करने का विकल्प मिल रहा है। समाधान योजना में तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ताओं को एकमुश्त राशि जमा करने पर 90 प्रतिशत तक सरचार्ज में छूट का लाभ दिया जा रहा है। ऐसे उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि यदि वे तीन माह से अधिक के बकाएदार हैं और योजना में अभी तक शामिल नहीं हो पाए वे अब 15 मई तक योजना में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 90 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं।

# कटनी में नकली बीड़ी का बड़ा भंडाफोड़

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जिले में नकली बीड़ी के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई सामने आई है। वेस्ट बंगाल की बीड़ी निर्माता अंजली ट्रेडिंग कंपनी के लीगल एडवाइजर की मौजूदगी में कोतवाली पुलिस ने शहर के कई थोक व्यापारियों की दुकानों पर छापेमार कार्रवाई की। इस दौरान कंपनी के ब्रांड नाम पर बेची जा रही नकली बीड़ी की बड़ी खेप जब्त की गई। साथ ही इंडोनेशिया की प्रतिबंधित ब्लैक सिगरेट के पैकेट भी बड़ी संख्या में बरामद हुए हैं। पूरे मामले में पुलिस जांच जारी है। जानकारी मे अंजली ट्रेडिंग कंपनी के लीगल एडवाइजर कुनाक कुमार घोष ने बताया कि उनकी कंपनी कैलकुलेटर नाम से बीड़ी का उत्पादन करती



हैएलेकिन कटनी जिले में उनके ब्रांड और मोनोग्राम का गलत इस्तेमाल कर नकली बीड़ी बनाई और बेची जा रही थी। इस मामले में पहले ही जबलपुर और दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा ऐसे कारोबार पर रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। इसके बावजूद कटनी में बड़े पैमाने पर नकली बीड़ी का निर्माण और बिक्री जारी थी। शिकायत मिलने पर वे कटनी पहुंचे और एसपी अभिनव विश्वकर्मा के निर्देश पर कोतवाली पुलिस के साथ मिलकर शहर के कई दुकानों और थोक विक्रेताओं के यहां छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में नकली बीड़ी का स्टॉक बरामद कर जब्त किया गया। इतना ही नहीं, छापेमारी के दौरान कुछ दुकानों से इंडोनेशिया में बिकने वाली प्रतिबंधित ब्लैक सिगरेट के पैकेट भी मिले, जिन्हें भारत में बेचना गैरकानूनी है। फिलहाल पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी हुई है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# मॉम्स क्लब ने आयोजित किया सम्मान समारोह




**कटनी (स्वतंत्रमत)।** मॉम्स क्लब के तत्वाधान द्वारा मॉम्स का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें इस वर्ष सतवीर कौर लांबा एंव सुमन जैन का फूलमाला शॉल एवं श्रीफल द्वारा सम्मान किया गया। साथ सभी मॉम्स सदस्यों का भी सम्मान पुष्प गुच्छ एवं आकर्षित उपहार प्रदान करके किया गया। कार्यक्रम में सोना मोइतरा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में साधना अग्रवाल, सरोज गुप्ता, रजनी अग्रवाल, राज अग्रवाल, कैलाश बाटला, दमयंती बतला, प्रमिला कालस, मृदुला संधी, रमेश गुंजन, शिल्पा गुप्ता, कैलाश आनंद, प्रीति शर्मा, एवं सरोज चड्डा की उपस्थिति रही।

# 14 से 18 वर्ष तक के बच्चों का खतरनाक उद्योगों एवं प्रक्रियाओं में नियोजन प्रतिबंधित

## श्रम स्टार रेटिंग के लिये बाल श्रम अथवा बंधक श्रम नहीं होने की घोषणा आवश्यक

कटनी (स्वतंत्रमत)

जिले में 14 वर्ष से 18 वर्ष तक के बच्चों का खतरनाक उद्योगों एवं प्रक्रियाओं में नियोजन प्रतिबंधित है। श्रम विभाग द्वारा श्रम स्टार रेटिंग के तहत बाल श्रम अथवा बंधक श्रम पाये जाने की स्थिति में ज़ीरो टॉलरेंस की नीति के तहत संबंधित संस्थान को शून्य अंक दिये जाने की व्यवस्था की गई है एवं इस संबंध में सभी श्रम अधिकारियों को निर्देश दिये गये है। साथ ही यह भी निर्देश दिये गये है कि ऐसे संस्थान जिनमें बाल श्रमिक अथवा बंधुआ श्रमिक नियोजित नहीं किये गए है, उनमें यदि अन्य मापदण्डों की पूर्ति थोडी कम भी होए तो उन्हें भी श्रम स्टार रेटिंग प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया जाये। उल्लेखनीय है कि माननीय न्यायालय द्वारा बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के अंतर्गत मामलों में जुर्माना 20 हजार रूपये से 50 हजार रूपये तथा कारावास 6 माह से 2 वर्ष तक



सजा का प्रावधान है। इसी प्रकार माननीय न्यायालय द्वारा बंधक श्रम पद्धति (उत्सादन) अधिनियम, 1976 के अंतर्गत अधिकतम कारावास (3 वर्ष) की सजा या अधिकतम जुर्माना 2 हजार रूपये का प्रावधान है। बंधक श्रमिकों के पुर्नवास हेतु केन्द्र प्रवर्तित योजना 2021 में वयस्क पुरूष बंधक श्रमिक हितग्राहियों को एक लाख रूपये की पुनर्वास सहायता तथा अनाथ बच्चों (संगठित क्षेत्र अथवा बल पूर्वक कार्य) तथा महिला बंधक श्रमिकों को दो लाख रूपये की पुनर्वास सहायता दिये जाने के प्रावधान हैं वहीं शारिरिक शोषण अथवा मानव तस्करी से पीडितों को तीन लाख रूपये पुनर्वास सहायता दिये जाने के प्रावधान है। प्रत्येक जिले में बंधक श्रमिकों के पुनर्वास हेतु कार्पस फंड का गठन किया गया है।

# कटनी का विकास मिशन जारीः महापौर एवं क्षेत्रीय पार्षद की मौजूदगी में बाल गंगाधर तिलक वार्ड को मिली नई सड़क के साथ बेहतर आवागमन की सौगात

## वार्डवासियों की संतुष्टि और आभार में परिलक्षित हुई विकास की सफलता

कटनी (स्वतंत्रमत)

शहर के बाल गंगाधर तिलक वार्ड में शुक्रवार को लगभग 20 लाख से अधिक की लागत से सड़क डामरीकरण विकास कार्य का भव्य भूमिपूजन महापौर प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद वंदना राजकिशोर यादव, एमआईसी सदस्यों की गरिमामय मौजूदगी में संपन्न हुआ। नगर निगम का प्रमुख उद्देश्य इन विकास कार्यों के माध्यम से नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना और क्षेत्र की आधारभूत संरचना को सशक्त बनाना है। बाल गंगाधर तिलक वार्ड की गली नंबर 7 लंबे समय से खराब स्थिति में थी, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। डामरीकरण कार्य के पूरा होने से गली सुरक्षित और सुगम बनेगी। बच्चों, बुजुर्गों और वाहन चालकों के लिए यह सड़क दैनिक जीवन में राहत और सुविधा का कारण बनेगी।

### महापौर का संबोधन- विकास के साथ नागरिकों का संवाद

महापौर ने कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि बाल गंगाधर



तिलक वार्ड की यह सड़क परियोजना नागरिकों की सुविधा और क्षेत्र की समग्र संरचना सुधारने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने विशेष रूप से नागरिकों को आश्वस्त किया कि नगर निगम सभी विकास कार्यों में उनके सुझाव और अनुभवों को ध्यान में रखेगा। विकास केवल ईंट-सीमेंट का नहीं, बल्कि नागरिकों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाने का नाम है। इसके तहत नगर निगम आने वाले समय में हर वार्ड में समान रूप से सड़क, जल निकासी, प्रकाश व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाओं को आधुनिक और सुरक्षित बनाने का प्रयास करेगा। भूमिपूजन उपरांत महापौर ने वार्ड का भ्रमण किया और नागरिकों से सीधे संवाद किया। उन्होंने सड़क, जल निकासी और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं के मुद्दों पर लोगों से विचार विमर्श किया। वार्डवासियों ने अपनी समस्याएँ और सुझाव साझा किए, जिन्हें महापौर ने गंभीरता से सुना और उनका निवारण सुनिश्चित करने का भरोसा दिया।

### पार्षद और नागरिकों की भागीदारी- विकास में सामूहिक समर्थन

क्षेत्रीय पार्षद वंदना राजकिशोर यादव ने कहा कि यह सड़क लंबे समय से प्रतीक्षित थी और इसके पूरा होने से नागरिकों की सुविधा, सुरक्षा और आवागमन में सुधार होगा। वार्डवासियों ने इस विकास कार्य के लिए महापौर, क्षेत्रीय पार्षद वंदना राजकिशोर यादव और नगर निगम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस पहल ने न केवल उनकी दैनिक जीवन की समस्याओं को हल किया है, बल्कि वार्ड में सुधार और सुरक्षा का भरोसा भी दिलाया है। नागरिकों का उत्साह और संतुष्टि इस विकास कार्य की सफलता का प्रतीक रहा। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य डॉ. रमेश सोनी, जयनारायण निषाद, सुभाष साहू, सुरेंद्र गुप्ता, उमेंद्र अहिरवार पूर्व पार्षद राजकिशोर यादव एवं बड़ी संख्या में वार्डवासियों की उपस्थिति रही। महापौर ने वार्ड अंतर्गत चाका स्थित कांच मंदिर में पहुंचकर भव्य दर्शन किए। उन्होंने नगर की समृद्धि, सुरक्षा और नागरिकों के मंगल की कामना की।

# दिल्ली की लगातार दूसरी जीत

## मुंबई को 6 विकेट से हराया, समीर रिजवी ने 90 रन बनाए

नई दिल्ली।

इंडियन प्रीमियर लीग के 8वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने 5 बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को 6 विकेट से हरा दिया। यह दिल्ली की लगातार दूसरी जीत है। शनिवार को अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। मुंबई ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 162 रन बनाए। 163 रन का टारगेट दिल्ली ने 4 विकेट खोकर 18.1 ओवर में हासिल कर लिया। दिल्ली के लिए इम्पैक्ट प्लेयर समीर रिजवी ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 51 बॉल पर 90 रन बनाए। उनकी सीजन में यह लगातार दूसरी फिफ्टी है। उनके अलावा पाथुम निसांका ने 44 और डेविड मिलर ने नाबाद 21 रन का योगदान दिया। मुंबई के लिए दीपक चाहर, कॉर्बिन बॉश और मिचेल सैंटनर को 1-1 विकेट मिला। वहीं, नीतीश राणा को जसप्रीत बुमराह ने रन आउट किया। इससे पहले एमआई के लिए स्टैंड-इन कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अर्धशतक (51 रन) लगाया। उनके अलावा रोहित शर्मा ने 35, नमन धीर ने 28 और मिचेल सैंटनर ने नाबाद 18 रन बनाए। डीसी के लिए मुकेश कुमार ने 2 विकेट लिए। अक्षर पटेल, लुंगी एनगिडी, विपराज निगम और टी नटराजन को 1-1 विकेट मिला।



मुंबई इंडियंस के रेगुलर कप्तान हार्दिक पंड्या आज के मैच में नहीं खेले। टॉस के समय सूर्यकुमार यादव ने बताया कि हार्दिक पूरी तरह फिट नहीं हैं, इसलिए आज वे टीम की कमान संभाल रहे हैं।

### हित-सूर्या ने 10वीं बार फिफ्टी पार्टनरशिप की

रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव की जोड़ी ने मुंबई इंडियंस के लिए 10वीं बार 50+ रन की साझेदारी की है। इसके साथ ही यह जोड़ी टीम के लिए सबसे ज्यादा फिफ्टी पार्टनरशिप करने वाली जोड़ियों की लिस्ट में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। इस मामले में रोहित और ईशान किशन की जोड़ी 18 साझेदारियों के साथ टॉप पर है, जबकि सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा 13 साझेदारियों के साथ दूसरे नंबर पर हैं।

# इंटरनेशनल सीरीज जापान में कोचर संयुक्त चौथे स्थान पर

**चिबा (जापान)।** भारत के करनदीप कोचर को शनिवार को कैलेडोनियन गोल्फ क्लब में 2 मिलियन अमेरिकी डॉलर की इंटरनेशनल सीरीज जापान के तीसरे राउंड के बाद संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर पहुँचने के लिए अपनी पूरी ताकत लगानी पड़ी और कड़ा संघर्ष करना पड़ा। लगातार दो बोगी-मुक्त राउंड खेलने के बाद, इस भारतीय खिलाड़ी के लिए तीसरा राउंड मिला-जुला रहा; जिसमें 5 बोगियों ने उनकी 3 बर्डियों को बेअसर कर दिया, जिससे उनका राउंड स्कोर 2-ओवर 73 रहा।उनका मौजूदा स्कोर 8-अंडर 205 है, जिसका मतलब है कि वह लीडर्स जापान के शुगो इमाहिरा और कोरिया के होंगटेक किम से दो शॉट पीछे हैं; ये दोनों ही इंटरनेशनल सीरीज के इस सीजन-ओपनर में 10-अंडर 203 के स्कोर पर हैं।कोचर के लिए शुरुआत अच्छी रही, दूसरे होल पर उन्होंने एक बर्डी बनाई, लेकिन तीसरे और चौथे होल पर लगातार दो बोगियों ने उन्हें पीछे धकेल दिया।उन्होंने छठे होल पर एक और बर्डी बनाकर वापसी की कोशिश की, लेकिन नौवें और बारहवें होल पर फिर से शॉट गंवा दिए।इसके बाद उन्होंने 14वें होल पर बर्डी बनाई और 17वें होल पर बोगी, और इस तरह दिन का खेल 2-ओवर के स्कोर पर समाप्त किया।इस बीच, कोरिया के होंगटेक किम ने लगातार तीसरे दिन बढ़त बनाए रखी।मैच के अंतिम चरणों में दोनों के बीच ज़ोरदार मुकाबला देखने को मिला, जिसमें जापान के शुगो इमाहिरा भी उनके साथ शीर्ष पर पहुँच गए।किम, जिन्होंने एक शॉट की बढ़त के साथ राउंड की शुरुआत की थी, ने 1-ओवर-पार 72 का स्कोर किया और 10-अंडर पर पहुँच गए; उनके साथ खेल रहे पार्टनर इमाहिरा ने 71 का स्कोर किया।टोक्यो के बाहर कैलेडोनियन गोल्फ क्लब में 71 का स्कोर करने के बाद कोरिया के यूबिन जंग एक शॉट पीछे हैं; जबकि ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस स्मिथ और भारत के करनदीप कोचर उनसे एक और शॉट पीछे चल रहे हैं।



# अर्जुन तेंदुलकर के लिए 'करो या मरो' का मौका



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 युवा तेज गेंदबाज अर्जुन तेंडुलकर के लिए बेहद अहम साबित हो सकता है। दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंडुलकर के बेटे अर्जुन अब तक आइपीएल में कोई खास पहचान नहीं बना पाए हैं, ऐसे में यह सीजन उनके करियर के लिए निर्णायक माना जा रहा है। वह इस बार लखनऊ सुपर जाइन्टस की ओर से खेलते हुए अपनी छाप छोड़ने के इरादे से उतरेंगे। घरेलू क्रिकेट में मुंबई से गोवा शिफ्ट होने के बाद अर्जुन ने अपनी गेंदबाजी में सुधार दिखाया है और कई मौकों पर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। हालांकि, उन्होंने खुद स्वीकार किया है कि वह अब भी अपने कम्फर्ट जोन से पूरी तरह बाहर नहीं निकल पाए हैं। एक पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान अर्जुन ने कहा कि वह फिलहाल अपने खेल को एंजॉय कर रहे हैं और उसी पर ध्यान दे रहे हैं। अर्जुन के करियर में दबाव की बात भी अक्सर उठती रही है, खासकर उनके पिता की विरासत के कारण। इस पर उन्होंने साफ कहा कि वह बाहरी अपेक्षाओं के बजाय अपने खेल पर फोकस करते हैं। उनके मुताबिक, वह क्रिकेट किसी को कुछ साबित करने के लिए नहीं, बल्कि अपने जुनून के चलते खेलते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता मेहनत करना और खेल का आनंद लेना है। अर्जुन से जुड़ा एक पुराना किस्सा भी चर्चा में रहा।

# 12 लाख से 21 करोड़ तक का सफर

### आईपीएल में विराट कोहली सबसे महंगे सितारों में शामिल

नई दिल्ली।

विराट कोहली का नाम आईपीएल के सबसे सफल और भरोसेमंद खिलाड़ियों में शुमार किया जाता है। खास बात यह है कि कोहली उन गिने-चुने खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्होंने 2008 में लीग की शुरुआत से लेकर अब तक अपनी फ्रेंचाइजी रॉयल चेलेंजर बेंगलुरु का साथ नहीं छोड़ा।

उनका यह सफर न केवल प्रदर्शन के लिहाज से, बल्कि कमाई के मामले में भी बेहद शानदार रहा है। साल 2008 में जब कोहली को अंडर-19 टीम से स्काउट कर आरसीबी में शामिल किया गया था, तब उनकी सैलरी महज 12 लाख रुपये थी। शुरुआती तीन सीजन तक वह इसी रकम पर टीम के लिए खेलते रहे। हालांकि, उनकी प्रतिभा और निरंतर प्रदर्शन को देखते हुए फ्रेंचाइजी को जल्द ही यह एहसास हो गया कि वह लंबे समय तक टीम की रीढ़ बन सकते हैं।



यही वजह रही कि 2013 में उन्हें टीम की कमान सौंपी गई और उन्होंने 2021 तक कप्तानी करते हुए आरसीबी को नई पहचान दिलाई। इस दौरान उनकी सैलरी में भी लगातार इजाफा होता गया। अगर उनके पहले सीजन की सैलरी की तुलना मौजूदा कमाई से की जाए, तो यह करीब 175 गुना तक बढ़ चुकी है। आईपीएल 2026 में विराट कोहली की सैलरी 21 करोड़ रुपये है, जो उन्हें लीग के सबसे ज्यादा कमाई करने वाले खिलाड़ियों में शामिल करती है। वह न सिर्फ टीम के प्रमुख बल्लेबाज हैं, बल्कि ब्रांड वैल्यू के लिहाज से भी आरसीबी के सबसे बड़े चेहरे बने हुए हैं।

क्रिकेट के अलावा भी कोहली की पहचान एक बड़े ब्रांड के रूप में स्थापित हो चुकी है। विज्ञापनों, ब्रांड एंडोर्समेंट और बिजनेस निवेश के जरिए उनकी कमाई लगातार बढ़ रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उनकी कुल संपत्ति 1100 करोड़ रुपये से अधिक आंकी जाती है, जो उन्हें दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेटरों में शामिल करती है। विराट कोहली का यह सफर दर्शाता है कि प्रतिभा, मेहनत और निरंतरता के दम पर एक खिलाड़ी किस तरह नई ऊंचाइयों को छू सकता है और खेल के साथ-साथ आर्थिक सफलता भी हासिल कर सकता है।

# सऊदी प्रो लीग में चोट से वापसी पर रोनाल्डो ने किए दो गोल

**रियाद।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने एक महीने की चोट के बाद वापसी करते हुए दो गोल किए, जिससे अल-नासर ने सऊदी प्रो लीग में सबसे नीचे चल रही टीम अल-नजमा को हरा दिया।41 साल के पुर्तगाली फॉरवर्ड ने दूसरे हाफ में दो गोल किए, जिससे इस सीजन में अपने क्लब के लिए उतने ही लीग मैचों में उनके कुल गोलों की संख्या 23 हो गई।रोनाल्डो को फरवरी के आखिर में हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी और पिछले महीने जब पता चला कि चोट शुरू में सोची गई चोट से ज़्यादा गंभीर है, तो वह इलाज के लिए स्पेन चले गए थे।रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर यूनाइटेड के इस पूर्व स्टार ने दो लीग मैच और पुर्तगाल के मेक्सिको और संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ होने वाले अंतरराष्ट्रीय फ्रेंडली मैच नहीं खेले।अल-नजमा ने हैरानी भरी बढ़त बना ली, जबकि वह 27 लीग मैचों में सिर्फ़ एक बार ही जीत पाई थी।



# सूक्ष्म, छोटे-मझोले उद्यमों के लिए कर्ज की कमी

### 2030 तक 55 लाख करोड़ रु. से भी अधिक रहने का अनुमान

**नयी दिल्ली।** देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान करने वाले सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएसमई क्षेत्र की इकाइयां) का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में योगदान 33 प्रतिशत से बढ़ कर 40 प्रतिशत तक पहुंच सकता है लेकिन इस क्षेत्र के लिए संगठित क्षेत्र से मिलने वाला वित्त पोषण इसकी कुल आवश्यकता से 33 प्रतिशत कम रहने का अनुमान है।विश्लेषण फर्म बी2के एनालिटिक्स की ताज़ा रिपोर्ट में कहा गया है कि इस क्षेत्र को 2030 तक 162.92 लाख करोड़ रुपये के वित्त पोषण की जरूरत होगी और इस अवधि में इस क्षेत्र को औपचारिक स्रोतों से कर्ज 78.02 लाख करोड़ रुपये तक उपलब्ध हो सकता है।रिपोर्ट के अनुसार इसमें 56.98 लाख करोड़ रुपये का कर्ज प्राथमिकता क्षेत्र की ऋण सुविधाओं के तहत 18.57 लाख करोड़ रुपये अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से और 2.46 लाख करोड़ रुपये गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) से मिलने का अनुमान है।इसके अतिरिक्त ये इकाइयां 5 कर्ज की व्यवस्था अनौपचारिक स्रोतों से कर सकती है तथा कर्ज की लगभग 30 प्रतिशत व्यवस्था प्रवर्तक अपनी खुद की पूंजी से करेंगी।रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके बावजूद 2030 तक एमएसएमई के लिए कर्ज की कमी 55.18 लाख करोड़ रुपये के विशाल स्तर तक रहने का अनुमान है।बी2के एलालिटिक्स के सीईओ रिताबन बसु के अनुसार, हमारे अनुमान एमएसएमई के योगदान के विस्तार के मजबूत दीर्घकालिक वृद्धि रुझानों को दर्शाते हैं।



इस क्षेत्र के विस्तार के साथ इकाइयों को औपाचारिक स्रोतों से कर्ज सुविधाओं में भी वृद्धि होने की उम्मीद है।इसके पश्चात भी इस क्षेत्र में पहले से चली आ रही ऋण की बड़ी कमी और बढ़ सकती है। श्री बसु ने का कि इसे दूर करने के लिए औपचारिक वित्तपोषण के रास्तों का विस्तार जरूरी है।रिपोर्ट में कहा गया है कि 2030 तक भारत का जीडीपी 537.96 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है।इससे एमएसएमई का योगदान लगभग 215.18 लाख्र करोड़ रुपये हो जाएगा।



### टाटा चैरिटेबल ट्रस्ट विवाद, मेहली मिस्त्री चैरिटी-कमिश्नर पहुंचे

**नई दिल्ली।** रतन टाटा के करीबी सहयोगी रहे मेहली मिस्त्री ने टाटा ग्रुप से जुड़े चैरिटेबल ट्रस्ट के बोर्ड कंपोजिशन को लेकर चैरिटी कमिश्नर का दरवाजा खटखटाया है। मिस्त्री ने बाई हीराबाई जमशेदजी टाटा नवसारी चैरिटेबल इंस्टीट्यूशन के ट्रस्टी के रूप में अपना कार्यकाल रिन्यू न होने के फैसले को चुनौती दी है। उन्होंने अपनी याचिका में दावा किया है कि बोर्ड के कुछ सदस्य ट्रस्ट डीड के नियमों के अनुसार पात्रता नहीं रखते हैं।

# बीते डेढ़ महीने में सोना 41 हजार और चांदी 1.5 लाख रुपए टूटी

### डॉलर की मजबूती और वैश्विक आर्थिक अस्थिरता के कारण हो रही गिरावट

**मुंबई।** भारत में बीते डेढ़ महीने में सोने और चांदी की कीमतों में तेज गिरावट दर्ज की गई है। इंडियन बुलियन ज्वैलर्स लिमिटेड के आंकड़ों के अनुसार 29 जनवरी 2026 को 24 कैरेट सोना 1,75,340 रुपए प्रति 10 ग्राम था, जो 2 अप्रैल 2026 को घटकर 1,34,293 रुपए हो गया। इसी अवधि में चांदी की कीमत भी 3,79,888 से घटकर 2,27,813 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। इस तरह केवल डेढ़ महीने में सोने में 41,047 और चांदी में 1,52,075 रुपए की गिरावट दर्ज की गई। पिछले एक महीने की बात करें तो 2 मार्च 2026 को सोना 1,67,471 और चांदी 2,89,848 रुपए पर थी। तब से अब तक सोने में 33,178 रुपए और चांदी में 62,035 रुपए की कमी आई है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह गिरावट मुख्य रूप से डॉलर की मजबूती और वैश्विक आर्थिक अस्थिरता के कारण हो रही है। युद्ध जैसी वैश्विक घटनाओं और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने निवेशकों को सुरक्षित निवेश के लिए डॉलर की ओर आकर्षित किया है, जिससे कीमती धातुओं की मांग घट रही है। विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि सोने और चांदी में निवेश जोखिम से मुक्त नहीं है ।



# जिंस बाजार में खाद्य तेल दाल-दलहनों में तेजी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली थोक जिंस बाजार में मांग के समर्थन से खाद्य तेलों में अच्छी खासी तेजी दिखी जबकि दाल का बाजार भी हल्का तेज दिखा।सामान्य चावल के औसत भावों में गिरावट दिखी जबकि गेहूं में स्थिरता दिखी।

चीनी और गुड़ का बाजार भी तेज दिखा।सामान्य किस्म के चावल के औसत भाव करीब 42-43 रुपये प्रति क्विंटल नरम चल रहे थे जबकि गेहूं का बाजार करीब करीब पिछले स्तर पर स्थिर था।इसके विपरीत आटा 30 रुपये चढ़ा हुआ था।स्थानीय खाद्य तेलों में तेजी के बीच मूंगफली तेल में 245 रूपये और पाम तेल में 226 रुपये प्रति क्विंटल तक का उछाल दर्ज किया गया।सरसों , वनस्पति , सोया और सूरजमुखी तेल के भाव भी 115 से 150 रुपये के दायरे में चढ़े हुए थे। मलेशिया के बुरसा डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाप आयल का भाव 47 रिंगिट मजबूत हो कर 4838 रिंगिट प्रतिटन पर चल रहा था।



### इम्पीरियम समूह ने शुरू की द्वारका एक्सप्रेस-वे से लगी रियल एस्टेट परियोजना

**गुरुग्राम।** हरियाणा पर केंद्रित इम्पीरियम समूह ने द्वारका एक्सप्रेस-वे पर अपनी एक सीमित क्षेत्र की लक्जरी परियोजना घोषित की है जिसमें अनुमानित 170 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होने की संभावना है। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में बताया कि सेक्टर 88ए में आवासीय परियोजना, इम्पीरियम टाइटन करीब 1.03 एकड़ भूमि पर फैली है जिसमें 74 पूरी तरह से वातानुकूलित तीन बीएचके अपार्टमेंट के प्रावधान हैं जो 1,906 वर्ग फुट क्षेत्र के रखे गये हैं।कंपनी ने कहा है कि इस परियोजना से अनुमानित 170 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होने की संभावना है।कंपनी के संस्थापक निदेशक रवि सौंध ने कहा कि इस परियोजना के निर्माण में मीवान निर्माण तकनीक का उपयोग किया जा रहा है ताकि बेहतर संरचनात्मक गुणवत्ता मिलती है और समय-सीमा का पालन करने में आसानी हो।

### इनॉक्सएपी ने होसुर में शुरू किया शुद्ध तरल आक्सीजन विनिर्माण संयंत्र

**नयी दिल्ली।** औद्योगिक, इलेक्ट्रॉनिक और मेडिकल गैस निर्माता इनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (इनॉक्सएपी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने तमिलनाडु के होसुर में नया अति शुद्धतापूर्ण (यूपीएच) तरल ऑक्सीजन बनाने का कारखाना सफलतापूर्वक शुरू कर दिया है।कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि यह उपलब्धि देश के उन्नत विनिर्माण इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है जो विशेषकर सेमीकंडक्टर और सोलर सेल निर्माण जैसे उभरते क्षेत्रों के लिए सहायक है।

विज्ञप्ति के अनुसार इस कारखाने से 6एन ग्रेड यानी 99.9999 प्रतिशत शुद्धता की तरल ऑक्सीजन का उत्पादन हो रहा है।

इसकी क्षमता 17 टन दैनिक (500 घनमीटर प्रति घंटा) है।यह सुविधा सेमीकंडक्टर और सोलर मैन्युफैक्चरिंग उद्योगों की कठोर आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार की गई है।

# भारतीय शेयर बाजार में तीन दिन रहा बड़ा उतार-चढ़ाव

### पश्चिम एशिया में अमेरिका-ईरान संघर्ष की वजह से निवेशकों का मनोबल कमजोर रहा

मुंबई।

इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। महावीर जयंती 31 मार्च और गुड फ्राइडे 3 अप्रैल के अवसर पर बाजार बंद रहने के कारण केवल तीन दिन ही कारोबार हुआ। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और पश्चिम एशिया में अमेरिका-ईरान संघर्ष की वजह से निवेशकों का मनोबल कमजोर रहा, जबकि सप्ताह के मध्य में सुधार की उम्मीदों ने बाजार को हरा निशान दिखाने में मदद की। विदेशी निवेशकों की निकासी और घरेलू शेयर बाजार की कमजोर शुरुआत ने सप्ताह की शुरुआत में गिरावट का माहौल बनाया, लेकिन ब्लू-चिप शेयरों में खरीदारी और वैश्विक बाजारों में तेजी से बाजार ने रिकवरी दिखाई। सोमवार को सेंसेक्स और निफ्टी में शुरुआती कारोबार में ही बड़ी गिरावट दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स 1,191.24 अंक गिरकर 72,391.98 पर आ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 349.45 अंक गिरकर 22,470.15 के स्तर पर था। दिन के अंत में गिरावट और तेज़ हुई और सेंसेक्स 1,635.67 अंक गिरकर 71,947.55 पर, निफ्टी 488.20 अंक गिरकर 22,331.40 पर बंद हुआ। विदेशी निधियों की निकासी ने इस कमजोरी को और बढ़ाया। बुधवार को बाजार ने मजबूत शुरुआत की। वैश्विक बाजारों में तेजी और अमेरिका-ईरान संघर्ष के जल्द समाधान की उम्मीद से निवेशकों का भरोसा बढ़ा। सेंसेक्स ने शुरुआती कारोबार में 1,899.53 अंक की तेजी दिखाई और 73,847.08 पर पहुंचा, जबकि निफ्टी 572.55 अंक बढ़कर 22,903.95 पर रहा। दिन के अंत में सेंसेक्स 1,186.77 अंक बढ़कर 73,134.32 पर, और निफ्टी 348.00 अंक बढ़कर 22,679.40 पर बंद हुआ। गुरुवार को शुरुआती बिकवाली के बाद दिन के सत्र में बाजार ने रिकवरी दिखाई। सेंसेक्स अपने निचले स्तर से लगभग 950 अंकों की रिकवरी कर पाया और निफ्टी 22,450 का स्तर पार करने में सफल रहा। दोपहर 1 बजकर 43 मिनट पर सेंसेक्स 72,661.06 पर और निफ्टी 22,533.30 पर कारोबार कर रहे थे, जिससे स्पष्ट हुआ कि निवेशक निचले स्तर पर ब्लू-चिप शेयरों में खरीदारी कर रहे हैं।



# प्रदेश में जनजातीय क्षेत्रों में होम-स्टे बने आय का साधन

## होम-स्टे संचालकों ने अब तक कमाए 6.76 करोड़, 346 होम-स्टे ला रहे गांवों में बदलाव

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश की ग्रामीण संस्कृति के इन्द्रधनुषी रंगों को करीब से देखना और ज्यादा आनंददायी और रोमांचक हो गया है। बड़ी संख्या में बन रहे होम-स्टे में आने वाले पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। प्रदेश में हाई-वे और प्राकृतिक स्थानों के आस-पास के तथा जनजातीय क्षेत्रों में अब बड़ी संख्या में होम-स्टे नजर आ जाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्रामीण उदयमिता को बढ़ावा देते हुए ग्रामीण पर्यटन की असीम संभावनाओं का दोहन करने की नीति बनाई है। पिछले दो सालों में इससे ग्रामीण अंचलों में रोजगार के बड़े अवसर निर्मित हुए हैं। होम-स्टे से देशी-विदेशी पर्यटकों को ग्रामीण संस्कृति के दर्शन अब सहजता से सुलभ हो गया है। प्रदेश में 98 चुने गांवों में 346 होम-स्टे ग्रामीणों द्वारा संचालित किए जा रहे हैं, जबकि 642 होम-स्टे निर्माणाधीन हैं, जो जल्दी ही पर्यटकों के आतिथ्य के लिए तैयार हो जायेंगे। अब तक लगभग 34 हजार देशी-विदेशी पर्यटकों ने होम-स्टे कर ग्रामीण जीवन का प्रत्यक्ष अनुभव लिया। सुखद आवास सुविधा, परम्परागत व्यंजनों का स्वाद, स्थानीय लोक-कला, नृत्य-संगीत, हस्त-कला, हस्त-शिल्प से होम-स्टे संचालक परिवारों को 6.76 करोड़ की आय प्राप्त हुई। उन्हें आय का एक गरिमापूर्ण साधन मिल गया।




पर्यटकों को खुशियां देने के साथ उनके परिवारों में भी खुशियां आ गईं।

### ग्रामीण पर्यटन कार्यक्रम एक बहुआयामी योजना

पर्यटन विभाग अंतर्गत मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा संचालित ग्रामीण पर्यटन कार्यक्रम एक बहुआयामी योजना है। इसका उददेश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बदलाव लाना, गांवों में ही रोजगार के अवसरों का निर्माण करना और ग्रामीण संस्कृति बचाये रखना है। प्रदेश के सांस्कृतिक क्षेत्रों बुन्देलखण्ड, बघेलखण्ड, निमाड़, मालवा, महाकौशल एवं चम्बल की ग्रामीण सांस्कृतिक विरासतों का दर्शन करा रही है। होम-स्टे गांवों में रची-बसी संस्कृति, ग्रामीण आवास विन्यास, परम्परागत व्यंजन, नृत्य संगीत, लोक-कला, हस्त-शिल्प से पर्यटकों को सुखद अनुभव प्रदान करते हैं। पर्यटन स्थलों से लगे ग्रामों के साथ ही प्राकृतिक, नैसर्गिक सुन्दरता से परिपूर्ण एवं जनजातीय सांस्कृतिक पहचान वाले गावों का चयन कर उन्हें गामीण पर्यटन से जोड़ा गया है। होम-स्टे शहरी पर्यटकों को कम बजट में गांव के शांत और सुरम्य वातावरण में सुखद स्मृतियों से सराबोर करने का काम कर रहे हैं। मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा होम-स्टे एवं पर्यटन ग्रामों के समेकित विकास एवं विस्तार की दिशा में समय-समय पर हॉस्पिटैलिटी, साफ-सफाई एवं कौशल विकास के तकनीकी प्रशिक्षणों के माध्यम से ग्रामीणों के कौशल उन्नयन में सहयोग दिया जा रहा है। होम-स्टे के प्रचार-प्रसार में डिजिटल एवं आईटी, सोशल मीडिया के उपयोग की दिशा में भी समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाकर क्षमतावर्धन एवं सामुदायिक संगठन में नेतृत्व विकास का कार्य किया गया है। इसका परिणाम है कि पर्यटन ग्रामों के होम-स्टे को ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों से बुकिंग मिल रही है।

### सीहोर का ग्राम खारी बना मॉडल पर्यटन ग्राम

भोपाल से लगे सीहोर जिले का ग्राम खारी ने मॉडल पर्यटन ग्राम के रूप में अपनी पहचान बनाई है। यहां लगभग 209 राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय सरकारी एवं गैर-सरकारी प्रतिनिधियों द्वारा समुदाय आधारित ग्रामीण अर्थव्यव्या में पर्यटन ग्रामों के योगदान का अध्ययन किया गया है। बैतूल जिले के घोड़ा डोंगरी तहसील के बाचा गांव में गणेश उइके एक-डेढ़ साल से ताप्ती विहार होम-स्टे चला रहे हैं। उन्हें 2 लाख रूपये का शुद्ध मुनाफा हुआ है। होम-स्टे चलाने का उन्हें अच्छा अनुभव हो गया है। देखते ही देखते बाचा गांव में 8 होम-स्टे खुल गये हैं। सभी में स्थानीय पर्यटकों के अलावा विदेशी पर्यटक भी आने लगे हैं।

# मध्यप्रदेश में कश्मीर जैसा नजारा, ओलों से ढकी सड़कें



भोपाल (स्वतंत्र मत)

मध्य प्रदेश में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया है। बैतूल और ग्वालियर में शनिवार शाम तेज ओलावृष्टि हुई, जबकि प्रदेश के 45 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी है। सिवनी और रीवा में आकाशीय बिजली गिरने से चार लोगों की मौत हो गई है। आज भी कई जिलों में बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। साइक्लोनिक सर्कुलेशन और टर्फ सिस्टम के एक्टिव होने से मध्य प्रदेश में मौसम अस्थिर बना हुआ है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 24 घंटे में भोपाल-ग्वालियर समेत 45 जिलों में तेज आंधी और बारिश हो सकती है। प्रदेश के बीच से एक टर्फ गुजर रही है, जबकि ऊपरी हिस्से में दूसरी टर्फ सक्रिय है। वहीं पश्चिमी और उत्तरी हिस्सों में दो चक्रवाती सिस्टम भी बने हुए हैं। शनिवार को ग्वालियर में शाम करीब 4 बजे अचानक मौसम बदला और तेज बारिश के साथ ओले गिरे। उधर, बैतूल जिले के मुलताई के डहुआ क्षेत्र में भी करीब 4 बजे से तेज ओलावृष्टि शुरू हो गई। बेर के आकार के ओले गिरने से सड़कें सफेद नजर आने लगीं। प्रदेश के अन्य जिलों में भी मौसम बदला हुआ है। सतना में सुबह तेज हवा के बाद बारिश हुई। नर्मदापुरम और नरसिंहपुर में बूंदाबांदी दर्ज की गई, जबकि सिवनी में रिमझिम बारिश हुई। मुरैना में हल्की बारिश के साथ मौसम ठंडा हुआ। रायसेन जिले में खराब मौसम का असर फसलों पर भी पड़ा है। रामपुर मनियाखेड़ी रोड के आसपास कई खेतों में गेहूं की फसल खराब हो गई।

**कई जिलों में आंधी चलने का अलर्ट**- मौसम विभाग ने जबलपुर, छतरपुर, पन्ना, दमोह और कटनी में ओले और बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं भोपाल, ग्वालियर समेत कई जिलों में तेज आंधी, बारिश और गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की संभावना जताई गई है।

# प्रशासनिक दक्षता को मिलेगा नया आयाम

## मप्र पुलिस अकादमी भौंरी में कार्यालीन प्रक्रिया एवं सेवा प्रावधानों पर दो दिवसीय सेमिनार




भोपाल (स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी, भौंरी भोपाल में दिनांक 1 एवं 2 अप्रैल को कार्यालीन प्रक्रिया, अवकाश, पेंशन, ग्रेजुएटी, खाते रिकॉर्ड, सेवा पुस्तिका एवं विभिन्न प्रकार की सहायता संबंधी प्रावधान विषय पर दो दिवसीय सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। इस सेमिनार का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सेवा संबंधी नियमों एवं कार्यालयीन प्रक्रियाओं की गहन एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक (ग्रामीण), भोपाल संजय तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कार्यालीन प्रक्रियाओं की शुद्धता एवं समयबद्धता को प्रशासनिक कार्यकुशलता का आधार बताते हुए अधिकारियों को नियमों की स्पष्ट समझ विकसित करने पर बल दिया। सेमिनार में प्रदेश की विभिन्न पुलिस इकाइयों से आए प्रतिभागियों के साथ-साथ प्रशिक्षणरत 44वें उप पुलिस अधीक्षक बैच के अधिकारियों ने सक्रिय सहभागिता की। प्रशिक्षण सत्रों के दौरान अवकाश, पेंशन, ग्रेच्युटी, सेवा पुस्तिका संधारण, लेखा अभिलेखों के रख-रखाव एवं अन्य सेवा संबंधी प्रावधानों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, जिससे प्रतिभागियों को अपने दैनिक कार्यों में इन नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायता मिलेगी। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस विभाग की प्रशासनिक दक्षता एवं कार्यकुशलता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा, जिससे विभागीय कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं प्रभावशीलता सुनिश्चित की जा सकेगी।इस अवसर पर मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी के उप निदेशक संजय कुमार अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं स्टाफ मौजूद रहे।

# स्वयंसेवक संघ की दो दिवसीय समन्वय बैठक



**भोपाल।** राजधानी के केरवा रोड स्थित शारदा विहार परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की दो दिवसीय समन्वय बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक शनिवार से शुरू हुई है, जिसमें आरएसएस की प्रांत कार्यकारिणी के पदाधिकारियों सहित अनुषांगिक संगठनों (भाजपा, विहिप, सेवा भारती) के पदाधिकारी शामिल हो रहे हैं। इस बैठक में संघ शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों और कार्यपद्धति पर चर्चा होगी। संघ की समन्वय बैठक में भाजपा की ओर से प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल रविवार को शामिल हो सकते हैं। पिछली बार संघ की समन्वय बैठक में तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा शामिल हुए थे। वर्तमान में भाजपा में कोई प्रदेश संगठन महामंत्री नहीं हैं। प्रदेश संगठन महामंत्री रहे हितानंद शर्मा को दो महीने पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मध्य क्षेत्र सह-बौद्धिक प्रमुख बनाया गया था। फिलहाल मप्र में संगठन में क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल अहम जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। ऐसे में हेमंत खंडेलवाल के साथ अजय जामवाल समन्वय बैठक में शामिल हो सकते हैं। संघ के राजनीतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी के अलावा विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, विद्या भारती, भारतीय शिक्षण मंडल, सेवा भारती, वनवासी कल्याण आश्रम, आरोग्य भारती, भारतीय मजदूर संघ, भारतीय किसान संघ, स्वदेशी जागरण मंच, सहकार भारती, संस्कार भारती, अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद, क्रीड़ा भारती, विज्ञान भारती, राष्ट्र सेविका समिति के पदाधिकारी शामिल हो रहे हैं।

# अब मिलेगा सिर्फ 5 केजी का कनेक्शन

## भोपाल-इंदौर में सबसे ज्यादा किल्लत, पोर्टल हुआ बंद

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मध्य प्रदेश में नए एलपीजी कनेक्शन के लिए पोर्टल बंद है। ग्राहकों को 14 केजी सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं। भोपाल और इंदौर में परेशानी बढ़ गई है। राहत के लिए खाद्य विभाग अब 5 केजी के नए कनेक्शन देगा। अब ऑयल कंपनियां कस्टमर को एसएमए से भेजेंगी, जिसमें बुकिंग कन्फर्म और डिलीवरी की तारीख होगी। एसएमएस में लिखा रहेगा कि वे गैस एजेंसी पर न जाएं। सिलेंडर उनके घर पहुंचा दिया जाएगा। इससे पैनिक स्थिति नहीं रहेगी।

**पोर्टल बंद होने से कई शहरों में दिक्कत**- गैस को लेकर ऑयल कंपनी और अफसरों के साथ शनिवार को एसीएस (फूड एंड सिविल सप्लाय) रश्मि शमी ने मीटिंग की। पोर्टल बंद होने से कई शहरों के कस्टमर परेशान हैं। इंदौर में लोगों की परेशानी बढ़ी है। भोपाल में गैस किल्लत के बीच लोग नए कनेक्शन के लिए आवेदन कर रहे हैं, लेकिन पोर्टल बंद होने से ई-केवायसी और नए कनेक्शन की सभी प्रक्रियाएं सस्पेंड हैं। मीटिंग में कहा गया कि 14केजी वाला कनेक्शन नहीं दे रहे तो 5ग्यद्द का ही कंपनी दे। जब पोर्टल शुरू होगा, तब इसे 14 केजी में कन्वर्ट कर देंगे। आदेश जल्द जारी हो सकते हैं।



**ऑयल कंपनियों के नए नियम से परेशान** - एजेंसी संचालक अफसरों ने बताया कि ऑयल कंपनियां बिना जानकारी के नए नियम लागू कर देती हैं। वर्तमान में इंडेन में डीएसी नंबर जनरेट नहीं हो रहा। इससे सिलेंडर की गाड़ियां डिपो से नहीं निकल पाती। मार्च क्लोजिंग के नाम पर हिसाब-किताब मांगा जा रहा है। भोपाल की चंद्रकांता गैस एजेंसी से पिछले साल का 1100 सिलेंडर का हिसाब मांगा गया। इससे लोड नहीं आ पाया और ग्राहकों की भीड़ लग गई। अपर मुख्य सचिव रश्मि शमी ने डीएसी व्यवस्था और सर्वर ठीक करने की बात कही।

# शासकीय हाईस्कूल बंधा में बच्चों से किया संवाद



**दमोह।** प्रवेशोत्सव एवं श्भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत हटा विकासखंड के एकीकृत शासकीय हाईस्कूल बंधा में जनपद पंचायत सीईओ संजीव गोस्वामी पहुंचे। उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों का निरीक्षण करते हुए छात्र.छात्राओं से संवाद किया। सीईओ श्री गोस्वामी ने विद्यार्थियों को नियमित विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने तथा संतुलित और अच्छा खान-पान अपनाने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मध्याह्न भोजन व्यवस्था का जायजा लिया। इस अवसर पर पंचायत इंस्पेक्टर राजेश पाराशर, सरपंच प्रतिनिधि हल्लू अहिरवार, सचिव परसराम पटेल, विद्यालय प्राचार्य डीके धुर्वे सहित समस्त शिक्षक स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# प्रेम लक्षणा भक्ति से ही भगवान प्राप्त होते हैं : रवि शास्त्री

दमोह (स्वतंत्र मत)

आमचोपरा में श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ हुई कथा के पूर्व भागवत की कलश शोभा यात्रा निकाली गई। मुख्य यजमान उत्तम यादव द्वारा श्रीमद् भागवत पूजन एवं व्यास पूजन किया गया। कथा व्यास रवि शास्त्री ने कथा का वाचन करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत भगवान को प्राप्त करने का एक निश्चित साधन है। भगवान को प्राप्त करने के लिए प्रेम लक्षणा भक्ति की आवश्यकता होती है। भगवान अपने भक्त के वश में होते हैं उन्होंने कहा कि जब तुलसीदास काशी वाराणसी में रहकर रामचरितमानस लिख रहे थे तब उनकी लोकप्रियता और बढ़ते प्रभाव को देखकर कुछ ईर्ष्यालु लोगों ने रामचरितमानस को को चुराने या नष्ट करने की योजना बनाई



उन्होंने दो चोरों को रात के समय तुलसीदास की कुटिया में चोरी करने के लिए भेजा जब चोर तुलसीदास के घर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि कुटिया के बाहर दो अत्यंत सुंदर और तेजस्वी राजकुमार हाथ में धनुष-बाण लिए पहरा दे रहे हैं उनके तेज को देखकर चोर डर गए और वापस लौट गए चोरों ने अगली रात फिर प्रयास किया लेकिन उन्हें फिर से वहीं दो धनुर्धारी पहरेदार वहां मिले ऐसा लगातार कई रातों तक हुआ अंत में चोरों के मन में यह जानने की व्याकुलता हुई कि आखिर ये रक्षक कौन हैं। अगले दिन सुबह वे चोर तुलसीदास जी के पास पहुँचे और उनसे पूछा कि बाबा वे दो सांवले और गोरे रंग के धनुर्धारी युवक कौन हैं जो रात भर आपकी कुटिया के बाहर पहरा देते जब तुलसीदास ने यह सुना तो वे फूट-फूटकर रोने लगे वे समझ गए कि स्वयं भगवान श्रीराम और लक्ष्मण उनके तुच्छ घर की और उनकी रचना की रक्षा के लिए रात भर जागकर पहरा दे रहे थे तुलसीदास जी को बहुत आत्मग्लानि हुई कि उनके कारण उनके प्रभु को इतना कष्ट उठाना पड़ा। इसके बाद उन्होंने अपनी कुटिया का सारा सामान दान कर दिया और केवल प्रभु के चरणों में ध्यान लगाया वहीं उन दोनों चोरों का हृदय परिवर्तन हो गया। उन्होंने चोरी छोड़ दी और प्रभु के भक्त बन गए यह प्रसंग तुलसीदास जी की अनन्य भक्ति और भगवान की अपने भक्त के प्रति वत्सलता का अनुपम उदाहरण माना जाता है इस प्रसंग का वर्णन भक्तमाल और तुलसीदास के जीवन चरित्र में प्रमुखता से मिलता है।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत



**पथरिया।** पथरिया थाना अंतर्गत सागर रोड पर तेज रफ्तार बाइक नाले में जा गिरी। डायल 112 की मदद से घायलों को पथरिया अस्पताल लाया गया। वहीं 112 के पायलेट ने की एक बाइक पर चार लोग सवार थे और सागर रोड मोड पर वाहन अनियंत्रित होने की वजह से यह हादसा हुआ। हादसे के उपरांत मौके पर ही वाहन चालक विपीन अहिरवाल की मौत हो गई जो कि निवासी साइन खेड़ा का बताया जा रहा है। इसके अलावा तीन अन्य बाइक सवार युवती अनीता, प्राची एवं निकिता गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको पथरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद दमोह जिला अस्पताल रेफर किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पथरिया थाना प्रभारी अमित मिश्रा सहित अन्य पुलिस बल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा एवं मृतक एवं घायलों की पतारसी के लिए प्रयास किए गए। बताया जा रहा है कि मृतक विपिन एवं घायल अनीता, प्राची, निकिता पथरिया के ग्राम जगथर में तीनों युवतियां अपने मामा मुलायम अहिरवार के यहां लग्न समारोह में शामिल होने जा रही थी तभी दुर्घटना का शिकार हो गई।

# भविष्य से भेंट कार्यक्रम में प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

**हटा।** पीएम श्री महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला हटा में आज भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हटा विधानसभा क्षेत्र की विधायक उमादेवी लालचंद खटीक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ नगर के प्रख्यात लेखक डॉ. श्यामसुंदर दुबे सहित हटा नगर के अनेक सामाजिक प्रतिष्ठित नागरिक, अभिभावक एवं विद्यालय की पूर्व छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ छात्राओं को उनके उज्वल भविष्य के लिए प्रेरित एवं मार्गदर्शन प्रदान करना रहा। इस अवसर पर अतिथियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने, शिक्षा के महत्व को समझने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की सीख



दी। विधायक श्रीमती खटीक ने अपने उद्बोधन में कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और उन्हें उचित दिशा व प्रोत्साहन मिले तो वे समाज और देश का नाम रोशन कर सकती हैं। वहीं डॉ. दुबे ने शिक्षा को जीवन का सबसे सशक्त माध्यम बताते हुए छात्राओं को निरंतर अध्ययन और सकारात्मक सोच अपनाने का संदेश दिया।

# महुआ बीनने गए युवक पर भालू का हमला

**हटा।** रजपुरा थाना क्षेत्र के सिलापरी गांव में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां महुआ बीनने खेत गए युवक पर अचानक भालू ने हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को पहले सिविल अस्पताल हटा और बाद में बेहतर इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार सिलापरी निवासी रामचरण पिता मनोहर आदिवासी 32 वर्ष रोज की तरह सुबह खेत की ओर महुआ बीनने गया था। खेत के पास जंगल क्षेत्र होने के कारण वहां जंगली जानवरों की आवाजाही बनी रहती है। इसी दौरान अचानक सामने भालू आ गया। भालू को देखकर युवक घबराकर जान बचाने के लिए भागा और पास के पेड़ पर चढ़ने की कोशिश की लेकिन घबराहट में संतुलन बिगड़ने से वह पेड़ पर चढ़



नहीं पाया और नीचे गिर पड़ा। बताया जाता है कि युवक के गिरते ही भालू ने उस पर हमला कर दिया और पंजों व दांतों से गंभीर रूप से घायल कर दिया। युवक की चीख-पुकार सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की आवाज और हलचल देखकर भालू जंगल की ओर भाग गया जिससे युवक की जान बच सकी। घटना के बाद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को तुरंत सिविल अस्पताल हटा पहुंचाया।

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS **SWIKRITI MASIH** AFTER MARRIAGE I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS **SWIKRITI ROYDEN DAS** W/O ROYDEN ANKIT DAS RESIDENT OF UNIT NO. 6, BLOCK B, AADHYA HILLS, RANI - LAXSHMI BAI WARD, JABALPUR (M. P.) 482001.

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS **GULJAR SINGH** I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS **GULJAR SINGH LAKHANPAL** S/O MUKHTYAR SINGH R/O 209, IDIYAL ENCLAVE, HATHITAL, -GUPTESHWAR, JABALPUR (M. P.) 482001.

# हितकारिणी डेंटल कॉलेज की छात्राओं का दबदबा, मैरिट सूची में दर्ज कराया अपना नाम









**बीडीएस चतुर्थ वर्ष सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षा में दिखाया उत्कृष्ट प्रदर्शन**




जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

हितकारिणी दन्त चिकित्सा महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय की बीडीएस चतुर्थ वर्ष सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम दस की मेरिट सूची में अपनी उल्लेखनीय उपस्थिति दर्ज कराई है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने पूरे मध्य प्रदेश में पहला, तीसरा, पांचवा, छठवां, सातवां, आठवां, नौवां एवं दसवां स्थान प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है।

विद्यार्थियों की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हितकारिणी सभा के सचिव बाबू विश्वमोहन, महाविद्यालय शासी निकाय की अध्यक्षा सुनैना पटेरिया, निदेशक डॉ राजेश धीरावाणी एवं अधिष्ठाता डॉ रोहित मिश्रा ने हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यार्थियों की यह उपलब्धि महाविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं उनकी कड़ी मेहनत का प्रमाण है।

**इन छात्राओं ने अर्जित किया स्थान**

*बीडीएस चतुर्थ वर्ष सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान वान्या तिवारी, तीसरा स्थान भावना गौतम, पांचवां स्थान शिवली चौबे, छठवां स्थान अनन्या मिश्रा और दिशा गुलाबवानी, सातवां स्थान उन्नति जायसवाल, आठवां स्थान प्रियांशी शिवहरे, नौवा स्थान मसर्रत परवीन अंसारी और दसवां स्थान सृष्टि साहनी ने अर्जित किया है।*

# बिना सुनवाई ब्लैकलिस्टिंग नहीं, मप्र हाईकोर्ट ने निरस्त किया रीवा कलेक्टर का आदेश

## सहकारी समिति को ब्लैकलिस्ट करने से जुड़े मामले में दिया आदेश



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में स्पष्ट किया है कि किसी भी संस्था को बिना सुनवाई का अवसर दिए ब्लैकलिस्ट नहीं किया जा सकता। दरअसल हाईकोर्ट ने रीवा कलेक्टर द्वारा पारित उस आदेश को निरस्त कर दिया, जिसमें एक सहकारी समिति को सीधे ब्लैकलिस्ट कर दिया गया था। जस्टिस संदीप एन भट्ट की एकलपीठ ने कहा कि प्रशासनिक कार्रवाई में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का पालन अनिवार्य है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि पहले याचिकाकर्ता को शोकॉज नोटिस (कारण बताओ नोटिस) दिया जाए। फिर उसे अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाए। इसके बाद ही कोई भी कार्यवाही की जाए।

### सहकारी समिति से जुड़ा था मामला

यह मामला रघुराजनगर तहसील स्थित सेवा सहकारी समिति से जुड़ा था। समिति के मैनेजर सतीश पाण्डेय ने मप्र हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि धान खरीदी में कथित गड़बड़ी के आरोप में कलेक्टर ने बिना सुनवाई के ही समिति को ब्लैकलिस्ट कर दिया। इससे समिति को आगामी अनाज खरीदी प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता स्वप्निल सोहगौरा ने तर्क दिया कि धान खरीदी से होने वाली आय ही समिति सदस्यों की मुख्य आजीविका है।

अब ब्लैकलिस्टिंग की एकतरफा कार्रवाई के बाद सदस्य क्या कमाएंगे और क्या खाएंगे? बिना सुनवाई का मौका दिए की गई यह कार्रवाई अवैधानिक और मनमानी है।

### कोर्ट ने भी माना कार्यवाही एकतरफा

सुनवाई के बाद दिए फैसले में अदालत ने माना कि 6 नवंबर 2025 के ब्लैकलिस्टिंग के आदेश से पहले याचिकाकर्ता को न तो कोई कारण बताओ नोटिस दिया गया और न ही सुनवाई का अवसर प्रदान किया गया। इसे गंभीर त्रुटि मानते हुए हाईकोर्ट ने रीवा कलेक्टर का आदेश निरस्त कर दिया।

# नाबालिग से की मारपीट

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

अधारताल थाने में 16 वर्षीय धीरज कोरी निवासी अम्बेडकर कालोनी ,अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह कक्षा दसवी में पढ़ाई करता है बीती रात वह अपने घर में था तभी रात 11 बजे शिवम खरे ने उसे फोन कर घर के बाहर बुलाया वह शिवम खरे से मिलने घर के बाहर आया तभी बाइक में अमर खरे, शिवम खरे एवं अंशु आये और उससे शराब पीने के लिये एक हजार रूपये मांगे, रूपये देने से मना करने पर शिवम खरे उसके साथ गाली गलौज करने लगे, अमर खरे तथा अंशु ने मारपीट करने हुए शिवम ने डंडे से हमलाकर उसे घायल कर दिया । जिसके बाद पुलिस में मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू करदी।

# महाराजपुर की ऐतिहासिक बावली का होगा जीर्णोद्धार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

शासन की महत्वाकांक्षी योजना 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत संस्कारधानी के प्राचीन जल स्रोतों के दिन अब बदलने वाले हैं। जिला एवं नगर निगम प्रशासन शहर की ऐतिहासिक बावलियों और तालाबों को उनके पुराने वैभव में लौटाने के लिए युद्ध स्तर पर जुट गया है। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एवं नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने महाराजपुर स्थित ऐतिहासिक बावली सहित शहर के विभिन्न विकास कार्यों का सघन निरीक्षण किया। महाराजपुर की प्राचीन बावली के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने इसे ऐतिहासिक महत्व से जुड़ा बताते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि सफाई कराकर उसे स्वच्छ किया जाएगा जिसमे आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए बावली को उसके पारंपरिक स्वरूप में वापस लौटाया जायेगा । जिससे जल भराव की क्षमता बढ़ाकर



आसपास के क्षेत्रों के भू-जल स्तर को सुधारा होगा । हमारा लक्ष्य केवल सफाई करना नहीं, बल्कि इन जल संरचनाओं को आत्मनिर्भर बनाना है ताकि ये शहर की जलापूर्ति में सहायक सिद्ध हों।

## पोल पर चढ़कर जम्पर लगा रहे आउटसोर्स कर्मी की करंट से मौत

**जबलपुर।** मप्रविमं तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रांतीय महासचिव ने बताया कि मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के जबलपुर ओएंडएम सर्किल के सिहोरा संभाग के अंतर्गत गोसलपुर डीसी में पदस्थ आउटसोर्स कर्मी संतोष यादव को जूनियर अभियंता ने सुबह 3.25 बजे खिन्नी गांव के 33 गुना 11 केवी सबस्टेशन के पास 11 केवी पोल पर जम्पर लगाने का कार्य दिया था। आउटसोर्स कर्मी संतोष यादव पोल पर चढ़कर 11 केवी का जम्पर लगा रहा था। कार्य के दौरान अचानक बिजली आपूर्ति चालू होने से वह करंट की चपेट में आ गया और जमीन पर आ गिरा।

# जिले में प्रथम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुरा को मिला एनक्यूएएस प्रमाण पत्र

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

जिले का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुरा को भारत सरकार स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम द्वारा एनक्यूएएस 94 प्रतिशत अंकों के साथ सर्टिफाइड किया गया है । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुरा जिले की प्रथम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जिसे यह प्रमाण पत्र मिला इस सफलता के लिए सीबीएमओ डॉक्टर सीके अतरौलिया और उनकी पूरी टीम ने



मेहनत की है। बीएमओ डॉ अतरौलिया ने सभी नोडल और सहायक नोडल व पूरी टीम को इस सफलता के लिए क्षेत्र वासियों को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि सर्टिफिकेट प्राप्त करने के लिए लंबी जटिल प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है कई बिंदुओं पर हॉस्पिटल का मूल्यांकन होता है। पहले राज्य स्तरीय टीम के द्वारा स्तर से इसका मूल्यांकन होता है निरीक्षण के बाद पास होने पर भारत सरकार दिल्ली स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम द्वारा तीन दिनों तक 11 विभागों द्वारा मरीजों को दी जाने वाली सुविधाएं एवं रिकॉर्ड स्टाफ इंटरव्यू एवं सभी मरीजों को दी जाने वाली व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण करती है और इन सब में पास होने के बाद ही सर्टिफिकेट मिलता है।

## आईपीएल मैच पर दांव लगाते सट्टेबाज हुआ गिरफ्तार

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** आईपीएल क्रिकेट के दौरान सट्टेबाजी करते हुए एक आरोपी को पकड़ा थाना प्रभारी खमरिया राजकुमार खटीक ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि बीती रात मुखबिर से मिली थी कि सेंट्रल बैंक एटीएम के पास, मेन रोड पिपरिया में एक व्यक्ति संदिग्ध रूप से मोबाइल पर व्यस्त है और आईपीएल मैचों पर अवैध सट्टा खिला रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी की और दबिश दी। एक युवक जो पुलिस को देखते ही मोबाइल छिपाने की कोशिश करने लगा। जब पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर उसके मोबाइल की जांच की, तो सट्टेबाजी का काला चिट्ठा सामने आ गया। आरोपी ऑनलाइन गेमिंग वेबसाइट पर आईडी के जरिए चेन्नई सुपर किंग्स बनाम पंजाब किंग्स के बीच चल रहे मैच पर दांव लगा रहा था। पुलिस ने आरोपी के पास से मोबाइल फोन जब्त किया है। मोबाइल की गैलरी और ऐप्स खंगालने पर पुलिस को सट्टे के लेन-देन से जुड़े डिजिटल ट्रांजैक्शन और आईडी के कई स्क्रीनशॉट मिले हैं, जो अपराध में उसकी संलिप्तता के पुख्ता सबूत हैं। पूछताछ में 34 वर्षीय आरोपी ने अपना नाम प्रवीण बिरहा निवासी द्वारका नगर, झंडा चौक लालमाटी ,घमापुर बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी।

## जनहितार्थ के लिए श्रीगोपाल लाल जी महाराज ट्रस्ट ने बढाए हाथ

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** श्रीगोपाल लालजी महाराज ट्रस्ट द्वारा सामान्य जन के हितार्थ के लिए इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के नाम 2 लाख 51 हजार का चेक कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह को प्रदान किया गया।

## शराबी पति ने की मारपीट

**जबलपुर।** पनागर थाने में 39 वर्षीय प्रभा विश्वकर्मा निवासी ग्राम कुशनेर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका विवाह सर्वेश कुमार विश्वकर्मा निवासी कुशनेर के साथ हिन्दू रीति रिवाज से हुआ था। पति शराब पीने का आदि है आये दिन घरेलू बातों को लेकर उससे वाद विवाद करते हैं। 2 मार्च को पति ने मारपीट करते हुए उसे बुरी तरह घायल कर दिया।

# 10 रुपए के खर्च पर एक एकड़ फसल की कटाई

## कलेक्टर ने देखा इलेक्ट्रिक रीपर मशीन से गेहूं की कटाई का प्रदर्शन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

जिले के ग्राम खजरी खरिया में आज किसानों के समक्ष इलेक्ट्रिक रीपर मशीन से गेहूं की कटाई का प्रदर्शन किया गया। फसलों की कटाई को आसान और किफायती बनाने के लिये डिजाइन की गई इस मशीन के प्रदर्शन के दौरान कलेक्टर राघवेंद्र सिंह भी मौजूद थे। उन्होंने खुद इस मशीन को चलाकर देखा और किसानों से चर्चा की। श्री सिंह ने किसानों को कृषि में आधुनिक तकनीकों कज़ इसका इस्तेमाल करने के आग्रह किया, ताकि लागत कम कर उत्पादन को बढ़ाया जा सके। इलेक्ट्रिक रीपर से गेहूं की फसल कटाई का प्रदर्शन कृषक सचिन पटेल के खेत मे किया गया। नई तकनीक से फसल कटाई के प्रदर्शन के अवसर पर उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम, एसडीएम जबलपुर



अभिषेक सिंह, प्रोफेसर मोनी थॉमस भी उपस्थित थे। प्रदर्शन के दौरान बताया गया कि पूरी तरह बैटरी और मोटर से संचालित इलेक्ट्रिक रीपर मशीन से एक एकड़ में फसल की कटाई का खर्च मात्र 10 रुपये आता है और एक घण्टे में लगभग एक एकड़ में फसल की कटाई कर सकती है। किसानों के लिये किफायती साबित होने वाली यह मशीन चना से लेकर मक्का जैसी छोटी और बड़ी दोनों तरह की फसलों की कटाई करने में सक्षम है।

### कई घंटे कार्य करती है मशीन

इलेक्ट्रिक रीपर मशीन एक इंच से ऊपर से फसल की कटाई कर सकती है और एक बार चार्ज होने पर लगभग 5 से 6 घंटे तक कार्य कर सकती है। इसकी बैटरी लगभग 5 घंटे में पूरी चार्ज हो जाती है। इलेक्ट्रिक रीपर मशीन की बैटरी रिमूवेबल होती है, जिससे इसके उपयोग में आसानी होती है। चार फीट चौड़ाई और बीस दांतों वाली लगभग 180 किलोग्राम वजन की इस मशीन की लागत 2 लाख 20 हजार रुपये है। मशीन में कटर को चालू करने या बंद करने, स्पीड एडजस्ट करने और मशीन को आगे या पीछे करने के लिये बटन और लीवर दिये गये हैं। इसके फलस्वरूप इसका संचालन बेहद आसान होता है।

# दुर्दशा की मार झेल रहा शहर की ऐतहासिक धरोहरों को सहेजने वाला संग्रहालय

## भेड़ाघाट क्षेत्र में बने संग्रहालय में सालों से लगा ताला, बेशकीमती मुर्तियां हुई चोरी




जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

वर्ष 1993 भारतीय संस्कृति की ऐतहासिक धरोहरों को सहजने के लिए भेड़ाघाट स्थित दीनदयाल पार्क में एक विशाल संग्रहालय निर्माण किया गया था। आज वहीं संग्रहालय दुर्दशा का शिकार होते नजर आ रहा है। दरअसल वर्ष 1993 में पनागर के तत्कालीन विधायक और नगर पंचायत भेड़ाघाट के अध्यक्ष अनिल तिवारी के प्रयासों से भेड़ाघाट में दीनदयाल पार्क में एक विशाल संग्रहालय का निर्माण किया गया था। इस संग्रहालय का उद्देश्य भारतीय संस्कृति की धरोहरों को संरक्षित करना, छात्र-छात्राओं को शोध के अवसर प्रदान करना, पर्यटकों की संख्या बढ़ाना, और नगर पंचायत को अतिरिक्त आय के साधन प्रदान करना था। लेकिन आज वहीं संग्रहालय चोरी, दुर्दशा और अनैतिक गतिविधियों का अड्डा बन चुका है।

### ताला तक खा चुका जंग

बताया जा रहा है कि इस संग्रहालय में चौंसठ योगिनी मंदिर, त्रिपुर सुंदरी मंदिर, और आसपास के क्षेत्रों से प्राचीन मूर्तियों को एकत्र किया गया था। इन मूर्तियों को प्रतत्व विभाग के सहयोग से यहां रखा गया था। संग्रहालय की देखरेख की जिम्मेदारी नगर पंचायत भेड़ाघाट को सौंपी गई थी, जिसका संचालन कुछ समय तक किया गया था। लेकिन आज, इस संग्रहालय की दुर्दशा हो गई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक वर्तमान में इस संग्रहालय में ताला लटका हुआ है, जो जंग खा चुका। इसके साथ ही अंदर 20-20 फिट ऊंचे पेड़ उग आए हैं। वहीं इस संग्रहालय की शान कही जाने वाली कई बैशकीमती मूतियां भी चोरी हो गई हैं। लाइट और लाइट के खंभे चोरी हो गए हैं। असामाजिक तत्व यहां दारू पीते हैं और असामाजिक कृत्य करते हैं। यह शासकीय धन का दुरुपयोग है और क्षेत्र के लोगों की आस्था को ठेस पहुंचा रहा है। घरों और गांवों में बिराजित मूर्तियों को जबरन उठवाया गया है, जिससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं।

### पुनर्जीवित करने उठी मांग

क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि जवाबदार जनप्रतिनिधि और अधिकारी इस अनदेखी के लिए जिम्मेदार हैं। उनकी चुप्पी से क्षेत्र के लोग बहुत दुखी और नाराज हैं। यह समय है कि वे अपनी जिम्मेदारी को समझें और इस संग्रहालय को पुनर्जीवित करने के लिए कदम उठाएं। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि इस संग्रहालय का पुनरुद्धार करना न केवल क्षेत्र के लोगों की आस्था को सम्मान देना होगा, बल्कि यह भारतीय संस्कृति की धरोहरों को संरक्षित करने के लिए भी आवश्यक है। हमें उम्मीद है कि जवाबदार जनप्रतिनिधि और अधिकारी इस मामले को गंभीरता से लेंगे और इस संग्रहालय को पुनर्जीवित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे।

## भीड़ से महिला का मंगलसूत्र हुआ चोरी

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हनुमानताल थाने में 65 वर्षीय निर्मला चौरसिया निवासी फूटाताल चौराहा ,बेलबाग ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बहू शिवानी के साथ बड़ी खेरमाई मंदिर दर्शन करने गई थी । मंदिर प्रांगण में काफी भीड़ थी उसके पीछे खडी किसी अज्ञात महिला ने उसके गले से 8 ग्राम का मंगलसूत्र निकालकर चोरी कर लिया। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया ।







हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**